नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



विश्व पशु कल्याण दिवस आज

## संक्षिप्त खबर

### एशियन गेम्स : पारुल और अनु को स्वर्ण

**हांगझोउ ।** पारुल चौधरी ने शानदार दमखम का परिचय देते हुए महिला 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अनु रानी सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिला भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष पर रही जिससे भारत मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धाओं में छह पदक जीतने में सफल रहा।

'खेल' पेज भी देखें

### हेमंत सोरेन आज जा सकते हैं ईडी कार्यालय

**रांची (आवाज प्रतिनिधि)।** खनन घोटाला मामले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने को भेजे गये पांचवें समन को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। क्योंकि ईडी ने 4 अक्टूबर (बुधवार) को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया है। अब देखना है कि सीएम हेमंत ईडी कार्यालय जाते हैं या नहीं। हालांकि उन्होंने समन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है।

### राजौरी में मुठभेड़, सेना के दो जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू) मुकेश सिंह कालाकोट में घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और खुद अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

### जयपुर में महसूस किये गये भूकंप के झटके

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। दोपहर करीब दो बजकर 55 मिनट पर लोगों को भूकंप के झटके महसूस हुए और लोग घबराकर इमारतों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बताया कि जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### केरल के कुछ हिस्सों में भारी बारिश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कई हिस्सों में बीते कुछ दिनों से जारी भारी बारिश के कारण राज्य के कुछ इलाकों में बाढ़ आ गई है, जिससे मंगलवार को वहां के शैक्षणिक संस्थान बंद करने पड़े। जिला प्रशासन ने कोट्टायम, वायकोम और चंगनास्सेरी तालुक में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी घोषित कर दी है। इन जिलों में बाढ़ प्रभावित करीब 246 लोगों ने 17 राहत शिविरों में शरण ले रखी है।

# न्यूज वेबसाइट से जुड़े 30 ठिकानों पर छापेमारी

## चीन कनेक्शन के आरोप में पुलिस ने न्यूज क्लिक के पत्रकारों के लैपटॉप और मोबाइल फोन किये जब्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डिजिटल न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों के यहां रेड पड़ी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल छापेमारी की बड़ी कार्रवाई कर रही है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद सहित 30 जगहों पर छापेमारी चल रही है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की 30 से ज्यादा टीमें मंगलवार तड़के एक साथ अलग-अलग लोकेशंस के लिए निकलीं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज क्लिक के कुछ पत्रकारों के लैपटॉप और मोबाइल फोन को जब्त कर डंप डाटा रिकवर किया है। स्पेशल सेल ने यूएपीए का केस दर्ज कर जांच शुरू की है।



### 30 जगहों पर की गई छापेमारी

ये पूरा मामला विदेशी फंडिंग से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि तीन साल के छोटे अंतराल में करीब 38 करोड़ रुपये का संदिग्ध लेन-देन हुआ है, जिसके बाद पहले दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा, उसके बाद ईडी और अब दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल इस मामले की जांच कर रही है। बड़े लेवल पर इस रेड से पहले दिल्ली पुलिस ने वअढअ के तहत एक मामला दर्ज किया था और एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक साथ 30 जगह पर छापेमारी की।

### अवैध फंडिंग का मामला

**साल 2021 में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सबसे पहले न्यूज क्लिक को मिली अवैध फंडिंग को लेकर मुकदमा दर्ज किया था। ये संदिग्ध फंडिंग चीनी कंपनियों के जरिए न्यूज क्लिक को प्राप्त हुई थी। इसी के बाद ईडी ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की थी। हालांकि, हाई कोर्ट ने उस वक्त न्यूज क्लिक के प्रमोटरों को गिरफ्तारी से राहत दी थी।**

### चीन कनेक्शन का आरोप

इससे पहले ईडी की ओर से आरोप लगाए जा चुके हैं कि न्यूज क्लिक को मिल रही विदेशी फंडिंग ऋभ्फ्ञ यानी फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेग्युलेशन एक्ट का उल्लंघन करती है। साथ ही केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाए थे कि फंडिंग का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों में भी किया जा रहा था। ईडी ने संकेत दिए थे कि चीन में रहने वाले सिंघम ने न्यूज क्लिक को चीन समर्थित जानकारी भारत में चलाने के लिए गैर-कानूनी तरीके से 38 करोड़ रुपये दिए थे।

### दो गिरफ्तार, सीतलवाड़ के घर पहुंची पुलिस



दिल्ली पुलिस के स्पेशल कार्रवाई में अब तक दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया जा चुका है। न्यूज क्लिक पर रेड को लेकर दिल्ली पुलिस की एक टीम मुम्बई पुलिस के साथ लगभग 12 घंटों से तीस्ता सीतलवाड़ के घर मौजूद है। पुलिस की टीम सितलवाड़ के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, मोबाइल, कंप्यूटर आदि की जांच कर रही है।

### सीताराम येचुरी के घर भी पहुंची पुलिस



दिल्ली पुलिस मंगलवार को सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी के आधिकारिक आवास पर पहुंच गई। येचुरी ने दावा किया है कि दिल्ली पुलिस की छापेमारी में सीपीआई-एम का कोई हाथ नहीं है। न्यूजक्लिक केस में दिल्ली पुलिस सीपीआई एम नेता सीताराम येचुरी के घर पहुंची। येचुरी ने बाद में स्पष्ट किया, पुलिस मेरे आवास पर आई क्योंकि मेरा एक साथी जो मेरे साथ वहां रहता है, उसका बेटा न्यूजक्लिक के लिए काम करता है। पुलिस उससे पूछताछ करने आई थी।

# जनता से किया वादा पूरा कर रही सरकार : हेमंत

■ प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री ने 92 इंजीनियर और एलडीसी को दिया नियुक्ति पत्र

आवाज प्रतिनिधि



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन (झारखंड मंत्रालय) सभागार में 93 इंजीनियरों और निम्न वर्गीय लिपिकों (एलडीसी) के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया. इनमें 47 सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर और 46 एलडीसी शामिल थे. इस मौके पर सीएम ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी. कहा कि जल्द ही कई विभागों में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां होंगी. इसकी तैयारी की जा रही है. उन्होंने कहा कि हमने इस सभागार में कई नियुक्तियां दी है. कम समय में बहुत सारी नियुक्तियां सरकार ने की है. बीडीओ-सीओ, डीएसपी, शिक्षकों, कृषि, खेल समेत कई विभागों के पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है. कोरोना और सुखाड़ जैसी चुनौतियों के बीच हमने बेहतर काम किया है. सभी विभागों में नियुक्ति की है. कोई ऐसा महीना नहीं बीतता, जब नियुक्ति पत्र नहीं बंटा होगा. हर महीने किसी न किसी वर्ग के को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है. सरकार राज्य की जनता से किये वादे को पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करने में लगी है।

# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

## नेपाल में था केंद्र, 25 मिनट में 2 बार हिली धरती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बहुत तेज भूकंप के झटके लगे हैं. ये झटके काफी देर तक लगते रहे. पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके लगे हैं. भूकंप का केंद्र नेपाल था. मंगलवार दोपहर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 और 6.2 रही. 2 बजकर 53 मिनट पर ये भूकंप आया. भूकंप के झटके लगते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर आने लगे. उत्तराखंड में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. टीवी 9 से सिस्मोलॉजी विभाग के डायरेक्टर ओ पी मिश्रा ने कहा कि नेपाल में भूकंप का केंद्र वहीं रहा, जहां 2022 में आया था. भूकंप के बाद ऑफ्टरशॉक भी आ सकते हैं. भूकंप आने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया निर्माण भवन से बाहर निकले गए. रुद्रप्रयाग में 2 बजकर 51 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए.

### नेपाल का बझांग था केंद्र, कई मकान ढहे



नई दिल्ली। नेपाल में मंगलवार दोपहर आए तेज भूकंप से बझांग और चैनपुर इलाकों में कई मकानों के ढहने की खबर है, इसके अलावा बझांग क्षेत्र और उसके आसपास के कई रास्ते भी भूस्खलन की वजह से अवरुद्ध हुए हैं. कुछ जगह मवेशियों के मरने की भी खबर आ रही हैं. यहां भूकंप का कंपन इतना तेज था कि दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में इसके झटके महसूस किए गए.

# कोल इंडिया के वेतन समझौते पर सुनवाई टली

■ कल होगी सुनवाई

आवाज प्रतिनिधि

**धनबाद।** कोयला वेतन समझौता 11पर जबलपुर हाई कोर्ट में तीन अक्टूबर को होने वाली सुनवाई टल गई है। बताया जाता है की सीआईएल के 29 अधिकारियों की टीम बढ़े वेतन समझौते के फैसले के विरोध में बीते दिन हाई कोर्ट में याचिका दायर किया था । जिसका फैसला कोल इंडिया के विरुद्ध में आने के बाद सीआईएल के विधि विभाग वेतन समझौता 11 के फैसला के पक्ष में कोर्ट में अपील की थी । लेकिन कोर्ट ने सुनवाई की तारीख को टाल कर अब पांच अक्टूबर कर दिया है ।

इधर हाई कोर्ट में की गई अपील में सुनवाई में देरी होने से एक बार भी कोयला मजदूरों का संकट बरकार है । कोर्ट में सुनवाई की तारीख में देरी होने के बाद,सीआईएल भी अब कोयला मजदूर के वेतन पर्ची छापने की अवधी को बढ़ा देगी ।

कनाडा से राजनयिक विवाद और गहराता जा रहा

# भारत ने ट्रूडो सरकार से 40 राजनयिकों को बुलाने को कहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद गहराता दिख रहा है। दरअसल भारत सरकार ने कनाडा की सरकार से कहा है कि वह अपने 40 से ज्यादा राजनयिकों को वापस बुलाए। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है। कनाडा के भारत में अभी 62 राजनयिक काम कर रहे हैं। भारत ने अब कनाडा से उसके 41 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा है।



भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत में कनाडा के राजनयिक स्टाफ, भारत के कनाडा में मौजूद राजनयिक स्टाफ से बड़ा है और इसमें समानता होनी चाहिए। बता दें कि भारत और कनाडा के आपसी रिश्ते इन दिनों सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। दरअसल बीती जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी।

# राज्य के 152 बीडीओ का तबादला, अधिसूचना जारी

आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने 152 प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है. इनमें 32 झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की सेवा वापस कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग को सौंपी गई है.

इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. इसी प्रकार अनिल कुमार को कसमार, गौतम कुमार को जयनगर, सुमन गुप्ता को कोडरमा सदर, समीर रनियार खलको को सिमडेगा सदर, वीरेंद्र किंडो को कोलेबिरा, नईमुद्दीन अंसारी को बानो, कमलेश कुमार सिंह को जमुआ, गणेश रजक को गिरिडीह सदर, मृत्युंजय कुमार को पदमा हजारीबाग, मनीष कुमार को दारू, जितेंद्र कुमार मंडल को बड़कागांव, संतोष कुमार को इचाक, अखिलेश कुमार को विष्णुगढ़, अमित कुमार को केरेडारी, एकता वर्मा को कटकमदाग, रश्मि खुशबू मिंज को टाटीझरिया, नम्रता जोशी को बुढ़मू का बीडीओ बनाया गया है.

'झारखंड' पेज भी देखें

भौतिकी के नोबेल पुरस्कार की हुई घोषणा

# पियरे एगोस्टिनी, फेरेंस और ऐने को मिला सम्मान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रॉयल स्वीडिश एके-डमी ऑफ साइंसेज की ओर से भौतिकी के नोबेल पुरस्कार का ऐलान हो गया है. भौतिकी का नोबेल पुरस्कार इस बार पियरे अगस्टीनी, फेरेंस क्रौस और एने लुइलिये को सेकेंड के बहुत छोटे हिस्से के दौरान परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन4 का अध्ययन करने के लिए प्रदान किया जाएगा. रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने मंगलवार को स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा की.



पियरे अगस्टीनी फेरेंस क्रौस एने लुइलिये

भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा के बाद अब रसायनविज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए इस पुरस्कार की घोषणा का इंतजार है. इसके बाद बृहस्पतिवार को साहित्य के क्षेत्र के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा की जाएगी. नोबेल शांति पुरस्कार शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा नौ अक्टूबर को की जाएगी. इनोबेल पुरस्कार में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (10 लाख अमेरिकी डॉलर) का नकद इनाम दिया जाता है.



# रांची में अलबर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक को कराया गया जाम से मुक्त

**रांची।** शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को जाम से मुक्त करने के लिए मंगलवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद सड़कों पर उतरे। अलबर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक एसएसपी के नेतृत्व में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों से जुमार्ना वसूला गया। साथ ही उनके साथ सामान भी जब्त किए गए।



एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानदारों की मनमानी नहीं चलेगी। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस का विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। शहर में एक साथ कई इलाकों में अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने सभी थानेदारों को अभियान चलाने का निर्देश दिया है। दुकानदारों से दुकान के आगे सड़क किनारे सामान नहीं रखने और सड़क किनारे पार्किंग नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। साथ ही कहा गया है कि चेतावनी के बाद भी दुकान के आगे सड़क किनारे पार्किंग और सामान रखते हैं, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। एसएसपी ने बताया कि अभियान लगातार चलाया जाया गया। दुकानदारों को चेतावनी दी गयी है कि वह अपने दुकान के अंदर ही समान रखे। कई लोगों से जुमार्ना भी वसूला गया है। अभियान के दौरान सिटी एसपी राजकुमार मेहता के साथ-साथ शहर के थाना प्रभारी और डीएसपी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व रांची एसएसपी ने सड़क पर ठेला लगाकर सामान बेचने वालों से और दुकानदारों से अपील की थी कि वह अपने सामान दुकान के अंदर रखे और शहर के ट्रैफिक को जाम मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें। इसे लेकर पोस्टर भी बांटे गए थे।

# अनियंत्रित ट्रक ने बीच सड़क पर लगे लोहे के बिजली पोल में मारी टक्कर



आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू मोड़ के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने मंगलवार सुबह बीच सड़क पर लगे हुए लोहे के बिजली पोल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का लोहे का पोल बीच से टूटकर दो भाग में बंट गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना घटने से बच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली की सप्लाई कटवाया। इसके बाद पहले दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोका । घटना के समय सड़क पर सबसे ज्यादा स्कूली बसें गुजर रही थीं। घटना की वजह से लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय तक बरियातू रोड जाम रहा। कई स्कूल बसें जाम में फंसी रही। सड़क से बिजली का तार हटाने के बाद यातायात सामान्य हो सका। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी फरार हो गये।

# हाई कोर्ट में रांची हिंसा मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई

आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा की एनआईए जांच को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार से पूछा कि वह कैसे इस केस को एनआईए को ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। क्या इसका कोई साक्ष्य है कि यह घटना शेड्यूल ऑफिंस के तहत आ रही है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उनकी ओर से सिर्फ यह कहा गया कि मामले की जांच नहीं हो रही है।

इससे पहले एनआईए और राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूरे प्रकरण में यह मामला शेड्यूल ऑफेंस के दायरे में नहीं आता है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने मंगलवार को मामले की सुनवाई की।

इस केस के साथ संलग्न एक अन्य जनहित याचिका, जिसमें याचिकाकर्ता अधिवक्ता एके रशीदी ने मामले की न्यायिक जांच करने की मांग की। साथ ही याचिकाकर्ता ने पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने राज्य सरकार, एनआईए एवं याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के बाद मामले की सुनवाई 21 नवंबर निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पक्ष रखा। एनआईए के अधिवक्ता एके दस की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि एनआईए सिर्फ शेड्यूल ऑफेंस होने पर ही अनुसंधान करती है लेकिन इस घटना में अभी तक अनुसंधान में ऐसी बात नहीं आई है।

रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआईए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपितों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है। याचिका में रांची की घटना को प्रायोजित बताते हुए एनआईए से जांच करके यह पता लगाने का आग्रह किया है कि किस संगठन ने फंडिंग कर घटना को अंजाम दिया।

# झारखंड में 152 बीडीओ का स्थानांतरण और पदस्थापन

रांची। ग्रामीण विकास विभाग ने 152 प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है. इनमें 32 झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की सेवा वापस कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग को सौंपी गई है. इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. मोहम्मद जहीर आलम को गोविंदपुर, शैलेंद्र कुमार चौरसिया को टुंडी, फणीश्वर राजवर को तोपचांची, जयप्रकाश नारायण को कालिया सोल, सुषमा आनंद को बाघमारा, कुमुद झा को तोरपा, प्रशांत डांग को रनिया सुलेमान मुंदरी को मुरहू, गणेश महतो को अड़की, स्मिता नगेसिया को कर्रा, ज्योति कुमारी को खूंटी सदर, ईश्वर दयाल कुमार महतो को चंद्रपुरा बोकारो, महादेव कुमार महतो को गोमिया, संतोष कुमार महतो को पेटरवार का बीडीओ बनाया गया है. इसी प्रकार जयपाल महतो को जरीडीह, अनिल कुमार को कसमार, गौतम कुमार को जयनगर, सुमन गुप्ता को कोडरमा सदर, समीर रनियार खलको को सिमडेगा सदर, वीरेंद्र किंडो को कोलेबिरा, नईमुद्दीन अंसारी को बानो, कमलेश कुमार सिंह को जमुआ, गणेश रजक को गिरिडीह सदर, मृत्युंजय कुमार को पदमा हजारीबाग, मनीष कुमार को दारू, जितेंद्र कुमार मंडल को बड़कागांव, संतोष कुमार को इचाक, अखिलेश कुमार को विष्णुगढ़, अमित कुमार को केरेडारी, एकता वर्मा को कटकमदाग, रश्मि खुशबू मिंज को टाटीझरिया, नम्रता जोशी को बुढ़मू, ललित राम को चुरचू, शक्ति कुंज को मनोहरपुर, अमिताभ भगत को चाईबासा सदर ,ललित कुमार भगत को टोंटो, सीमा कुमारी को चक्रधरपुर, सीमा आनंद को झींकपानी, सिद्धार्थ शंकर यादव को महेशपुर का बीडीओ बनाया गया है. श्रीमान मरांडी को लिट्टीपाड़ा, समीर अल्फ्रेड मुर्मू को पाकुड़, साइमन मरांडी को पाकुड़िया, केशव भारती को बहरागोड़ा, सच्चिदानंद महतो को जमशेदपुर, निलेश कुमार मुर्मू को डुमरिया, अभय कुमार द्विवेदी को पोटका, बबली कुमारी को धालभूमगढ़, अनिका शर्मा को घाटशिला, परितोष प्रियदर्शी को मोहम्मदगंज, धीरज कुमार को बूढ़मू, नागेश कुमार को सोनाहातू, विजय कुमार को ओरमांझी, प्रवीण कुमार को नामकुम, संतोष कुमार प्रजापति को तमाड़, संजीत कुमार सिंह को कांके, अशोक कुमार को चान्हो, रेनू बाला को सिल्ली, रेणु कुमारी को बुंडू, दीपाली भगत को नगड़ी के बीडीओ के रूप में पदस्थापित किया गया है. ज्ञानमनी एक्का को चितरपुर, संजय कुमार कोनगाड़ी को मांडू, संजय कुमार शांडिल्य को गोला, सुनील कुमार प्रजापति को दुलमी, पूजा कुमारी को रामगढ़ सदर, कुमार एस अभिनव को निमडीह, प्रधान मांझी को सरायकेला खरसावां, प्रवीण कुमार को गम्हरिया, साधु चरण को कुचाई, अस्मिता सिंह को सरायकेला सदर, कालेश्वर रविदास को चांडिल, मेघनाथ उरांव को मंडोरो, सलखू हेंब्रम को तालझाड़ी, उदय कुमार सिन्हा को राजमहल, नागेश्वर साहू को बोरियो, सनी कुमार दास को बरहरवा, जितेंद्र कुमार पांडे को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान में व्याख्याता, पार्थनंदन को ३१ि ,मेरी मड़की को राज्य ग्रामीण संस्थान, मोहम्मद अजमल हसनैन को मसलिया और एजाज आलम को शिकारीपड़ा का बीडीओ बनाया गया है.

## आज पलामू आएंगे मुख्यमंत्री, डीसी ने तैयारियों को लिया जायजा

**पलामू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को पलामू दौरे पर रहेंगे। उनके साथ प्रदेश के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे मेदिनीनगर सदर प्रखंड के चियांकी के गणके में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज की गई हैं। जिला प्रशासन ने आज मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर समीक्षा बैठक कर तैयारी का जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पिछले महीने सितंबर में ही मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करना था, लेकिन कार्यक्रम रद्द हो गया था। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल पर कई स्तरों पर तैयारी की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य जरूरी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सीएम के दौरे को लेकर तीन डीएसपी, 12 से अधिक इंस्पेक्टर जबकि 100 से अधिक सब इंस्पेक्टर की तैनाती की गई है। डीसी ने समीक्षा बैठक में दिये कई निर्देशउपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पलामू दौरे को लेकर सदर बीडीओ-सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपे। उन्होंने भवन निर्माण के अभियंता को स्टेज की गुणवत्ता व चिंयाकी हेलीपैड पर ध्यान देने का निर्देश दिया। उप नगर आयुक्त को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हेजाज असदक को मिली ब्लैक बेल्ट छठे डान की उपाधि

**खूंटी।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ खूंटी के अध्यक्ष सह स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के वरीय उपाध्यक्ष हेजाज असदक को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कराटे ब्लैक बेल्ट छठे डान की उपाधि प्रदान की गई। हेजाज असदक को यह उपाधि विश्व कराटे महासंघ के टेक्निकल सदस्य हैंसी भरत शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही हेजाज असदक को शिकोकाई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के झारखंड राज्य का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष सेंसेई मानस सिन्हा, सेंसेई कृष्ण कुमार सिंह, शशि पांडेय, रंजीत मेहता, नरेंद्र सिंहा सहित झारखंड के विभिन्न जिला कराटे संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी हैं।

# जेएन कॉलेज के छात्रों ने की तालाबंदी




आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर महाविद्यालय (जेएन कॉलेज) के मुख्य गेट में मंगलवार को छात्रों ने तालाबंदी की। आक्रोशित छात्र कॉलेज के एंथ्रोपॉलजी के एचओडी प्रोफेसर रवि भूषण साहू पर कार्रवाई की मांग को लेकर तालाबंदी की है।

साहू पर आरोप है कि वह कॉलेज के महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लंबे समय से लगातार दुर्व्यवहार और शारीरिक शोषण कर रहे हैं। इस संबंध में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने महिला थाना, राजभवन, रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, वीसी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। लेकिन प्रोफेसर रवि भूषण साहू के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों ने तालाबंदी की। पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशित छात्रों को समझा रही है।

## अवैध खान मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत पर अगली सुनवाई 13 को

आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। इसके बाद अदालत ने पंकज की जमानत पर अगली सुनवाई की तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित की है।

इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं लेकिन अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं।

पंकज मिश्रा को ईडी ने 19 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गई थी।

## लोहरदगा में संकल्प सप्ताह शुरू लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**लोहरदगा।** जिले के आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत चयनित प्रखण्ड किस्को के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को संकल्प सप्ताह की शुरूआत अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने की। किस्को प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनरल ओपीडी में 287 मरीजों की जांच की गई। 75 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 19 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 83 बालिकाओं-महिलाओं की एनीमिया जांच, 17 लोगों का टीकाकरण और 25 लोगों की टीबी जांच की गई। किस्को प्रखंड में 10 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, एक आयुष चिकित्सा केंद्र और एक सामुदायिक स्वास्थ्य में विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसमें कुल 1009 लोगों की जनरल ओपीडी, 517 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 96 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 185 बालिकाओं-महिलाओं की एनीमिया जांच, 47 लोगों का टीकाकरण और 217 लोगों की टीबी जांच की गई।

## डीसी ने की नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित नीति आयोग की जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में विवभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने कें लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश डीसी ने दिया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में उत्तरोत्तर सुधार की आवश्यकता है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम को लेकर उचित प्रयास किए जाएं। इसके अतिरिक्त मोबाइल केयर वाहन के संचालन को लेकर चर्चा की गई। मोबाइल केयर वाहन के संचालन से स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं सुगम रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। डीसी ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें योजनाओं के माध्यम से सीधे रूप से लाभान्वित किया जाए।

# रांची में दुर्गापूजा की तैयारी जोरों पर मूर्तियों को मूर्त रूप देने में जुटे कारीगर

आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** रांची में दुर्गापूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण हो रहा है। रांची के अलबर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से सप्तमी को आरती और डमरू के धुन से मां भगवती की आराधना की जाएगी। यह आराधना बनारस के विद्वान पंडितों की ओर से किया जाएगा।



समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने मंगलवार को बताया कि कई महीनों से चल रहे पंडाल के निर्माण कार्य को कारीगर मूर्त रूप देने में लगे हुए हैं। पंडाल के अंदर प्रवेश करते ही मां के भक्तों को देवलोक की अनुभूति होगी। जबकि पंडाल के अंदर की सज्जा हस्त निर्मित कमल फूल की आकृति से किया जाएगा। जबकि बाहर मुख्य द्वार पर मां के नेत्र की आकृति लगाई जाएगी। सनातन धर्म और हिंदुत्व का बोध भक्तों को कराया जाएगा।

मां की प्रतिमा बंगाल के कारीगरों के जरिये बनाया जाएगा। इसमें मां दुर्गा अपने हाथ में पूरे ब्रह्मांड को संभाली हुई है। सिंह ने कहा कि रांची के श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन के भजन गायक और दिल्ली के नाट्य मंडल की प्रस्तुति होगी। पंचमी के दिन दिल्ली के कलाकारों के जरिये दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति नाटक के माध्यम से होगी। साथ ही भारत माता के थीम पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही षष्ठी के दिन प्रसिद्ध भजन गायक उज्जैन के गजेंद्र प्रताप सिंह अपने गानों से श्रद्धालुओं को झुमाएंगे। दुर्गोत्सव में लगभग 30 लाख रुपए खर्च का अनुमान लगाया गया है।

## आयुक्त ने यूपीएससी परीक्षा को लेकर की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली की ओर से आयोजित की जाने वाली कंबाइंड रिक्वायरमेंट परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान आयुक्त ने कई दिशा-निर्देश दिये। परीक्षा सात अक्टूबर और आठ अक्टूबर को निर्धारित है। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कुल आठ परीक्षा उप केन्द्र बनाएं गए है। परीक्षा में कुल 5324 छात्र शामिल होंगे। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सहायक समन्वय पर्वेक्षक एवं केन्द्राधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डियूटी में तैनात किये गये अधिकारियों को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व से अवगत कराया गया। तैनात पदाधिकारी को परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया । साथी ही सभी को परीक्षा के निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा गया।







## सर्राफा बाजार


| | |
|---|---|
| सोना(बिक्री) | 53900.00 |
| चांदी(किलो) | 71000.00 |




# शहर में जलजमाव की स्थिति के लिए नगर निगम के अलावा शहरवासी भी जिम्मेदार

- **अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम मेहरबान**

**हजारीबाग(आवाज)।** पिछले कई दिनों से जिले भारी बारिश हो रही है। इस कारण लगभग पूरा शहर जलमग्न हो गया। सड़कें तालाब में तब्दील हो गयी। वहीं, शहर के कई हिस्सों में दुकानों के अंदर बारिश का पानी प्रवेश कर गया। इसके बाद कहा जाता रहा है कि निगम की सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं होने से शहर की स्थिति नारकीय स्थिति हुई। वहीं, देखा जाये, तो इस जलजमाव को आमंत्रण देने में शहरवासियों का भी हाथ कम नहीं है। क्योंकि आज लोग एक-एक इंच जमीन पर कब्जा करने के लिए नाले पर ही मकान, दुकान और दीवार का निर्माण कर दे रहे हैं। नतीजा, यहां



### नगर निगम का इंजीनियरिंग सेल भी जिम्मेवार

शहर की सड़कों पर जलजमाव होने में नगर निगम के इंजीनियरों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। ये अपने कमीशन के लिए नाला पर भी हो रहे अवैध निर्माण को नहीं रोकते हैं। इसके अलावा बिना निकासी का बना नाला भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निगम के इंजीनियरिंग सेल द्वारा ऐसे दर्जनों ना लों का निर्माण किया गया है, जिसमें कहीं से निकासी ही नहीं है। नतीजा जब बारिश होती है, तो पानी नाला में तो जाता है। लेकिन आउटलेट नहीं होने से पानी वापस सड़क पर ही आ जाता है।

जलजमाव जैसी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव का बड़ा कारण अतिक्रमणकारियों पर निगम अधिकारियों की मेहरबानी भी है। नतीजा शहर के बड़े-बड़े नाले आज छोटी-छोटी नालियों में तब्दील होते जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इसकी शिकायत निगम के पास नहीं होती है। लेकिन निगम की नक्शा शाखा के अभियंता ऐसे लोगों से मिलकर अपनी जेबें भरने के चक्कर में अवैध निर्माण से आंखें मूंद लेते है। नतीजा नालों की जमीन पर भी धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो जाता है। फिर जब जोरदार बारिश होती है, तो पानी नाला से निकलकर सड़कों पर ही फैल जाता है।

### गेंदे की खेती है मुनाफे का सौदा...

# चौथा पंचायत की अंजनी लागत से 3 गुना कर रही कमाई

- **खेत में लगाए हैं 8000 से अधिक पौधे**
- **45 से 50 रुपए किलो की दर से बिकते हैं फूल**



**हजारीबाग(आवाज)।** हजारीबाग कृषि प्रधान जिला है लेकिन पारंपरिक कृषि में कम मुनाफा होने के कारण अब लोग आधुनिक कृषि की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण हजारीबाग के सदर प्रखंड के चौथा पंचायत के खंभा टांड़ में दिख रहा है। जहां किसान अंजनी तिर्की ने गांव में अपनी खाली पड़ी जमीन पर गेंदा फूल की खेती कर रही है। अंजनी तिर्की ने बताया कि उनके घर में शुरू से ही कृषि का माहौल रहा है। वहीं शादी के बाद ससुराल में भी खेती किसानी के माहौल में ही रह रही है। लेकिन अधिकांश लोग पारंपरिक कृषि जैसे धान, मक्का और गेंहू की ही खेती करते थे। इसमें उतना मुनाफा नही था। इस कारण मैंने पारंपरिक कृषि छोड़कर गेंदे के फूल की खेती शुरू की है। उन्होंने आगे बताया कि वह अफ्रीकन वैरायटी के गेंदे के फूल की खेती कर रही हैं। पूरे खेत में लगभग 8000 पौधे लगे हैं। जिसको लगाने में बीज व मजदूरी सहित 10000 का खर्च आया है। अभी तक 10000 रुपये से अधिक के फूल तोड़ चुकी है। अभी खेत में महज 3 तुड़ाई हुई है। एक पौधा में लगभग 10 तुड़ाई होती है। अनुमान यह कि अभी लगभग 30000 से अधिक रुपए के गेंदा फूल टूटेंगे। इस कृषि के लिए मैंने जेएसएलपीएस के समूह से 10000 रुपए का लोन लिया था। इस खेती में परिवार के अन्य लोगो का भी खूब सहयोग रहता है। अंजनी तिर्की कहती है कि गेंदे के फूल की खेती एक मुनाफे वाली खेती है। इसके पौधे में बीमारी की गुंजाइस कम होती है। जिससे इसके रख रखाव में कोई दिक्कत नही होती। फूलों को बेचने में भी समस्या नहीं होती है। इन्हें तोड़ कर स्थानीय बाजारों में फूल बेचने वाले को 45 से 50 रुपए किलो या फिर 25 से 30 रुपए प्रति माला के दर से बेच देते है।

## संक्षिप्त खबर

### अग्रसेन जयंती के अवसर पर 15 अक्टूबर को निकली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

**हजारीबाग(आवाज)।** मारवाड़ी अग्रवाल समाज के महाराज अग्रसेन की जयंती 15 अक्टूबर को बड़े ही धूमधाम के साथ हजारीबाग की पवन ने धरती पर मनाया जाएगा। इसके पूर्व विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें साइकिल रेस का कार्यक्रम 8 अक्टूबर दिन रविवार को अग्रसेन भवन से प्रातः 5:30 बजे प्रारंभ होगी, रक्तदान का कार्यक्रम 9 अक्टूबर दिन सोमवार को अग्रसेन भवन में आयोजित किया जाएगा। 10 अक्टूबर दिन मंगलवार को गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ होगा बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा, उसी दिन समाज की बुजुर्ग अभिभावकों का सम्मान किया जाएगा, इसके पश्चात मेहंदी लेखन प्रतियोगिता, क्राफ्ट बनाओ प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा इसके उपरांत समाज के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए जाएगी। वही 11 अक्टूबर को प्रॉप गेम, कौन है इंटेलिजेंट एवं डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, 12, 13,14 अक्टूबर को भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वहीं 15 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती के अवसर पर महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना के पश्चात भव्य शोभायात्रा दोपहर 2:00 बजे निकली जाएगी।

# बिजली व्यवस्था चरमराई, 'एमएलए' ने बिजली अधिकारियों की ली 'क्लास'

- **जनता के दर्द से कराया अवगत, त्वरित समाधान करने का दिया निर्देश**

**हजारीबाग(आवाज)।** शहर व गांवों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसी बीच बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, बिजली के लोकल फॉल्ट और क्षेत्र में दर्जनों ट्रांसफार्मर के जलने के बाद सममय नहीं बदले जाने से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। बिजली आपूर्ति ससमय नहीं होने से पेयजलापूर्ति भी प्रभावित हो रहा है। शहरी इलाके से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों



में लोग बिजली की समस्या से त्रस्त हैं और बिजली विभाग उपभोक्ताओं के इस परेशानी को जानकर भी त्वरित समाधान की दिशा में सक्रियता नहीं दिख रहा है। बिजली उपभोक्ताओं की परेशानी को समझते हुए हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने इसे गंभीरता से लिया और मंगलवार को अपने विधायक सेवा कार्यालय परिसर में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता अमित कुमार भगत एवं सहायक अभियंता राघवेंद्र प्रताप सिंह को कार्यालय में बुलाकर क्षेत्र से संबंधित बिजली समस्याओं से अवगत कराया। विधायक मनीष जायसवाल संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने, लोकल फॉल्ट को सुधारने और क्षेत्र के जले हुए ट्रांसफार्मर को बदली कराते हुए चरमराई विद्युत व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### नालियों का कचड़ा सड़कों पर पसरा, सफाई की मांग

**हजारीबाग(आवाज)।** कई दिनों से हो रही बारिश ने शहर की सड़कों, गली मोहल्लों को नरक में तब्दील कर दिया है। बजबजा रही नालियों की गंदगी भारी बारिश के कारण सड़कों व गली मोहल्लों में पसर गई है। लोगों ने सफाई की मांग की है।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**हजारीबाग(आवाज)।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के बैनर तले तरबा-खरबा गांव सहित विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने भी विद्यार्थियों व प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं तथा कर्मियों के इस कार्य में हिस्सा लिया। साथ ही गांव के लोगों को स्वच्छता को लेकर जागरूक भी किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता को लेकर की गई पहल से सकारात्मक बदलाव पूरे देश में महसूस किया जा सकता है। डॉ गोविंद ने कहा कि स्वच्छता से ही सुंदर और स्वस्थ भारत की ओर तेजी से बढ़ा जा सकता है। स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए उन्होंने कहा कि साफ सफाई रखने से ना सिर्फ वातावरण स्वच्छ रहता है बल्कि कई बीमारियों से भी बचाव होता है।

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय: स्नातक नामांकन में गड़बड़ी

# छात्रों ने की प्रशासनिक भवन में तालाबंदी

- **विनोबा भावे प्रशासन ने सात दिनों के अंदर छात्रहित में फैसला करने का लिया निर्णय**



**हजारीबाग(आवाज)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के अंतर्गत सभी कॉलेज में स्नातक में नामांकन प्रक्रिया गलत है जिस से हजारों छात्र सफर कर रहें है जिसका दोषी विश्वविद्यालय है जिससे छात्रों को भविष्य अंधकारमय हो गया है इसके विरोध में छात्र संगठन एनएसयूआई और झारखंड छात्र मोर्चा ने प्रशासनिक भवन में घंटो की ताला बंदी। झारखंड छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष लड्डू यादव एवं एनएसयूआई से पिंटू, धनजय सिंह,अर्जुन जायसवाल ने नेतृत्व किया। छात्रों का आवाज बुलंद करने पूर्व छात्र नेता एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव आए एवं ईट से ईट बजा दी। प्रशासन को झुकने पर मजबूर किया। सात दिनों के अंदर विनोबा भावे प्रशासन ने छात्रहित में फैसला करने का निर्णय लिया। छात्रों के समस्या है सीयूइटी पास है पर नामांकन नही, इंटर में अच्छा अंक फिर भी नामांकन नहीं, जिस विषय में हम नामांकन प्रपत्र भर नही सकते उसमे फॉर्म एप्लाई करवाया,विश्वविद्यालय ने छात्रों को केवल दिग्भर्मित किया। ऐसे कई समस्या है जिस से विश्वविद्यालय की गलत नीति से छात्र सफर कर रहे है। आंदोलन के दौरान साजन मेहता, सुनील कुशवाहा, अनिल कुमार, मंजीत, सचिन सक्सेना, चंदन, बबली, प्रीति, सौम्या, गोलू, निशी, बिकेश गोवार, सत्यम, नितेश,स्वेत आदि कई दर्जनों लोग शामिल थे।

### अब रात में क्यों नहीं सुनाई देती 'जागते रहो' की आवाज

# क्या पहले आपके मोहल्ले में भी आते थे चौकीदार!

- **बदले समय में बदल गयी है चौकीदारों की परिभाषा**
- **अब अदालतों की नोटिस का तामिला कराना रह गया है काम**
- **थानेदारों या वरीय अधिकारियों के घरों की करते हैं देखभाल**

**रितेश खंडेलवाल**

**हजारीबाग(आवाज)।** पहले जब पुलिसिया तंत्र आज की तरह विकसित नहीं था। उस समय पुलिस के नाम से लोग भय खाते थे। उस वक्त गांव, टोले, मोहल्ले में पुलिस के सबसे छोटे कर्मी रातभर जागते रहो की आवाज लगाते थे। उनपर भरोसा इतना होता था कि लोग बेखौफ आराम की नींद सो जाते थे। क्या आपने भी



ऐसी आवाजें सुनी हैं? क्या आपके मोहल्ले में अभी भी जागते रहो की आवाज आती है? मुमकिन है कि अधिकतर लोगों का जवाब नहीं में होगा। ऐसा नहीं है कि चौकीदारी ही खत्म कर दी गई। आज भी अधिकांश गांव में चौकीदार मौजूद हैं, लेकिन अब उनके काम बदल गये हैं। चौकीदार अब कहीं ये थाने की शोभा बढ़ाते होते हैं तो कहीं साहब के बंगले की। ये थाने की मुखबिर की भूमिका भी निभाते हैं। यानि मुख्य कार्य से ही विमुख हो गई है चौकीदारी। गांवों की गलियों में जागते रहो की आवाज के साथ लोगों को रात के प्रहर चौकीदारों द्वारा सजग रहने की पहरेदारी अब बीते जमाने की बात दिखाई देने लगी है। गांव के गली-मोहल्लों में गांव के बड़े बुजुर्गो का नाम लेते हुए ये चौकीदार आवाज लगाकर कहते थे कि अरे ओ रामू काका, हरिमोहन दादा, बच्चु भैया जागते रहो। इस आवाज को सुनकर जहां एक तरफ लोग जग जाते थे वहीं दूसरी तरफ चोर एवं अपराधी भी सजग हो जाते थे। गहरी नींद में सोए लोगों को चौकीदारों द्वारा की जा रही पहरेदारी न सिर्फ उनकी हिफाजत के लिए सजग होने को कहता था बल्कि यह नियमित रूप से लोगों को समय की जानकारी भी देता था। चौकीदारों को समाज के हर वर्ग के लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी होती थी। ये समाज की हर गतिविधियों की निगरानी रखते थे। थाना प्रभारियसें को सूचना उपलब्ध कराने का एक बेहतर जरिया हुआ करते थे। थानाध्यक्ष भी चौकीदारों से प्राप्त सूचना का बेहतर इस्तेमाल किया करते थे। किसी भी घटना पर अग्रेतर कार्रवाई से पूर्व वे चौकीदारों से इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त करते थे, जिससे गलतियों के कम होने की आशंका रहती थी, परन्तु वक्त के साथ-साथ चौकीदारों की भूमिका भी बदल गई। अब इनका मूल काम थानेदारों या जिले के वरीय अधिकारियों की तीमारदारी करना या फिर अदालतों द्वारा जारी नोटिस का तामिला कराना भर रह गया है। किसी गांव मोहल्ले में इन्हें रात में घूमते नहीं देखा जान दुलर्भ हो गया है।

### गांव की गलियों में चौकीदारी की प्रथा हो गयी समाप्त

अब ये चौकीदार सरकारी कामों या अधिकारियों की सेवा के लिए सिमट कर रह गये। गांव की गलियों में अब रात की चौकीदारी की प्रथा समाप्त हो गई। प्रतिदिन पहरेदारी की प्रथा की समाप्ति का परिणाम भी सामने आ रहा है। लगातार गांवों और शहरों में चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। समाज के बड़े बुजुर्गो का कहना है कि चौकीदारों द्वारा की जाने वाली रात्रि पहरेदारी से चोरी की घटना कम होती थी। लोग इनकी आवाज सुनकर सजग हो जाया करते थे और अपराधी प्रवृति के लोग भी सहम जाते थे। आज भी इस आवाज की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## बेस्ट एनजीओ फॉर वाटर कन्जरवेशन के लिए सम्मानित हुए संजय सिंह




**हजारीबाग(आवाज)।** ग्लोबल स्कॉलर फाउंडेशन द्वारा ओर्चिल्ड होटल, पुणे, महाराष्ट्र में राष्ट्रपिता राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्म श्री प्रोफेसर रविन्द्र कुमार महाराष्ट्र सामाजिक के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के गिने चुने प्रमुख व्यक्तियों जिन्होंने अलग अलग क्षेत्रों में अतुलनीय कार्य किया है उनको सम्मानित किया गया। इस समारोह में जन जागरण केंद्र के सचिव संजय कुमार सिंह को राष्ट्रपिता राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान गांधी जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए पुणे में आयोजित समारोह में दिया गया। विदित हो कि जन जागरण केंद्र विगत 40 वर्षों से झारखण्ड के कई जिलों में सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते आ रही है। यह सम्मान जन जागरण केंद्र द्वारा जलछाजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया। यह संस्था जल, जंगल, जमीन के बचाव क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य करती है। जैसे खेत की मिट्टी खेत में खेत का पानी खेत में, गांव का पानी सहेजने, जंगल बचाव आदि मुद्दों पर कार्य करती आ रही है। संस्था के कार्यों को देखते हुए बेस्ट एनजीओ फॉर वाटर कन्जरवेशन के रूप में जन जागरण केंद्र को सामाजिक उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपिता राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान से जन जागरण केंद्र परिवार एवं झारखण्ड के लिए उत्सव का अवसर है।

**संक्षिप्त खबर**

### झारखंड प्रजापति महासंघ की इटखोरी प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन



**इटखोरी(आवाज)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत इटखोरी पंचवटी प्लाजा होटल में सोमवार को झारखंड प्रजापति(कुम्हार) महासंघ इटखोरी के प्रखंड समिति का पुनर्गठन का आयोजन किया गया। पुनर्गठन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के श्याम बिहारी प्रजापति, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति, अतिथि जिला संरक्षक इंदु राम, जिला सचिव, समर प्रजापति, पलामू जिला अध्यक्ष कन्हैया प्रजापति एवं इटखोरी प्रखंड से अतिथि हीरामन प्रजापति, कमल प्रजापति दामोदर प्रजापति युगल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में कमेट का पुर्नगठन किया गया जिसमें राजेश प्रजापति अध्यक्ष, सचिव बने महादेव प्रजापति झारखण्ड प्रजापति(कुम्हार) महासंघ इटखोरी प्रखंड समिति की बैठक में अध्यक्ष राजेश प्रजापति, उपाध्यक्ष विजय प्रजापति, सचिव महादेव प्रजापति, उप सचिव आदित्य प्रजापति, कोषाध्यक्ष रामलखन प्रजापति, प्रवक्ता संजय प्रजापति, ब्रजेश प्रजापति, मीडिया प्रभारी महेश कुमार प्रजापति, संयोजक कमल, मित्तन , कुलदीप , रूपेश प्रजापति, संरक्षक हीरामन प्रजापति, युगल, दामोदर , कृष्णा , पोखन , दीपू प्रजापति व कार्यकरिणी सदस्य उमेश, अशोक जितेंद्र एवं ग्राम संगठन के सभी अध्यक्ष सचिव को सर्वसम्मति से बनाए गए हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य का प्रमुख ने किया निरीक्षण



**हंटरगंज(आवाज)।** प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी एवं मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा ओपीडी, मलेरिया कक्ष, कुष्ठ विभाग, यक्ष्मा कक्ष, लेबर रूम, प्रसूति वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, एमटीसी ,108 एवं ममता वाहन सुविधा आदि का निरीक्षण किया। इमरजेंसी मरीज एवं लेबर रूम में ऑक्सीजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी लिया। प्रसूति वार्ड में गंदगी तथा वेड पर चादर नही देख काफी नाराजगी जाहिर की। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डा. केके साहा को साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही।

**नॉन बैंकिंग कंपनी के एजेंट और कर्मियों की बदसलूकी**

# आहत नाबालिग युवती ने जहर खाकर दी जान

- **लोन की बकाया किस्त जमा करने गई लड़की के साथ गाली-गलौज और मारपीट**



**चतरा(आवाज)।** चतरा में एक माइक्रो क्रेडिट नॉन बैंकिंग कंपनी के कर्मियों और एजेंटों की कथित प्रताड़ना और दुर्व्यवहार से आहत होकर एक 17 वर्षीय युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि लोन की बकाया किस्त जमा करने गई लड़की के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। उन्होंने पुलिस से इस मामले के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस अफसरों का कहना है कि जांच के बाद इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हारा नौकाडीह गांव की है। बताया गया कि गांव की महिला शांति देवी ने कैशपोर माइक्रो केडिट नॉन बैंकिंग कंपनी से कर्ज लिया था। इसकी किस्त हर सप्ताह चुकाई जाती थी। बीते शुक्रवार को किस्त जमा करने की तारीख थी, लेकिन किसी वजह से वह रकम जमा नहीं कर पाई। अगले दिन शांति देवी की 17 वर्षीय ननद खुशबू लोन की किस्त जमा करने कंपनी के कार्यालय गई तो वहां कंपनी के एजेंट सुनील पासवान और कर्मियों ने उसे बुरी तरह अपमानित किया। परिजनों और गांव के लोगों का कहना है कि उससे गाली-गलौज और मारपीट भी की गई। इससे वह इस कदर आहत हुई कि उसने घर लौटकर जहर खा लिया। परिजन उसे सदर अस्पताल चतरा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हजारीबाग रेफर कर दिया। हजारीबाग जाने के दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। लड़की की मौत की खबर मिलते ही बैंकिंग कंपनी के आरोपी कर्मी और एजेंट फरार हो गए हैं। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लव कुमार ने कहा है कि युवती की आत्महत्या की वजहों की जांच की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कोयला कामगारों के वेतन पर रोक के विरोध में किया प्रदर्शन






- **वेतन भुगतान होने तक आंदोलन जारी रखने का यूनियन नेताओं का निर्णय**

**टंडवा(आवाज)।** कोयला कामगारों के वेतन पर रोक लगाने के बाद संयुक्त मोर्चा द्वारा घोषित हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कामगारों ने हड़ताल से पूर्व विरोध प्रदर्शन किया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता एटक के मगध सचिव दीपांशु सिंह ने की। मौके पर बीएमएस के नीरज सिंह जेएमएस से जितेंद्र कुमार, इंटक के राहुल सिंह, सीएमयू शंकर तुरी, आरकेएमयू के खुर्शीद, एटक के पंकज सिंह समेत सैकड़ो महिला पुरुष वर्करों ने एक स्वर में कहा कि जबतक वेतन भुगतान नही हो जाता हम अपनी मांगों पर अड़े रहेंगें और हड़ताल को सफल बनाएंगे। आम्रपाली में भी विरोध प्रदर्शन के तहत कोयला कामगारों के वेतन पर रोक लगाने के बाद संयुक्त मोर्चा द्वारा घोषित हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कामगारों ने हड़ताल से पूर्व आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया। आयोजित कार्यक्रम में बिनोद बिहारीं, अब्दुल्ल कादिर, शिव कुमार सिंह, जिया आलम, रमेश कुमार सिंह, संतोष विश्वकर्मा, संजय कुमार, अमित कुमार, रामसागर सिंह एवं सैकड़ो सदस्य ने एक स्वर में कहा कि जबतक वेतन भुगतान नही हो जाता हम अपनी मांगों पर अड़े रहेंगें और हड़ताल को सफल बनाएंगे।

### बीडीओ ने की आवास एवं मनरेगा योजनाओं की समीक्षा

**कान्हाचट्टी(आवाज)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा योजना को सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक की गई। बैठक में बीडीओ श्री महतो ने उपस्थित स्वयं सेकको को निर्देश दिया कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जो चलो चलें करे आवास पूरा,कोई आवास न रहे अधूरा कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड के सभी पंचायतों में जिन लाभुकों को आवास मिला है और वे पूर्ण नहीं कर रहे हैं तो उन्हें अतिशीघ्र आवास पूर्ण करने की जिम्मेवारी स्वयं सेकको को भी है।उन्होंव कहा कि स्वयं सेकक लाभूको के घर घर जाकर उन्हें चाहें जैसे भी हो आवास पूर्ण करने को प्रेरित करें। किसी भी स्थिति में समय सीमा के अंदर आवास को पूर्ण करावें। उन्होंने कहा कि जो लाभुक आवास नहीं बना रहे है और वो आवास का अग्रिम राशि ले चुके है उनका नाम दें वैसे लाभुकों पर एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

# एक बार फिर राजनीतिक तबादले की भेंट चढ़ा टंडवा



**टंडवा(आवाज)।** टंडवा प्रखंड के अंचल अधिकारियों की तबादला पद स्थानांतरण होता रहा है। मालूम हो कि कुछ वर्षो से टंडवा के अंचल कार्यालय में नियमित रूप से पदभार संभालने के लिए, नहीं सौंपा गया है। पिछले कई वर्षों से टंडवा अंचल में जीतने भी अंचल अधिकारी के रूप में टंडवा में पदग्रहण किए, वे सभी अंचल अधिकारी प्रभारी के रूप में, कार्यालय अंचल में विराजमान थे। इन अधिकारियों के कार्यकाल में किसी भी ग्रामीणों को कोई फर्क नहीं पड़ा, ग्रामीण इन अधिकारियों की मार झेलते रहे, जमीनी मामलों में ग्रामीण दर-दर की ठोकरे खाते रहे, क्योंकि इन अधिकारियों ने जितने दिन भी टंडवा अंचल में समय बिताए थे। गरीबी की मार झेलते ग्रामीणों के किसी भी काम के नही थे। पूर्व मे आए प्रभारी अंचल अधिकारियों के तबादले से किसी भी ग्रामीणों को कोई फर्क नहीं पड़ा। लेकिन, इस बार सामाजिक संगठन दुर्गा सोरेन सेना के जिला महासचिव सह केंद्रीय उपाध्यक्ष संतोष नायक बताते हैं कि ग्रामीणों को बहुत फर्क पड़ने वाले हैं क्योंकि जिस प्रकार से मौजूदा, प्रभारी अंचल अधिकारी विजय कुमार दास ने बिना किसी भेद- भाव किए, ईमानदारी पूर्वक, टंडवा अंचल में ग्रामीणों का खयाल करते हए उनकी समस्या को देखते हुए, मजबूरी से भरी लाचार, गरीब ग्रामीणों के बेबस भरी दर्द को समझते हुए, सरकारी नियम कानून के दायरे को देखते हुए, नियमों का पालन करते हुए जो सही काम है, बखूबी जांचों उपरान्त समस्या का निवारण किए है। इनकी कार्य करने की शैली बाकी आए हुए प्रभारी अंचल अधिकारियों से भिन्न है। संतोष नायक का कहना है की मैं,जब से यह खबर सुना हूं कि, अंचल अधिकारी प्रभारी सीओ विजय कुमार दास का तबादला हो गया है। तब से मेरे दिमाग में सिर्फ यही आ रहा है कि टंडवा अंचल के ग्रामीणों का दुर्भाग्य ही है, जो ऐसे पदाधिकारी को खो रहे हैं। इनके जाने से ग्रामीणों के दिलों में, यह अब डर सताने लगा है कि, दोबारा से भू - माफिया का अड्डा वाला गढ़, टंडवा अंचल ना बन जाए, जैसे कहा गया है कि, चोर के आगे ताला और बेईमान के आगे केवला किसी काम का नहीं इसी हलात में टंडवा अंचल, अब होने जा रहा है । मुझे आशंका है कि, अंचल प्रभारी सीओ विजय कुमार दास के जाने से, टंडवा अंचल में तनाव उत्पन ना हो जाय।सूत्रों की जानकारी के अनुसार जिस प्रकार से इनका टंडवा अंचल में कार्य शैली रहा है। उसी हिसाब से कई मामले उनके हाथ में अभी भी है, जो उनसे बेहतर मामलों को कोई अन्य अंचल अधिकारी नहीं समझ सकता है। यह भी कहा जा रहा है कि, अंचल प्रभारी विजय कुमार दास किसी भी ग्रामीण के काम को लेकर हमेशा एक्टिव रहते थे। बताया यह भी जा रहा है कि, पूर्व में किए गए जमीनी मामलों की गड़बड़ियों को सही तरीके से जांचों उपरांत शुद्धिकरण का बड़ी तेजी से काम चल रहा था। इनके कार्य शैली को देखते हुए कई, राजनीतिक दल के पार्टी एवं कई ,भू माफियाओं का नींद हराम हो चुकी थी। आने वाले समय में टंडवा अंचल से भू माफिया, दलालो का पूरी तरह से पत्ता साफ होने वाला था। लेकिन दुर्भाग्य वश , राजनीतिक तबादले का ग्रहण टंडवा अंचल में लग चुका है। इनके जाने के बाद कई जमीनी मामलों को दफन कर दिया जाएगा। टंडवा अंचल के ग्रामीणों का दुर्भाग्य है कि ऐसे कार्य शैली दिखाने वाले प्रभारी अंचल अधिकारी विजय कुमार दास का टंडवा के प्रभार से जाना।

# ग्रामीणों ने की शोवादाग के समीप पुल निर्माण की मांग



**चतरा(आवाज)।** हंटरगंज में डुमरी के समीप निरंजना नदी पर बनने वाले पुल निर्माण की मांग को लेकर कोबना और तरवागडा पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण दो गुट में बट गए हैं। ग्रामीणों का एक गुट पुल का निर्माण डुमरी बाजार स्थित बालू यार्ड के समीप से कोबना सुकनी बाजार के सामने करने की मांग कर रहे हैं। जिसकी मांग को लेकर इस गुट के लोग मंत्री से भी मिले थे। इसके बाद दूसरे दिन सोमवार को सैकड़ो की संख्या में दूसरे गुट के लोग पुल का निर्माण डुमरी के शोवादाग बाजार के सामने से करने की मांग को लेकर स्थल पर जूटे। इस गुट में तरवागड़ा और कोबना पंचायत के एक दर्जन से ऊपर गांव के ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे तरवागड़ा पंचायत के मुखिया पति दिलीप दास ने बताया कि पुल का निर्माण डुमरी शोवादाग बाजार के सामने से किया जाना तय है। जबकि इसे अपने स्वार्थ में कुछ लोग डुमरी बालू यार्ड के सामने करने में जुटे हुए हैं। शोवादाग बाजार के सामने से पुल का निर्माण होने से एक दर्जन गांवों के ग्रामीण इससे लाभान्वित होंगे। वहीं इसका लाभ इस मार्ग से कोलेश्वरी के पर्यटकों को भी मिलेगा। मुखिया पति दिलीप दास ने बताया कि इस स्थान पर पुल के निर्माण की मांग को लेकर वर्षों से आंदोलन किया जा रहा था। ग्रामीणों की मांग पर पुल के निर्माण को स्वीकृति मिला है। लेकिन इस पर राजनीतिक किया जा रहा है जो कहीं से उचित नहीं है। ग्रामीणों ने एक स्वर में पुल का निर्माण शोवादाग बाजार के पास से करने की मांग किया।

### लगातर हो रही वर्षा से कई घरों को पहुंचा नुकसान



**कान्हाचट्टी(आवाज)।** तीन चार दिनों से लगातार हो रहे भारी वर्षा से जहां जन जीवन अस्त ब्यस्त है वहीं भारी वर्षा से प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों मिट्टी के घर क्षतिग्रस्त भी हो गए हैं। जिससे कई परिवारों के समक्ष गिरे हुए घरों में रहने की मजबूरी उत्पन्न हो गई है। अंचल क्षेत्र के चारू पंचायत के हेसापरम के शिव कुमार राय के मिट्टी का घर भारी वर्षा की भेंट चढ़ गया। वहीं जमरी बक्सपुरा पंचायत के पंडाखाप गांव के विजय पासवान का भी घर भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं इसी पंचायत के पकरी गांव में भी मिट्टी का एक घर गिर गया है। इस तरह भारी वर्षा से इसके अलावा भी दर्जनों मिट्टी के घर कुछ आंशिक तो कुछ पूर्ण क्षतिग्रस्त हुए हैं। इधर उपायुक्त के निर्देश पर अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने अंचल क्षेत्र के वैसे व्यक्तियों जिनका घर वर्षा से क्षतिग्रस्त हुआ है।

न्यायालय श्री सुरेन्द्र नाथ मिश्रा,
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त
कुटुम्ब II न्यायालय द्वितीय- धनबाद ।
ओरिजनल सूटन0 844/23
राजकुमार पासवान आवेदक/वादी
बनाम्
रीता कुमारी प्रतिवादी / विपक्षी
नोटिश प्रेषितः
रीता कुमारी उर्फ देवी पति राज कुमार पासवान
पिता स्व० ताराचान्द पासवान
साकिम/ग्राम बरलू टोला कोनरा, पो०/ थाना बरलिया जिला हजारीबाग, झारखंड
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक ने आपके विरूद्ध ओरिजनल सूट न0 844/23 दफा 13 (1)(0) हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत इस न्यायालय में दायर किया है जो कि इस न्यायालय में लंबित है। आपको नजारत एवं रजिस्ट्री डाक द्वारा नोटिश निर्गत होने के बावजूद आप अभी तक इस न्यायालय म के समक्ष उपस्थित नहीं हुई है ।
अतः इस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उक्त मुकदमा की अगली तिथि 10/10/23 को दिन के समय 10:30 बजे प्रातः स्वंय उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में उपर्युक्त मुकदमा की कार्यवाही एकपक्षीय की जायेगी । इसे ताकिद समझे ।
आज दिनांक 03/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से निर्गत किया गया ।
ह0/-श्री सुरेन्द्र नाथ मिश्रा
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, अति० कुटुम्ब न्यायालय ।। धनबाद

**कोयला सचिव ने 2023_24 के कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने का दिया निर्देश**

# सीएसआर गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की हिदायत

- **भूमि संबंधी मुद्दों पर की चर्चा, दिया दिशा निर्देश**

**टंडवा(आवाज)।** भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के कोयला सचिव अमृत लाल मीना, कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. बी वीरा रेड्डी ने मगध कोयला खदान और कोयला कन्वेयर कॉरिडोर एनटीपीसी के निरीक्षण के लिए मगध-संघमित्रा क्षेत्र की मगध परियोजना का दौरा किया और मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सबसे पहले मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने कोयला सचिव का स्वागत गुलदस्ता शॉल एवं श्रीफल से किया। उसके बाद मगध परियोजना के संक्षिप्त परिचय के संबंध में एक पावरपॉइंट प्रस्तुति प्रदर्शित की गई, जिसे मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक ने विस्तार से बताया। कोयला सचिव ने वित्त वर्ष 2023-2024 के कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मगध- संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ चर्चा की, भूमि संबंधी मुद्दों पर चर्चा की और सीएसआर गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। कोयला सचिव ने उत्कृष्ट सुरक्षा उपायों और कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए सक्रिय कदमों के लिए प्रबंधन की सराहना की, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और भूमि अधिग्रहण से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की और मगध कोयला खदान का भी निरीक्षण किया। ठेकेदारों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए और पैच से विभिन्न साइडिंग तक कोयले का परिवहन के लिए भी प्रेरित किया। कोल इंडिया से जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर विशेष पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची के कार्यात्मक निदेशको में निदेशक (तकनीकी) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (पीएंडपी) सतेंद्र कुमार गोमास्ता, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा, सीसीएल मुख्यालय रांची के वरिष्ठ अधिकारी और मगध संघमित्रा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके अलावा राज्य प्राधिकरण, यानी लातेहार और चतरा जिले के उपायुक्त, सिमरिया के उप मंडल मजिस्ट्रेट, बरियातु और टंडवा ब्लॉक के सर्कल अधिकारी आदि ने भी इस अवसर पर परियोजना का दौरा कर भूमि विस्थापितों के संबंध में बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की।

### वन बचाओ वन्य प्राणी बचाओ सप्ताह में प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को किया जा रहा है जागरुक



**टंडवा(आवाज)।** वन बचाओ वन्य प्राणी बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के दक्षिणी वन प्रमंडल टंडवा वन प्रक्षेत्र में 'वन बचाओ, वन्यजीव बचाओ-धरती को स्वर्ग बनाओ' जैसे अन्य श्लोगनों के माध्यम से प्रत्येक गांवों व कस्बों में प्रचार वाहन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय रहे है 1 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले वन्य प्राणी सप्ताह में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने रवाना किया। जानकारी देते हुए बताया गया कि वन्य जीवों व जंगल को संरक्षित करने के लिए कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला जा रहा है। जिसमें जंगल की कटाई व आग लगाये जाने से वन्यजीवों का भोजन तथा आश्रय नष्ट हो जाते हैं । जिससे वे कुपित होकर वे आम इंसानों तथा फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर मनुष्य कदापि सुखी नहीं रह सकता है। श्री पन्ना ने आगे बताया कि जागरूकता अभियान में स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मौके पर वनरक्षी राकेश सिंह, सत्यनारायण, सुनील उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

### आरएनएम कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री मनाई गई जयंती



**चतरा(आवाज)।** हंटरगंज स्थित राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं एवं महान स्वतंत्रता सेनानी सह तृतीय प्रधानमंत्री लाला बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह एवं नेतृत्व एनएसएस पीओ डॉक्टर फहीम अहमद ने किया।इस मौके पर दोनो महान विभूतियों की चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।तत्पस्चत प्राचार्य ने महानता के पीछे उनलोगो की स्वतंत्रता संग्राम में कुर्बानियों पर व्यापक प्रकाश डाला और कहा कि अहिंसा परमो धर्म का रास्ता अपना कर अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाई। एनएसएस के स्वयंसेवक प्रिया कुमारी ने महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी की खातिर अंतरराष्ट्रीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय और चतरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आगमन हम सब के लिए गौरव की बात है।उस ने आगे कहा कि गांधी ने सत्य और अहिंसा के रास्ता पर चलते हुए हिंदुस्तान को अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।आज भी उनके ही बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत पर बल दिया।उसने आगे कहा कि असाधारण व्यक्तित्व के धनी लाल बहादुर शास्त्री की कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता है। सारजन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज के परिवेश में गांधी की प्रासंगिकता समाज के लिए बहुत अहम है।अहिंसा और सत्य से ही मानव जीवन में कल्याण संभव है। उनलोगों के उपदेशों पर अपने जीवन में अनुकरण करने पर बल दिया। आगे कहां गया कि आज हमारा समाज इन्हीं दो शब्दों से दूर होता जा रहा है जो बड़ी चिंता का विषय है।इसलिए महान लोगों की जयंती इस बात की तरफ इशारा करती है कि हमें अपने महान पुरुषों की बताए हुए पग पर चलने से ही उन लोगों के आत्माओं को शांति मिलेगी और तभी सच्ची श्रद्धांजलि कही जा सकती है। इस मौके पर कॉलेज के कर्मियों में शशिकांत केसरी अनिल कुमार सिंह उपेंद्र सिंह विक्की सिंह एवं छात्र छात्राओं में सोनू प्रजापति, मनीष कुमार,अभिजीत, सागर,अनुज कुमार, राजा कुमार दुबे, शुभम कुमार, मोहम्मद मोहसिन, पम्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, अभिषेक कुमार के अतिरिक्त दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### जोरी में वन विभाग ने स्कूली बच्चों के साथ निकाली जागरुकता रैली



**चतरा(आवाज)।** हंटरगंज के जोरी स्थित आदर्श मध्य विद्यालय और कस्तूरबा गांधी विद्यालय के बच्चों के साथ हंटरगंज के वन विभाग ने जागरूकता रैली निकाला। इस दौरान जागरूकता रैली पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्राकृतिक सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम किया। जागरूकता रैली आदर्श मध्य विद्यालय से शुरू होकर पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया। रैली में शामिल वन विभाग के कर्मियों ने वन सुरक्षा को लेकर लोगों को विशेष रूप से जागरूक करने का काम किया। रैली में शामिल जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और नालसा योजना की जानकारी देने का काम किया। इस मौके पर वनरक्षी पवन कुमार, कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षक का मंजू कुमारी सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए।

### ग्राममुदय चेतना केन्द में मनी गांधी व शास्त्री जयंती



**चतरा(आवाज)।** ग्राममुदय चेतना केन्द्र,चतरा द्वारा विश्व में सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व जय जवान-जय किसान के प्रणेता, सादगी और सरलता की प्रतिमूर्ति,कर्त्तव्यनिष्ठा और दृढ़ इच्छाशक्ति के धनी,माटी के लाल,पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष वृज किशोर तिवारी जी शामिल हुए उनके आगमन पर केन्द्र के सम्मानित सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया तपश्चात दोनों महापुरुष के तस्वीर पर ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वही श्री तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों का जीवन हमें प्रेरणा देने वाला होता है। मौके पर डाक्टर सबिता बनर्जी, डाक्टर बद्री प्रसाद वर्मा, मनोज कुमार सिन्हा, इंदू सिन्हा, मोनिता देवी समेत सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबर**

## 96 अग्निवीरों ने ली देश सेवा करने की शपथ



**रामगढ़ (आवाज)।** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ कैंट के किलाहरि ड्रिल स्क्वायर में 3 अक्टूबर को कसम परेड का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अग्निवीर द्वितीय बैच के 96 अग्निवीर रिक्रुट्स शामिल होकर उम्दा परेड प्रदर्शित किए। बारिस की रिमझिम फुहारों के बीच परेड में शामिल अग्निवीर रिक्रुट्सों में गजब का उत्साह दिखा। उनके 31 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण पूरा किया। शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिष्ठित पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। बारिश के मौसम में भी नव प्रशिक्षित जवान सैन्य बैंड की धुन पर धीमी मार्च में प्रतिकात्मक अंतिम पग को पार किया। देश सेवा की शपथ में शामिल हुए। पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चन्द्र काण्डपाल ने परेड की समीक्षा की। कमांडेंट ने अग्निवीरों का हौसलाअफजाई करते हुए कठीन प्रशिक्षण में सफल होने की बधाई दिए। सर्वश्रेष्ठ रहे रिक्रुट्स को बेस्ट प्रदर्शन का पदक प्रदान कर सम्मानित किए। हौंसला बढ़ाया। ये सभी नौजवान सैनिक राष्ट्र की सेवा के लिए पंजाब रेजिमेंट की विभिन्न यूनिटों में तैनात किये जायेगे। मौके पर सेंटर के सभी अधिकारियों, जेसीओज एवं जवानों ने भाग लिया।

## महात्मा गांधी और शास्त्री जी को किया गया याद



**रामगढ़ (आवाज)।** जिला पेंशनर कल्याण समाज के जिला कार्यालय, अनुमंडल परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय सदस्य शिवशंकर मोदी ने की। सर्व प्रथम महात्मा गाँधी एवं शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इसदौरान विभिन्न वक्ताओं ने गाँधी जी और शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाले। सभा में मुख्य रूप से सचिव छोटू लाल मोदी, संरक्षक शिवशंकर मोदी, दिलीप साहा, कार्यालय सचिव अशोक गुप्ता, नरेश साहू, रामप्रसाद महतो, शोभा राम, उमा शंकर साहू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। नये सदस्य उमा साहू को गुलाब फूल भेट कर स्वागत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन दिलीप साहा नें की।

## विधायक ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



**पतरातू (आवाज):** प्रखंड के हेसला पंचायत की मुखिया प्रीति झा एवं पूर्व मुखिया वीरेंद्र झा की माता के देहांत की खबर सुनकर बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद उनके आवास पहुंची कजंहा उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की क वहीं विधायक ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि मैं आपके परिवार के साथ हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ी रहूंगी क मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, डॉ के.के शर्मा, उपेंद्र यादव, अनिल कुमार, संजीव सिंह एवं दिनेश दास उपस्थित थे।

### अरगड्डा महा प्रबंधक कार्यालय के समक्ष संयुक्त मोर्चा का धरना

# सितंबर माह में काम किए हुए पैसे का भुगतान करें

- मजदूरों के सम्मान के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा
- श्रमिक संगठन 12, 13 और 14 अक्टूबर को जाएंगे हड़ताल पर





**गिद्दी (आवाज)।** अरगड्डा क्षेत्र में कार्यरत सभी श्रमिक संगठनों की संयुक्त मोर्चा द्वारा अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन किया गया जिसमे उपस्थित सभी श्रमिक संगठनों के नेताओं ने एक सुर में कहा की मजदूरों के सम्मान के साथ समझौता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अक्टूबर माह में सितंबर माह के खटे हुए पैसे का भुगतान एनसीडब्लोइए 11 के अनुसार होना था लेकिन प्रबंधन अभी उसको लटका के रखना चाहती है लेकिन हम श्रमिक संगठन के लोग यह मांग करते है की चाहे परिष्टिति जो हो मजदूरों को उनका सही हक मिलना चाहिए यदि प्रबंधन किसी भी तरह कि कोई दिक्कत करती है तो श्रमिक संगठन आगामी 12,13, 14 अक्टूबर को हड़ताल पर जाएंगे और पूरे कोल इंडिया का चक्का जाम कर देंगे सभी मजदुर संगठनों ने सभी मजदूरों को धन्यवाद दिया की इतने कम समय के नीतीश पर जितनी भारी संख्या में मजदूर पहुंचे है वो धन्यवाद के पात्र है इसी एकता को बनाते हुए आगामी प्रस्तावित हड़ताल को सफल करना है। इस अवसर पर सभा को संबोधित बैजनाथ मिस्त्री, रंजीत पाण्डेय,पुरुषोत्तम पाण्डेय, तिवारी महतो, सी पी संतन,कन्हैया सिंह,गौतम बनर्जी, अरुण सिंह, जन्मेजय सिंह, गुड्डू यादव, दीपक कुमार, प्रशांत बेलथरिया, कमरुद्दीन खान, मुस्तफा खान, जगदीश चंद्र बेदिया ने संबोधित किया और सभा की अध्यक्षता मिथिलेश सिंह और संचालन धनेश्वर तुरी ने किया। फिर अरगड्डा अमला पदाधिकारी ने सभा स्थल पर आकर सयुक्त मोर्चा के मांग पत्र को लिया इस प्रदर्शन में रवींद्र सिंह, सतेंद्रसिंह मनोकामना सिंह, अनवर खान,सुधीर सिंह, अजय सिंह,देवकुमार बेदिया, मनोज पुलकित, कृष्ण सिंह, परशुराम चौधरी,मनोज पल, धर्मेंद्र सिंह,शंभू कुमार, अरूप घूस, साबिर अंसारी,देवनाथ महली, गोपाल भगत, मनोज पुलकित, घनश्याम पाण्डेय परमात्मा कुमार, दुर्गेश सिंह, अवतार सिंह, दिवेश राणा, संजय ओझा, जगदीश पासवान, दसरथ, संजय शर्मा , मुबारक, मोइन अंसारी, के साथ सकड़ो की संख्या में मजदुर साथी उपस्थित थे।

### खखंडा दुर्गापूजा समिति का गठन

# अध्यक्ष ब्रजेश कुमार व सचिव बने उपेन्द्र



**लईयो (आवाज)।** आदर्श ग्राम खखंडा में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक दुर्गा मंड़प के प्रांगण में मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कुन्दा पंचायत के मुखिया आदित्य कुमार एवं संचालन उपेन्द्र चौधरी ने किया। पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कमिटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक कुंदा पंचायत के मुखिया आदित्य कुमार महतो, अध्यक्ष ब्रजेश कुमार महतो, सचिव उपेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, कार्यकारिणी सदस्य में दिलीप कुमार, रामप्रकाश महतो, दिनेश कुमार, धर्मेन्द्र पटेल, अर्जून कुमार, कन्हाई कुमार, मनोज कुमार, जगदेव महतो, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, दिगम्बर महतो, विकास कुमार, कपिल कुमार, मुनेश्वर कुमार, दिलीप चौधरी, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार एवं अन्य लोगों को रखा गया है।

# जयप्रकाश भाई पटेल ने बलसगरा पटरंगी सड़क का किया शिलान्यास



**गिद्दी (आवाज)।** मंगलवार को डाड़ी प्रखंड के बलसगरा ग्राम पंचायत बलसगरा के पटरंगी से कनौदा तोयरा तक अवशेष पथ का सुद्धीकरण कार्य का का शिलान्यास मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने नारियल फोड व शिलापट्ट अनावरण कर किया गया है विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की मांग को हमने पूरा किया है। यह सडक 1 करोड 10 लाख 78 हजार रुपए की लगात से बनेगा मैं तो पटरंगी वासियों को दिल से आभार व्यक्त करता हूँ कि इस बारिश में भी लोगों की उपस्थिति बहुत ही ज्यादा संख्या में दर्ज किया गया है मैं तो पूरे मांडू विधानसभा क्षेत्र के सभी सडकों को बनाने का कार्य कर रहा हूँ मै तो हमेशा लोगों के बीच में रहता हूं। विधायक जेपी पटेल ने जेई मोतीराम मांझी को रबोध पंचायत के ग्राम कोदवे रोयांग से सेनेगडा बुढाबागी तक कालीकरण सडक को भी सुद्धीकरण करने के लिए सडक को देख कर जल्द से जल्द इस्टीमेट तैयार करने को कहा गया था।जिसमें आज ही कोदवे, रोयांग से बुढाबागी तक सडक को जेई मोतीराम मांझी ने सडक देख कर कहा कि यह सडक बहुत ही जल्द बनेगा जेई मोतीराम के साथ में भाजपा मंडल महामंत्री सर्वेश कुमार सिंह और मंडल महामंत्री गुलचंद महतो मुख्य रूप से थे। बलसगरा सडक शिलान्यास कार्यक्रम में मांडू विधायक जेपी पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष वकील महतो,जिला मंत्री सेवालाल महतो,भाजपा नेता राकेश सिंह, राजूरंजन तिवारी, जयकिशोर महतो,गिरजा सिंह,हुवाग मुखिया आरशी अनवर,होन्हेमोढा. पंचायत समिति सदस्य सह महिला मोर्चा अध्यक्षा रीमा कुमारी, भाजपा नेता मंगलदेव महतो,सर्वेश कुमार सिंह, बंसत प्रजापति, गुलचंद महतो, विधायक प्रतिनिधि हसनैन अंसारी, नंदकुमार महतो, नमीता कुमारी, हुकुमनाथ महतो, प्रितलाल महतो, सुदीप चौधरी,नारायण महतो, सुरेश महतो, भोला महतो, बिहारी प्रजापति, बालदेव राम, कृष्णा राम, सुदय कुमार, दीलिप भोक्ता, तुलसी महतो, संतोष कुमार, अशोक केशरी, त्रिभुवन महतो,सीमा देवी, देवन्ती देवी एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जीवितपुत्रिका व्रत 7 अक्टूबर को :राम कुमार पाठक



**भुरकुंडा (आवाज)।** जवाहर नगर निवासी माँ दुर्गा के उपासक पंडित रामकुमार पाठक का कहना है की आश्विन कृष्ण पक्ष उदया तिथि के अष्टमी मे जो भी माताये यह व्रत करती हैं। उसके संतान स्वस्थ एवं दीघार्यु होते है। एव खुशियाली बनी रहती है। यह व्रत माँ दुर्गा का व्रत है जो अनेक नामो से विख्यात है।उन्होंने बताया की 6 तारीख शुक्रवार सप्तमी दिन 9:25 तक हैं उसके बाद अष्टमी तिथि प्रवेश कर रहा हैं। जो 7तारीख शनिवार 10बजकर 21 मिनट तक हैं। पूजा उदया तिथि के अष्टमी के आधार पर 7 तारीख को व्रत करें।और 8 तारीख रविवार को पारण करें। पूजा का शुभ मुहूर्त :-6.30से 10.21के बीच अभिजीत मुहूर्त आर 11.35से 12.35के बीच शाम 5से 6बजे के बीच किया जा सकता है। जीवितपुत्रिका व्रत की कथा के अनुसार जीमुत वाहन के नाम से सत्यवचन बोलने वाले राजा थे ।उनके ससुराल मे गरुड़ पक्षी आकर प्रतिदिन उस गाँव के बच्चों को अपना आहार बना लेते थे। राजा सन्तानो की रक्षा के लिए गरुड़ के पास स्वयं चले गए गरुड़ भूखे थे। वे अपना बांया हाथ दिए जब गरुड़ बांया हाथ खा लिए तब राजा ने दाहिना हाथ बढ़ाया गरुड़ ने राजा की दयालुता को देखकर गरुड़ प्रशन्न हो उठे। और बोले की है राजा वर मांगिये राजा बोले आज तक जो भी बच्चों को आपने खाया है। उन्हें जीवित कर दीजिए और आज से इस गाँव के बच्चों को नहीं खाईयेगा। तब जाकर गरुड़ नागलोक से अमृत लाकर सभी बच्चों को जीवित कर दिए।और राजा को कहा की आज का दिन युगाधी हो गया आज के दिन से सप्तमी उपरांत अष्टमी तिथि को छोड़ कर उदया तिथि के अष्टमी मे जो माताए यह व्रत करती हैं। उनके पुत्र स्वस्थ, दीर्घाऊ एवं उनके घर मे सुख शांति बनी रहती हैं। तब से सभी माताएं अपने संतान के लिए यह पर्व करती है। 6 तारीख शुक्रवार सप्तमी दिन 9:25 तक हैं उसके बाद अष्टमी तिथि प्रवेश कर रहा हैं। जो 7तारीख शनिवार 10बजकर 21 मिनट तक हैं। उदया तिथि के अष्टमी के आधार पर 7 तारीख को व्रत करें।8तारीख रविवार को पारण करें।


## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक



**रामगढ़ (आवाज):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023- 24 के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023- 24 के तहत किए जा रहे हैं कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई इस दौरान सुपरवाइजर व बीएलओ द्वारा किए गए घर-घर जा कर सत्यापन के बारे में भी जानकारी दी गई। जिसमें घर - घर में स्टीकर चिपकाने, मतदाताओं को करेक्सन पर्ची देने, बीएलओ रजिस्टर में मतदाताओं से हस्ताक्षर लेने, अहतार्धारी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन लेने, डबल नाम/ स्थानीय रूप से स्थानांतरण/ मृतक मतदाताओं का नाम हटाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर विलोपित करने हेतु प्रपत्र - 7 लेने,नाम संशोधन/ स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 लेने एवं ब्लैक एंड व्हाइट एवं न्यून गुणवत्ता वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो में परिवर्तित करने के साथ-साथ प्रपत्र 6बी से आधार लिंक किए गए कार्यों का जानकारी दी गई । बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, रामगढ़ ने हाउस टू हाउस सर्वे कार्यों में पीडब्ल्यूडी मतदाता, नए मतदाता एवम् मृत्य मतदाताओं का अच्छे से सत्यापन कर डाटा तैयार करने का निदेश दिया गया साथ ही हाउस तो हाउस सर्वे के दौरान मतदाताओं का सही डाटा उपलब्ध कराने को लेकर विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ अंतर्गत बूथ संख्या 1,44,51,85,91,94 बूथों का हाउस टू हाउस सर्वे पुनः कर मतदाताओं का सही सत्यापन करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरहौर जनजाति व ट्रांसजेंडर के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य हेतु अथवा उनके अपने अधिकार से वंचित न हो इसके तहत उपस्थित सभी सुपरवाइजर को पीडब्ल्यूडी मतदाता व बिरहौर जनजाति एवं ट्रांसजेंडर जो 18 प्लस है उन सभी मतदाताओं का विशेष सर्वे अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी सुपरवाइजर से कहा कि डोर टू डोर सर्वे के दौरान मृत्य मतदाताओं का प्राप्त डाटा के आधार पर सहिया या सेविका व जनप्रतिनिधि के पणजी के अनुसार सत्यापन उपरांत मतदाता सूची से नाम हटाने का निर्देश दिया गया वहीं नए मतदाताओं का डाटा तैयार कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का निर्देश भी दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी सुपरवाइजर व बीएलओ को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया वहीं जो सुपरवाइजर 5% से काम कार्य किए हैं उन पर शॉकोज करने का निर्देश दिया । वहीं बैठक में अनुपस्थित रहने वाले सुपरवाइजरों को एक दिन का वेतन अस्थगित करते हुए शॉकोज का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, सभी अंचल अधिकारी, सुपरवाइजर सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामगढ़ में मिला कोयले का विशाल भंडार

# स्टॉक 5 साल में भी नहीं होगा खत्म




**रामगढ़ (आवाज)।** कोयला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध झारखंड को नया कोयला भंडार का वरदान मिला है. सबकुछ ठीक रहा तो बहुत जल्द इस खदान से कोयले का उत्पादन होगा. कोयले का ये खदान रामगढ़ जिला में स्थित सीसीएल रजरप्पा एरिया में मिला है जिसको नया वरदान भी कहा जा रहा है। सीएमपीडीआई द्वारा रजरप्पा क्षेत्र के विभिन्न भागों में किए जा रहे हैं ड्रिलिंग के दौरान कोयले के नए विशाल भंडार का पता चला. रिपोर्ट- जावेद खान कोयला के नए खदान के मिलने की पुष्टि सीसीएल ने भी की है.सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव ने बताया कि नया भंडार मिलने से रजरप्पा एरिया के विस्तारीकरण योजना को बल मिला है। यहां से अगले तीन से 5 वर्षों के लिए अब कोयले का उत्पादन सुनिश्चित हो जाएगा। महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि डीएलएफ, सेक्शन 1, सेक्शन 2 और सब स्टेशन में ड्रिलिंग कराई गई है. यहां कोयला होने का पता चला है. उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर इस कोयले का उत्पादन अगले तीन से 5 वर्षों तक किया जा सकेगा। महाप्रबंधक ने बताया कि डीएलएफ प्लांट को ध्वस्त कर यहां पर शीघ्र ही कोयले का उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल 3100 मीटर ड्रिलिंग करने के बाद ही इस कोयले के विशाल भंडार का पता चला है. कोयले की खोज के लिए 4000 मीटर तक ड्रिलिंग प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट कोयला उत्पादन, कोयला डिस्पैच एवं रैक लोडिंग में अब आत्मनिर्भर बन सकेगा. मालूम हो कि रजरप्पा प्रोजेक्ट पिछले कई वर्षों से कोयला की समस्या से जूझ रहा है. कड़ी मेहनत और टीम वर्क के बाद कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल किया जा पा रहा है, ऐसे में नए कोयले के विशाल भंडार मिलने से रजरप्पा क्षेत्र को संजीवनी हाथ लगी है। ताजा जानकारी के मुताबिक सिर्फ ड्रिलिंग से कोयले के भंडार का पता चला है. प्रोजेक्ट खोलने के लिए कागजी प्रक्रिया चल रही है. इस प्रक्रिया के तहत ग्राम सभा का आयोजन होगा साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से क्लियरेंस लिया जाएगा, उसके बाद यहां से कोयले का उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। जीएम ने बताया कि रजरप्पा प्रोजेक्ट कोयला उत्पादन कोयला डिस्पैच और रैक लोडिंग में काफी ग्रोथ किया है. वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में इस वित्तीय वर्ष के अगस्त तक कोयला उत्पादन में 51% ,कोयला डिस्पैच में 85 फीसदी और रैक लोडिंग में 25 फीसदी का ग्रोथ हुआ है. इस तरह रजरप्पा का टर्नओवर 103 फीसदी हुआ है जबकि शुद्ध मुनाफा 160 फीसदी तक पहुंच गया है।

### भुरकुंडा बांसगढ़ा माइंस में 33 वां सीसीएल जोनल माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# 5 अक्टूबर को खान बचाव केंद्र रामगढ़ में विजेता टीम होंगे पुरस्कृत

- सीसीएल के 11 क्षेत्र के टीमों ने लिया भाग
- माइंस में छह पीलर से 80 केजी वजन के साथ किया गया रेसक्यू का डेमो





**भुरकुंडा (आवाज):** परियोजन के बांसगढ़ा भूमिगत खदान और खान बचाव केंद्र रामगढ़ में मंगलवार को 33 वां सीसीएल जोनल माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता का आरंभ हुआ। जिसमें सीसीएल के विभिन्न क्षेत्र के 11 टीम ने भाग लिया ।जिसमे एक आउट सोर्सिंग कंपनी जॉय माइनिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। प्रतियोगिता कार्यक्रम की शुरूवात में मुख्य अतिथि मुख्य निर्णायक सह खान सुरक्षा निर्देशक आफताब अहमद ने कंपनी के झंडे को फहराया। उसके बाद खान अधीक्षक रामगढ़ विकास कुमार ने सभी टीमों को शपथ दिलाई गई ।और टीम का निरीक्षण कर आफताब अहमद ने प्रतियोगिता आरंभ की घोषणा किया। सभी 11 टीमों के बीच 8 प्रतियोगिताये हुए।जिसमे ड्रिल व मार्च पास्ट, स्टेटूटरी टेस्ट, थ्योरी टेस्ट, फर्स्ट एड टेस्ट, फ्रेश एयर बेस टेस्ट रेस्क्यू रिकवरी टेस्ट,रेस्क्यू रिले टेस्ट एवं कैप्टन रिपोर्ट शामिल है। प्रतियोगिता में सभी टीमें ने रेस्क्यू उपकरणों से लैस होकर बांसगढ़ा माइंस में एक एक कर गई और प्रतीकात्मक रूप से रेसक्यू अभियान चालाया। माइंस में छह पीलर से 80 केजी वजन के साथ रेसक्यू का डेमो किया गया। इस दौरान फ्रेश एयरबेस और रिकवरी एंड रेस्क्यू इवेंट हुए। फ्रेश एयर बेस पर मुख्य रूप में राकेश रंजन ने योगदान दिया। यहां रेस्क्यू टीमों ने रिपोटिंग की। यहां रेसक्यू ऑपरेशन की प्रॉपर प्लानिंग हुई। इसके उपरांत सुरक्षा उपकरण सेल्फ कंटेट ब्रिथिंग ऑपरेटस, टोपी, लाइट्स, स्ट्रेचर आदि से लैस होकर टीमें बांसगढ़ा भूमिगत माइंस में गईं और ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस दौरान माइंस के अंदर दो निर्णायक एजाज अहमद और आरडी बारला के द्वारा अभियान का बारीकी से अवलोकन कर किया गया। बताया गया की सुरक्षा उपकरणों का सही तरह से उपयोग, रेसक्यू की टाइमिंग और प्रदर्शन के आधार पर टीमों को रैंकिंग दी जाएगी। खान अधीक्षक विकास कुमार ने बताया की कोल इंडिया द्वारा प्रत्येक वर्ष भूमिगत खदान में दुर्घटना से बचाव के लिए इस तरह का प्रतियोगिता कराया जाता है।जिसमे विपरीत परिस्थितियों में रेस्क्यू कर मजदूरों को घटना के दौरान सुरक्षित रूप से बाहर निकाला जा सके । और अपने आप को सुरक्षित रख कर उत्पादन किया जाए। मेडिकल टीम में डॉ पार्थो बाल डॉ भरत सिंह डॉक्टर अभिषेक मैजूद थे। मौके पर डीडीएमएस पी हनुमंत राव, गम सेफ्टी एंड रेस्क्यू ईश्वर्ण कार्तिकेय, जीएम ऑपरेशन बिनोद कुमार, खान अधीक्षक रामगढ़ विकास कुमार, पीओ मनोज कुमार पाठक,स्टाफ ऑफिसर अमरेंद्र कुमार,नोडल ऑफिसर शोर्य कुमार, एसओ (पी एंड टी) ऋतिविक गुप्ता, प्रवीण कुमार सहारा,आर के प्रधान,मैनेजर राज कुमार वर्णवाल चंदन कुमार, सीसीएल सेफ्टी सदस्य विकास कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

5 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण माइंस रेसक्यू रामगढ़ में किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि उप महानिदेशक रांची सतीश चिदरवार, विशिष्ट अतिथि सीएमडी रांची डॉ बी बीरा रेड्डी, मुख्य निर्णायक आफताब अहमद, रामबाबू प्रसाद निदेशक तकनीकी, बी साई राम निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना, एमपी देवरी खान सुरक्षा निदेशक कोडरमा, पवन कुमार मिश्रा निदेशक वित,एच के मिश्रा निदेशक कार्मिक

**इन क्षेत्रों के टीम थे शामिल**

धोरी एरिया, जेएमएस एनके एरिया, पिपरवार एरिया,अरगड्डा एरिया, एनके एरिया, बरका सयाल एरिया, कुज्जू एरिया, हजारीबाग एरिया, बी एंड के एरिया, आम्रपाली और चंद्रगुप्त एरिया, कथारा एरिया शामिल है।

## रामलीला मैदान की पेंशन शंखनाद रैली

*देश भर के सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने की मांग की है। इसके लिए देशभर से सरकारी कर्मचारी रामलीला मैदान दिल्ली में इकट्ठे हुए। 1 अक्टूबर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में जहां देखो वहां सरकारी कर्मचारियों के सिर नजर आ रहे थे। कई वर्षों से रामलीला मैदान में इस तरीके का प्रदर्शन देखने को नहीं मिला था। सरकारी कर्मचारियों के इस प्रदर्शन ने जेपी आंदोलन और अन्ना हजारे के आंदोलन की याद ताजा कर दी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने इस प्रदर्शन का समर्थन किया था। कई कांग्रेस शासित राज्यों ने ओल्ड पेंशन योजना को लागू कर दिया है। कांग्रेस की मांग है, कि केंद्र सरकार पुरानी पेंशन योजना को बहाल करें। देश की सेवा करने वाले कर्मवीरों का सम्मान करें। दिल्ली पुलिस ने मैदान में टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद भी सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में रैली में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। कई प्रदेशों के हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी दिल्ली पहुंचे। सरकारी कर्मचारियों का कहना था, कि पहले की तरह केंद्र सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू कर देती है, तो इसमें राज्य सरकारों की कोई भूमिका नहीं रह जाएगी। इसलिए हम दिल्ली में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने के लिए एकत्रित हुए हैं। आखिरकार सरकारी कर्मचारी न्यू पेंशन योजना का विरोध क्यों कर रहे हैं। इसको समझने के लिए सरकार तैयार नहीं है। कर्मचारी कई वर्षों से समझाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन गतिरोध अभी भी बना हुआ है। पुरानी पेंशन योजना में जब कर्मचारी रिटायर होते थे। तब उन्हें मूल वेतन मान का 50 फीसदी पेंशन के रूप में मिलता था। हर 6 माह में महंगाई भत्ता उसमें जोड़ दिया जाता था। इसके साथ ही सेवानिवृत्ति होते समय सरकारी कर्मचारियों को ग्रेच्युटी और फंड के रूप में एक मुस्त राशि मिलती थी। जिससे सरकारी कर्मचारी सेवा निवृत्ति के बाद अपने मकान और बच्चों की पढ़ाई लिखाई शादी इत्यादि की जिम्मेदारी पूरी कर पाते थे। नई पेंशन स्कीम में यह सारे प्रावधान नहीं है। जिसके कारण सरकारी कर्मचारियों में रोष देखने को मिल रहा है। सरकारी कर्मचारियों को यह भी आशंका है, कि पेंशन फंड की 50 फीसदी राशि को म्युचुअल फंड में निवेश किया जा रहा है। जो बाजार के रहमो करम पर निर्भर होगा। जो पेंशन मिलेगी, उसमें महंगाई भत्ता जोड़ने का कोई प्रावधान नहीं है। महंगाई दिनों दिन जिस तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। उसके कारण पिछले तीन-चार सालों से सरकारी कर्मचारियों की भविष्य को लेकर चिंता भी बढ़ती चली जा रही है। शेयर बाजार में समय-समय पर तेजी और गिरावट के कारण शेयर बाजार में निवेश की गई राशि सुरक्षित रहेगी या नहीं, यह भी सबसे बड़ी चिंता का कारण है। सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को एक मुस्त मिलने वाला फंड और ग्रेजुएटी भी नहीं मिल रही है। सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने के बाद परिवार को केवल पेंशन ही मिलेगी। इसी आशंका से सरकारी कर्मचारियों में सबसे बड़ा गुस्सा है। देश भर के लगभग एक करोड़ सरकारी कर्मचारी जो नई पेंशन योजना से जुड़े हुए हैं। उनके परिवार के 5 करोड सदस्य मतदाता की हैसियत भी रखते हैं। रामलीला मैदान में हुए प्रदर्शन के दौरान सरकारी कर्मचारियों ने केंद्र सरकार को सीधे-सीधे चेतावनी दे दी है, कि 5 करोड़ वोटो से भाजपा को हाथ धोना पड़ेगा। चुनाव कार्य में सरकारी कर्मचारी ही चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराते हैं। यदि वह केंद्र सरकार से नाराज होंगे, तो इसका भी असर कहीं ना कहीं मतदान में पड़ सकता है। सरकारी कर्मचारी ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर आर पार की मुद्रा में आ चुके हैं।*

# क्या राजनीति में स्वच्छता का मोदी जादू चलेगा!

**- ललित गर्ग-**



देश में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिकों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाए तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आएं इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए जागरूकता की झाड़ू को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी है। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए है, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे।

बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गए। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा।

नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किए बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। नोटबंदी, उड़ी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान समर्थित कश्मीर में एयर स्ट्राइक की विपक्ष ने आलोचना की, कश्मीर में राजनीतिक स्थिति में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। इन निर्णयों से कश्मीर के नेता बौखला गये, भारी विरोध किया, मगर नरेंद्र मोदी ने इस पर कभी अफसोस नहीं जताया। कोरोना की दूसरी लहर में लॉकडाउन के फैसला भी विरोधियों के निशाने पर रहा। सीएए को लेकर भी काफी हो-हल्ला हो चुका है। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं। 18 सितंबर 2023 से संसद का विशेष सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित किया। वैसे चुनाव से पहले राम मंदिर का उद्घाटन होना तय है।मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये।

## आज का राशिफल

**मेष** — लेन-देन में स्पष्टता बनाए रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** — आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** — श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** — जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु** — नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-6-8-9

**मकर** — धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** — सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन** — आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

# गांधी का जीवन दर्शन और हमारा समाज' विषय पर गोष्ठी संपन्न

**विजय केसरी**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती पर वैचारिक संस्था सागर भक्ति संगम के तत्वाधान में स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क में 'गांधी का जीवन दर्शन और हमारा समाज' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। विश्व शांति की मंगल कामना हेतु सामूहिक प्रार्थना से विचार गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सदस्यों ने गांधी जी की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । सदस्यों ने गांधी के विचारों को जन-जन तक फैलने का भी संकल्प लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता संगम के संयोजक विजय केसरी ने कहा कि सदा संघर्ष की सीख देता है, गांधी का जीवन दर्शन। आज की बदली परिस्थिति में गांधी के जीवन दर्शन के आत्मसात से वैश्विक समाज शांतिप्रिय बनाया जा सकता है। गांधी का जीवन दर्शन बहुत ही सहज और सरल है। गांधी ने संपूर्ण मानव जाति को सत्य और अहिंसा का मूल मंत्र दिया था । आज इस मंत्र के आत्म साथ से मानव जाति को एक बड़े विनाश से बचाया जा सकता है। रूस - यूक्रेन युद्ध सिर्फ दो देशों के अहंकार के करण उत्पन्न हुआ है। इस युद्ध के परिणाम जो भी हों । नाश तो मानव जाति का ही होगा। इसलिए सत्य और अहिंसा के मूल मंत्र के महत्व को लोग जाने । इस मंत्र को जीवन में उतारें। यही मार्ग सबसे उत्तम मार्ग होगा। शिक्षाविद के. सी. मेहरोत्रा ने कहा कि गांधी का जीवन दर्शन सत्य और अहिंसा के आधार स्तंभ पर कायम है। उन्होंने सत्य और अहिंसा के आत्मिक ताकत के बल पर सत्याग्रह कर ब्रिटिश हुकूमत को हिला कर रख दिया था। आज समाज जिस मुकाम पर खड़ा दिखाई दे रहा है, गांधी का जीवन दर्शन पर चलना ही श्रेयस्कर होगा। शिक्षाविद सह समाजसेवी वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों बेमिसाल था। वे साधारण काम कर असाधारण बन गए थे। उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था। आज समाज के कथनी और करनी में बड़ा अंतर हो गया है। फलस्वरुप आज समाज का यह हाल है।

अगर समाज को इस स्थिति से उबारना है, तो गांधी के दर्शन को अपने जीवन में उतरना होगा। लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग विशाल के पूर्व चार्टर मेंबर सह समाजसेवी सतीश होर्रा ने कहा कि गांधी का जीवन दर्शन जीवन को सही ढंग से जीने की राह दिखाता है। उनका जीवन दर्शन कोई नए परिभाषा को अवतरित नहीं करता है बल्कि भारतीय संस्कृति के रीति रिवाज, रहन-सहन में समाहित दर्शन को ही आत्मसात करने की प्रेरणा प्रदान करता है इन वक्ताओं के अलावा जयप्रकाश गुप्ता, अखिलेश सिंह, अजीत कुमार, प्रदीप स्नेही, प्रकाश विश्वकर्मा,संजय खत्री, सुरेंद्र गुप्ता 'पप्पू' योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर सुरेश प्रसाद, गोपाल ठाकुर आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। सभा का संचालन अखिलेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अजीत कुमार ने किया।

## देशभर में उठने लगी जातीय गणना की मांग

**बाल मुकुन्द ओझा**

आजादी के बाद समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया का यह नारा खूब गूंजा था जिसमें कहा गया पिछड़ा पावे सौ में साठ। आज इसी नारे को उन्हीं के समाजवादी पंथ के नीतश ने साकार किया है। जाति के आधार पर आबादी की गिनती को जातीय जनगणना कहते हैं। जातीय जनगणना से हर बात का पता चलता है, साथ ही जातियों की उपजाति का भी पता चलता है। इसके अलावा उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता चल पाता है। बिहार सरकार ने गाँधी जयंती के दिन जातीय जनगणना के आंकड़े जारी कर सियासी भूचाल ला दिया। मुख्यमंत्री नीतीश के मास्टर स्ट्रोक का कितना असर होगा ये तो आने वाले वक्त में पता चल जाएगा। बहरहाल प्रदेश में एक बार फिर मंडल और कमंडल की राजनीति को बढ़ावा मिलेगा। बिहार के बाद अब देशभर में जातीय गणना की मांग जोर शोर से उठने लगी है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, जातिगत जनगणना से आरक्षण का मुद्दा फिर तूल पकड़ सकता है। बताया जाता है इससे नितीश की पार्टी को अपेक्षित लाभ मिलेगा। हालाँकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे विकास विरोधी करार दिया है। मोदी ने जात-पात के नाम पर लोगों को बांटने का आरोप लगाते हुए विपक्ष पर हमला किया। मोदी ने कहा- विकास विरोधी तब भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे और आज भी खेलते हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर लोगों को बांटते थे और आज भी यही पाप कर रहे हैं। बिहार देश का पहला जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला राज्य बन गया है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने से बिहार के सीएम नीतीश कुमार को सबसे बड़ा फायदा हो सकता है. दरअसल, उनकी पार्टी जेडीयू बिहार में जाति की राजनीति करने के लिए ही पहचानी जाती है. वहीं, जातिगत जनगणना के ये आंकड़े मंडल और कमंडल की राजनीति के नए दौर को हवा देने के लिए काफी हैं। बिहार सरकार ये भी कहती रही है कि गैर-एससी और गैर-एसटी से जुड़े आंकड़ों के पहीं होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का सही अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है।

## अंकजाल - 7328

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14 | 23 | 22 | ■ | 32 | 14 | 19 | 13 | ■ |
| 14 | | 7 | | ■ | | 4 | | 7 | 25 |
| 16 | 5 | | 8 | ■ | 2 | | 3 | | 16 |
| 15 | | 6 | | ■ | | 3 | | 2 | 21 |
| 26 | 5 | | 2 | | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 | | 2 | | 8 | 30 |
| 21 | 5 | | 7 | | ■ | | 4 | | 15 |
| 16 | | 5 | | 3 | ■ | 7 | | 8 | 23 |
| 23 | 5 | | 6 | | ■ | | 8 | | 21 |
| ■ | 12 | 19 | 19 | 23 | ■ | 21 | 23 | 28 | ■ |

अंकजाल 7327 का हल

[illegible]

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6572

✱✱✱✱✡ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6571 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## सफलता के लिए विचार और सपने ही काफी नहीं

**विजय गर्ग**

विश्व के महानतम दार्शनिक चार्ल्स डिकेंस से उनके एक मित्र ने पूछा कि मैं तुम्हें अपना सबसे अच्छा मित्र मानता हूँ और प्रश्न पूछा कि एक बड़ा व्यवसायी बनने की कोशिश करने के बाद भी मुझे सफलता क्यों नहीं मिल रही है? मेरे प्रयासों में क्या कमी है? मेरे सवाल का जवाब देने के बजाय आप या तो चुप रह जाते हैं या विषय बदल देते हैं। डिकेंस ने अपने दोस्त को आगे जवाब दिया, दोस्त, मैं तुम्हें जवाब इसलिए नहीं देता क्योंकि ज्यादातर लोग सच सुनना पसंद नहीं करते।कर रहा है मैं सच बोलकर आपको नाराज नहीं करना चाहता था, लेकिन अब अगर आप अपनी असफलता का कारण पूछना चाहते हैं तो असली कारण यह है कि आपके प्रयासों की ऊंचाई आपके विचारों और सपनों से छोटी है। डिकेंस के मित्र ने उनसे पुनः प्रश्न किया, मित्र, मैं अपनी सफलता के लिए सच सुनने को तैयार हूँ, मुझे विस्तार से बताओ। डिकेंस ने कहा, दोस्त, तुम बड़े बिजनेसमैन बनने की सोचते हो, सपने भी देखते हो, लेकिन बड़ा बिजनेसमैन बनने के लिए तुम्हें अपना आराम खोना पड़ता है। इसके लिए आपको अपने अंदर एक जुनून विकसित करना होगा। जमीनी हकीकतों से लड़ रहे हैंके लिए है आपको अपनी आत्मा का मंथन करना चाहिए और देखना चाहिए कि आपके अंदर यह सब कुछ है? जिस दिन आप अपने अंदर यह गुण पा लेंगे, उस दिन आपको किसी से यह सवाल नहीं पूछना पड़ेगा। इस दुनिया में आज तक कोई भी ऐसा व्यक्ति पैदा नहीं हुआ जिसने बड़ा बनने, महान बनने, दूसरों से अलग होने और ऊंची मंजिल हासिल करने के बारे में न सोचा हो और न ही सपने देखे हों। यदि इस दुनिया में सोचने और सपने देखने से सफलता मिलती तो हर कोई अपना लक्ष्य और मंजिल पा चुका होता और उसमें मेहनत, संघर्ष और पुरुषार्थ की भावना नहीं होती।कोई महत्व नहीं रहेगा. निकम्मे, निकम्मे, आलसी लोगों और मेहनती, मेहनती और संघर्षशील लोगों में कोई अंतर नहीं होता। लोग काम करना और संघर्ष करना बंद कर देंगे। जो लोग सिर्फ सोच और सपनों के सहारे सफलता हासिल कर लेते हैं, जब वे अपने मकसद में सफल नहीं हो पाते तो खुद में खामियां ढूंढने की बजाय अपनी किस्मत को दोष देने लगते हैं।

# विकास की मनभावन फाग, विपक्ष का विषैला राग

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चिंतन में स्वच्छता, ग्राम स्वराज, कृषि, पशुपालन, वंचितों का उत्थान आदि अनेक पहलू शामिल थे। वह देश को स्वतंत्र कराने के साथ ही साथ समरस और समृद्ध समाज का निर्माण भी चाहते थे, जिसमें किसी को भी जीवन की मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेलना ना पड़े। जब वह स्वच्छता की बात करते थे, तब उसमें निरोग विषय भी शामिल हुआ करता था। नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर नल से जल योजना शुरू की। यह अभियान सफल हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में इस अभियान को बहुत लाभदायक बताया है। उसने कहा कि इससे लाखों लोगों की जान बचाना सम्भव हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश चालीस वर्षों तक मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित था। योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ जल अपूर्ति सुनिश्चित की। स्वच्छता अभियान चलाया। इससे महामारी को समाप्त किया गया। बावजूद इसके विपक्ष का ताजा एलायंस कुआं पर राजनीति कर रहा है। कुछ दिन पहले इसके एक नेता ने राज्यसभा में काव्य पाठ किया। वह राजद के प्रवक्ता है। पढ़े-लिखे लोगों में शुमार हैं। उन्होंने किसी अन्य की कविता सुनाई- चूल्हा मिट्टी का/ मिट्टी तालाब की/ तालाब ठाकुर का/ भूख रोटी की/ रोटी बाजरे की/ बाजरा खेत का/ खेत ठाकुर का/ बैल ठाकुर का/ हल ठाकुर का/ हल की मूठ पर हथेली अपनी/ फसल ठाकुर की/ कुआं ठाकुर का/ पानी ठाकुर का/ खेत-खलिहान ठाकुर के/ गली-मोहल्ले ठाकुर के फिर अपना क्या?।इसके माध्यम से वह बिहार में अपनी पार्टी का जातीय समीकरण दुरुस्त करना चाहते थे।इस काव्य पाठ से लालू यादव भाव विभोर हो गए। कहा मनोज झा विद्वान आदमी हैं। उन्होंने सही बात कही है। आनंद मोहन ने कहा यदि मैं राज्यसभा में होता तो मनोज झा की जीभ खींचकर सभापति के आसन की तरफ उछाल देता। बिडम्बना देखिए मनोज झा उस पार्टी के हैं जिसके संस्थापक ने भूराबाल साफ करो को पार्टी का उद्देश्य बताया था। उसकी राजनीति एमवाई समीकरण पर आधारित थी। आज बिहार में जो ब्राह्मण- ठाकुर हो रहा है, वह तो राजद के समीकरण में शामिल ही नहीं है। ये वही नेता हैं जो बिहार के मंत्री द्वारा श्री रामचरित मानस पर अमर्यादित टिप्पणी पर मौन थे। एलायंस के अन्य दलों द्वारा हिन्दू धर्म को धोखा बताने, सनातन के उन्मूलन पर भी ये नेता विचलित नहीं हुए थे। यही इनकी राजनीति है। ये कूपमंडूक ही बने रहना चाहते हैं। सरकार स्वच्छ जल पहुंचा रही है। ये नेता ठाकुर का कुआं कविता में अटके हैं। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गई हैं। यह गठबंधन कुआं, जाति और मजहब से ऊपर ही नहीं उठ रहा।नमामि गंगे से प्रारंभ हुई यह यात्रा सिंचाई और पेयजल जैसी योजनाओं तक विस्तारित हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से जल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के प्रारम्भ के समय देश में जहां करीब सवा तीन करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल की आपूर्ति होती थी। अब करीब 12 करोड़ घरों में नल से जल की आपूर्ति हो रही है। इस मिशन से गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। इससे जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। इस योजना से पानी की बबादी रुकी है। साथ ही उसके दूषित होने की सम्भावना नगण्य हो गई है।

वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाइस क्षेत्र में बड़ी पहल है। जल संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप यह योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप सुनिश्चित करने के लिए सटीक-सिंचाई और जल संरक्षण तकनीक को अपनाने की परिकल्पना को साकार करती है। एक बार महात्मा गांधी काशी में श्रीविश्वनाथ धाम के दर्शन के लिए गए थे। उन्होंने वहां पर्याप्त स्वच्छता ना होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज श्री काशी विश्वनाथ धाम की काया पलट दी है।अब यहां स्वच्छता है। रिकार्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं।

**संक्षिप्त खबर**

### माले जिला कमेटी की बैठक संपन्न



**जयनगर(आवाज)।** माले जिला कमेटी की बैठक पिसपीरो गांव में जिला सचिव राजेंद्र मेहता के अध्यक्षता में देर रात संपन्न हुआ।बैठक की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी , पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर उन दोनों महान हस्तियां के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया गया अहिंसा परमो धर्म उनका कर्तव्य था जिस देश के साथ-सा द पूरी दुनिया उन्हें याद करती है, पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी देश के किसानों और जवानों के योगदान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए थे जिसे भुलाआ नहीं जा सकता , गढ़वा के साथी किशोर कुमार जी के निधन पर 2 मिनट मौन रखकर बैठक की शुरूआत की गई, पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट पेश किया गया बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी भुवनेश्वर केवट उपस्थित थे । जहां जहां ब्रांच नहीं बना है ब्रांचो का गठन अक्टूबर माह के अंदर कर लेना है। आगामी 7 अक्टूबर 2023 को ट्रेड यूनियन की मीटिंग की जाएगी जिसमें मुख्य रूप से ऐक्टू प्रदेश महासचिव कॉमरेड शुभेंदु सेन उपस्थित रहेंगे। आगामी 10 अक्टूबर 2023 को डोमचांच प्रखंड के मसनोडीह में पार्टी क्लास होगा। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा जिला प्रभारी कामरेड भुवनेश्वर केवट जिला सचिव राजेंद्र मेहता राज कमेटी सदस्य इब्राहिम अंसारी राज्य कमेटी सदस्य सह ऐक्टु जिला संयोजक विजय पासवान,जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव,अशोक यादव, बहादुर यादव , असगर अंसारी, चांद अख्तर, विनोद पांडेय, तुलसी राणा, कौलेशवर राणा, अशोक यादव, पार्वती देवी, शारदा देवी, रामचंद्र साव कृष्णकांत मेहता आदि उपस्थित थे।

### आदर्श मध्य विद्यालय में प्रखंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन



**बड़कागांव (आवाज):** प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में जिला आयुष योग समिति के तत्वाधान में योग प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया .इसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि जिला आयुष समिति के डी एम ओ एस एन तिवारी,आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, जिला आयुष योग समिति के डॉ विजय कुमार तिवारी ,डॉ कौकब सारा ,योग शिक्षिका, रेनू कुमारी, योग शिक्षक अजय कुमार दांगी ने संयुक्त रूप से किया. प्रतियोगिता का संचालन दीपक कुमार राणा ने किया. जबकि योग शिक्षिका रेनू कुमारी ,योग शिक्षक अजय कुमार दांगी द्वारा बच्चों को के योग करवाया गया . इस प्रतियोगिता में 12 मध्य विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया .जिसमें से आदर्श मध्य विद्यालय राजकीय कन्या मध्य विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिश्रामपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांढ,मध्य विद्यालय सुकुल खपिया,उत्क्रमित मध्य विद्यालय होरम , कांड़तरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चंदोल मध्य विद्यालय, महूदी उ मध्य विद्यालय, महुगाईकला मध्य विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया. जिसमें से 96 बच्चों एवं पांच शिक्षकों को मेडल व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया. मौके पर आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्याय अशोक कुमार ,दीपक राणा, देवनाथ कुमार ,विश्रामपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के अवधेश कुमार, पन्नालाल राम, मनोज राम , संतोष कुमार, नंदकिशोर नारायण देव ने भाग लिया।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

- **उरवा के गौरी नदी पुल के पास घटी घटना**
- **परीक्षा देने हजारीबाग जा रहे थे युवक**







**चंदवारा (आवाज)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरी नदी पुल के पास मंगलवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के सांथ निवासी घनश्याम राम के 22 वर्षीय पुत्र जोनित कुमार एवं इम्तियाज अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र मो. मोहसिन के रूप में हुई है। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार बाइक सवार दोनों युवक हजारीबाग परीक्षा देने जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रहे बैगनआर कार संख्या बीआर 01बीएम 8808 ने टक्कर मार दिया। जिससे वो आगे चल रहे हाइवा में टकरा कर फंस कर कई मीटर घसीटता चला गया और मोटरसाईकिल में आग लग गया। घटना की सूचना मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर शव तथा बैगनआर कार एवं उनके चालक को अपने कब्जे में ले लिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पूरे सांथ गांव में शोक की दौड़ गई। दोनों युवक काफी होनहार तथा मिलनसार थे।

## पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी ने भी तोड़ा दम

### बुजुर्ग दंपती की एक साथ निकली अर्थी



**डोमचांच (आवाज)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत लंगरापीपर में पति के मौत की खबर सुनकर पत्नी ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी अनुसार लंगरापीपर निवासी मोहन पंडित 70 वर्ष की तबियत बीती रात अचानक खराब हो गई जिसके बाद वह नीचे जमीन पर गिर गया। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए कोडरमा सदर लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। परिजन मोहन पंडित को रांची लेकर जा ही रहे थे कि, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं इधर पति की मौत की खबर सुनते ही मोहन पंडित की पत्नी जितनी देवी 67 वर्ष सदमे में आ गई और रोने लगी। रोते-रोते अचानक पत्नी चुप हो गई। परिजनों ने बताया कि पति मोहन पंडित की मौत की खबर सुनते ही पत्नी जीतनी देवी की भी सांसे उखड़ गई। साथ जीने और मरने की सालों पहले खाई कसम को इस दंपति ने सही साबित कर दिखाया। पति-पत्नी दोनों की मौत की खबर डोमचांच सहित पूरे जिले में चारों तरफ आग की तरह फैल गई। लोगों का जमावड़ा उनके घरों के आस-पास होने लगा। लोग घटना के बारे में सुनकर हैरान हो रहे हैं। बुजुर्ग दंपती के दो बेटे और एक बेटी है, सभी बच्चों की शादी हो चुकी है। दोनों अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गांव से एक साथ दो अर्थी उठने पर मातम पसरा है। परिजनों समेत सभी ने नम आंखों से दोनों को अंतिम विदाई दी।

## बी.टेक समेस्टर और डिप्लोमा की परीक्षाएं जेजेकॉलेज में शुरू, एक परीक्षार्थी निष्कासित



**झुमरीतिलैया (आवाज)।** पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आरआईटी के बीटेक के समेस्टर एवं डिप्लोमा की परीक्षा मंगलवार से जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में शुरू हुई। यह परीक्षा 18 अक्टुबर तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक शलैन्द्र कुमार ने बताया कि 4 पाली में परीक्षाएं ली जा रही है। पहले दिन बी.टेक समेस्टर 2 की परीक्षा 9:30 बजे से 12:30 बजे में 72 छात्रों में 1 छात्र अनुपस्थित रहा जबकि 2 बजे से 5 बजे तक बी0टेक समेस्टर 4 की परीक्षा में 277 में 9. परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं डिप्लोमा समेस्टर परीक्षा 10 से 1 बजे तक संचालित हुई। इसमें 278 छात्रों में 1 छात्र अनुपस्थित रहा। वहीं एक परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया। परीक्षा का निरीक्षण प्रभारी प्राचार्य डॉ मिथलेष उपाध्याय ने निरीक्षण किया और कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न करायी जायेगी। वहीं उन्होनें यह भी बताया कि चार वर्षीय स्नातक समेस्टर 1 समसत्र 2023-27 के लिए कक्षाएँ शुरू हो गयी है और साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी जारी है। उन्होनें बताया कि जिस विषय में रिक्त पद है उसमें नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इसमें मुख्य रूप से मनोविज्ञान, दर्षनषास्त्र प्रतिष्ठा आदि शामिल है।

### डीसी ने की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक, कहा-

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शतप्रतिशत करें टीकाकरण



**कोडरमा (आवाज)।** सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का तीसरा राउंड 9 से 14 अक्टूबर तक चलाया जायेगा, जिसमें 0-5 वर्ष के छूटे हुए बच्चों तथा गर्भवती महिलाएं का टीकाकरण पूर्ण किया जायेगा। इस हेतु समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रखंडों में विशेष कैंप लगाकर चिन्हित सभी बच्चों और गर्भवती महिलाएं का शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रखंड स्तर पर एक कलस्टर बनाते हुए सभी एएनएम और आंगनवाड़ी कर्मियों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। साथ ही इस अभियान के संपन्न होने के उपरांत टीकाकरण दिवस के दिन किये जाने वाले कार्यों का कार्यशाला के माध्यम से सभी एएनएम को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया ताकि उनके द्वारा एमसीपी कार्ड एवं अन्य रिपोटिंग प्रपत्र का अच्छे तरीके से संधारण किया जा सके। इस कार्यक्रम में छूटे हुए बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं अपने निकटतम केन्द्र पर टीकाकरण की सुविधा प्राप्त करने हेतु सेल्फ रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा उपलब्ध हैं। फलेरिया मुक्ति को लेकर 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलायें जाने वाला नाईट ब्लड सर्वे कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में किसी तरह कि दिक्कतें आने पर संबंधित क्षेत्र के थाना से सहयोग लेंगे। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार,उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज कुमार, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमण, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे।

## साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन



**मरकच्चो (आवाज)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शासन के निर्देश पर आयुष्मान भव के तहत साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप बैठा ने फीता काटकर किया। आयोजित स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों के चिकित्सा विशेषज्ञों का जमावड़ा लगा जहां विभिन्न रोगों के जांच के लिए आए लगभग 411 मरीज का उपचार करने के साथ साथ उन्हें परामर्श दी गयी व दवा वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले में टीवी, एन सी डी,ए एन सी,टीका कर्ण,अनीमिया जांच, दंत रोग, डेंगू, एचआई वी ,मलेरिया,लेप्रोसी, हीमोग्लोबिन ,उदर रोग, आंख आदि रोगों की जांच के लिए स्टाल लगाए गए। साथ ही आयुष्मान कार्ड के लिए भी स्टाल लगाए गए। मरीज व ग्रामीण शासन की ओर से इस तरह के आयोजन को लेकर काफी संतुष्ट दिखे । इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रदीप बैठा ने बताया कि आयुष्मान भव साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन से लोगों को काफी मदद मिल रही है। यह शासन की एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि इस दौरान दवा ,स्क्रिनिग सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कहा कि अब मरीजों को जिला अस्पताल जाने की जरूरत नहीं है। हर सप्ताह में एक बार इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विभिन्न रोगों के चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य मेले में लोगों का निशुल्क इलाज, परीक्षण व दवा वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर डॉक्टर राकेश कुमार डॉक्टर श्रीकांत कुमार,डॉ गोविंद प्रसाद, डॉ विपिन कुमार ,डॉ चंदन कुमार सिंह, डॉक्टर आकांक्षा सिन्हा, डॉ दिनेश कुमार, डॉ नीरज जैन ,ए एन एम संजुला कुमारी, रीता शर्मा ,प्रेमलता ,रीता कुमारी ,संगीता खाखा, नेत्र सहायक शंभू प्रसाद, गौरी शंकर सिंह, सुरेश कुमार ,मिथिलेश प्रसाद, नीरज कुमार साहू, विकास कुमार ,सत्येंद्र यादव ,सकलदेव ,मुकेश कुमार ,बी पी एम धर्मेंद्र राम, सतीश वर्णवाल, पप्पू राणा , बी टी टी गंगाधर दास, देवानंद दास, अजीत कुमार समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### धनबाद और रामगढ़ महिला वॉलीबॉल टीम के बीच हुआ मैच

**मरकाच्चो (आवाज)।** कोडरमा कोआड मुख्य पथ पर जामु के समीप डी एन उच्च विद्यालय मरकच्चो में बुधवार को 1 बजे दोपहर से धनबाद महिला वॉली बॉल टीम बनाम रामगढ़ महिला वॉली बॉल टीम के बीच मैत्रीपूर्ण मैच का आयोजन किया गया है। उक्त बातों की जानकारी विद्यालय के निदेशक नागेश्वर प्रसाद व प्रधानांध्यापक सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह व जामु मखिया नीता कुमारी होंगें।

## फलाहुल मुस्लिमीन कमिटी का चुनाव कराने के लिए अंचलाधिकारी को दिया गया आवेदन

- **प्रशासन के देखरेख में संपन्न हो चुनाव : फलाहुल कमेटी**

**लईयो (आवाज)।** फलाहुल मुस्लिमीन कमेटी जामा मस्जिद घाटोटांड का चुनाव कराने के लिए कमिटी के सदस्यों ने माण्डू अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपकर ससमय चुनाव कराने का आग्रह किया है। आवेदन में कहा गया है कि कमिटी का कार्यकाल समाप्त हो गया है। सदर एंव सचिव के दबंगता पूर्ण रवैया के कारण चुनाव नहीं हो पा रहा है। कमिटी के सदस्य मो. वसीम, सावेद अख्तर, अजहर आलम, मो. अनवर साकी, अकील अख्तर , मो. शकील, कुतुबुद्दीन, मो. नूर आलम, मो. निशार कुरेशी, मो. शमीम, निशार खान ने अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर प्रशासन के देखरेख भयमुक्त माहौल में कमिटी का गठन करने का आग्रह किया है।

### पुलिया के ऊपर पानी जमाव बना यात्रियों के लिए आफत

# गड्ढे दे रहे बड़ी दुर्घटना का संकेत



**जयनगर (आवाज)।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद मुख्य मार्ग रेलवे क्रॉसिंग से कटिया मोड के बीच बने पुलिया के ऊपर बरसात का पानी जमा हो जाने के कारण पुलिया की स्थिति नीचे से खराब होती जा रही है। यहां तक की पुलिया के ऊपर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं जहां अक्सर पानी जम जाते हैं जो आने जाने वाले यात्रियों के लिए आफत बन चुका है तथा बहुत बड़ी दुर्घटना का संकेत दे रहा है यदि विभाग सही समय पर सही कदम नहीं उठाती है तो निश्चित रूप से बड़ी दुर्घटना की संभावना बनती है। बरसात का पानी पुलिया में रिसाव होने के कारण पुलिया के नीचे की स्थिति खराब हो रही है। अगर यही स्थिति बनी रही तो एक दिन पुलिया की स्थिति पूरी बिगड़ जाएगी और अप्रिय घटना का कारण बन सकती है। मुख्य मार्ग होने के कारण बड़ी-बड़ी गाड़ियां ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां, लोडेड हाईवा, विद्यालय के बसों में बैठे बच्चे की गाड़ियां इसी रोड से गुजरती है। यहां तक देखा गया कि बरसात का पानी रोड का पानी पुलिया के ऊपर जमा होने के कारण कई बार लोग पैदल चल रहे बगल से गुजर रही बाइक या बड़ी गाड़ियां बरसात का पानी गंदा पानी का छींटा कपड़े में पड़ जाने के कारण कई बार लोग आपस में उलझकर विभाग को कोसते नजर आते हैं। यहां तक की विद्यालय के छात्र छात्राएं बरसात का गंदा पानी का छींटा पढ़ने के कारण विद्यालय का यूनिफॉर्म गंदा हो जाने से विद्यालय ना जाकर घर वापस लौट जाते हुए देखे गए। ग्रामीणों ने इसका निराकरण की मांग की है।

## भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन



- **सीनियर में शिवतारा विद्या मन्दिर के बच्चों ने लहराया पंचम**

**झुमरीतिलैया(आवाज)।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रविवार को शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सीनियर और जूनियर दो वर्गों में विभाजित था। जूनियर वर्ग में 7 और सीनियर वर्ग में 11 विद्यालय ने भाग लिया था। सीनियर वर्ग में शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। आज के वंदना सभा में विजेता भैया को विद्यालय के अध्यक्ष राम रतन महर्षि ने ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में अध्यक्ष जी ने कहा कि इस वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के बच्चों को प्रांत स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने भैया बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए उनको सम्मानित भी किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से भैया बहनों को भारत को जानने का अवसर मिलेगा एवं उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आयेंगी। इस कार्यक्रम इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभात कुमार,आनंद कुमार सिन्हा, रविता उपाध्यय, कृष्ण चन्द्र कन्हैया, उमेश कुमार ,रिंकी सिंह ,अल्पा कुमारी, स्वेता सिन्हा,आशा कुमारी, आनंद प्रकाश बहादुर साव, राजू सिंह,पंकज कुमार, रवि रंजन ,बबलू कुमार प्रजापति, सुनील कुमार,कोमल कुमारी,पूनम कुमारी,राकेश कुमार,सूरज कुमार, दुष्यंत पाण्डे का सहयोग सराहनीय रहा।

## गांधी व शास्त्री जी के सिद्धांतों का अनुसरण करें : प्राचार्य



**भुरकुंडा (आवाज)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गई। समारोह की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पष्चात डॉ. महेन्द्र पाण्डेय, प्रो. देव प्रकाश प्रसाद, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. एसपी दांगी, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व विशेश्वर रविदास एवं छात्र छात्राओ ने भी गांधी जी व शास्त्री जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा सत्य व अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी और त्याग के मूर्ति लाल बहादूर शास्त्री के योगदानो को पूरे भारतवासी हमेशा याद रखेंगे। वर्तमान में ऐसे विभूतियों के जीवन से सीखने की जरूरत है। डॉ. महेन्द्र पांडेय ने कहा महात्मा गांधी के स्वच्छ भाव और लाल बहादूर से स्वच्छ मन को अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। डॉ. देव प्रकाश प्रसाद ने कहा की गांधी जी की जयंती मनाने का सही अर्थ सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर बुरा न देखो, बुरा न कहो, बुरा न सुनो के सिद्धांत को आत्मसात करना होगा। प्रो. राजेश कुमार ने कहा इन विभूतियों के जन्मतिथि पर भारत ही नही बल्कि पूरा विश्व सत्य आहिंसा का अनुसरण कर रहा है। डॉ. एसपी दांगी ने कहा कि आज के दौर में भी गांधी और शास्त्री प्रासंगिक हैं, जिसे अनुसरण करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन प्रो अर्जुन कुमार मिश्रा और डॉ विशेश्वर रविदास ने किया। मौके पर डॉ मिथेलेश कुमार, मनोज कुमार, डॉ एसपी दांगी, डॉ. गोपाल विश्वकर्मा. डॉ. मनोज कुमार दास, भूषण शर्मा, कृष्णा, सोमनाथ दीप, जागृति, प्रो. रजनी कुमारी, अमन, करण, करण सहित दर्जनों विद्यार्थी थें।

## 90 वर्षीय समाज सेवी लक्ष्मी लाल अग्रवाल का निधन

**कटकमसांडी(आवाज)।** कटकमसांडी के जाने माने 90 वर्षीय समाज सेवी लक्ष्मी लाल अग्रवाल का मंगलवार रात को निधन हो गया. उन्होंने अंतिम सांस अपने निवास स्थान पर ली. उनकी मौत की खबर से कटकमसांडी में शोक की लहर छा गई. बता दें कि कटकमसांडी भाजपा के युवा कार्यकर्ता अनुराग मित्तल उर्फ सीकू का दादा थे ।लक्ष्मी लाल अग्रवाल.विदित हो कि समाज सेवी लक्ष्मी लाल अग्रवाल कुछ दिनों से अस्वस्थ थें. उनके आकस्मिक निधन से कटकमसांडी में शोक व्याप्त है. लक्ष्मी लाल अग्रवाल की सभी समाज में अच्छी पैठ थी। वे सभी के हीत एवं सभी के सुख दुख में सदैव खड़े रहते थे।लक्ष्मी लाल अग्रवाल के दो लड़का और दो लड़की समेत भरा पुरा परिवार को छोड़ कर स्वर्ग वास चले गए। समाज में एक अच्छे समाजसेवी के साथ वे एक सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे.उनके निधन से अग्रवाल समाज समेत कटकमसांडी के सभी समाज के लोग काफी आहत है. इस आपूर्णीय क्षति में सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि समाजहीत में अकस्मात उनका चले जाना अपूर्णीय क्षती है. उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को 11 बजे कटकमसांडी स्थित शमसान घाट पर किया गया.।उनके अंतिम संस्कार में शामिल विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, राजद के जिला अध्यक्ष हिरामन यादव उर्फ चरका यादव , शिशुपाल सिंह, अशोक राम, रामचरित्र पांडेय, मनोज अग्रवाल,समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## पंचायत समिति सदस्यों ने नवपदस्थापित अंचलाधिकारी का किया स्वागत



**बरही (आवाज)।** बरही प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यो ने प्रमुख मनोज रजक के नेतृत्व में बरही में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो का स्वागत किया गया। इस बाबत प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा सहित दर्जनों पंचायत समिति सदस्यो ने मंगलवार को अंचलाधिकारी के कार्यालय जाकर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। सीओ से सभी पंचायत समिति सदस्यों ने आग्रह किया कि सभी कार्य सरलता पूर्वक समय सीमा के अंदर हो जाये। साथ ही उन्होंने सीओ से ससमय भूमि प्रतिवेदन, दाखिल खारिज, आय, जाति, आवासीय, रशीद निर्गत करने को लेकर अपनी बात रखी। वहीं पंसस जीतू ठाकुर ने अवगत कराया कि बरही पुल के पास रामकी कंपनी के द्वारा काफी मलबा छोड़ दिया गया है। जिससे स्थानीय लोगो को काफी परेशानी होती है उन्होंने अंचलाधिकारी से आग्रह किया कि इसे हटवाने

## संक्षिप्त खबर

### ग्रामीण एवं जनजातीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 7 से

हजारीबाग(आवाज)। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल विकास योजना के तहत जिला प्रशासन के तत्वावधान में ग्रामीण एवं जनजातीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागीयों को प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड,.भारा दौड एवं सेकोर खेल जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति के 14 से 40 वर्ष तक के आयुवर्ग के खिलाड़ी शामिल होंगे।

# तीन लाख कोयला मजदूर जायेंगे तीन दिवसीय हड़ताल पर

■ संयुक्त मोर्चा ने सीसीएल, चरही महाप्रबंधक को सौंपा हड़ताल नोटिस



हजारीबाग(आवाज)। देश के पांच केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया प्रबंधन के गलत रवैया के कारण 12,13, 14 अक्टूबर को देश के समस्त कोयला मजदूर तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे। इस संबंध आज पांचों श्रम संगठन को मिला कर बना संयुक्त मोर्चा ने चरही के लाल बंगला से एक विशाल जुलूस निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे और कार्यालय के मुख्य गेट पर ही सभा की। वक्ताओं ने कहा की देश के कोयला मजदूरों का 1 जुलाई 2021 से लंबित वेतन समझौता 20 मई 2023 को कोल इंडिया और सिंगरेनी कोल वाशरिज कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन तथा पांचो केंद्रीय श्रम संगठन के साथ 20 मई 2023 को कानून सम्मत समझौता होने के बाद इस समझौते को कोयला मंत्रालय के पास अनुमोदन के लिए भेज दिया गया। कोयला मंत्रालय के अनुमोदन मिलने के बाद कोयला मजदूरों को अगस्त 2023 में समझौते के अनुसार नया वेतन मिलना आरंभ हो गया और 23 माह का बकाया एरिया सितंबर 2023 में सभी मजदूरों को एक मुफ्त भुगतान कर दिया गया। इसके बाद वेतन समझौता पर सवाल उठाते हुए ऑफिसर एसोसिएशन ने डिपार्मेंट आफ पब्लिक इंटरप्राइजेज ( डीपीई) का हवाला देते हुए कहा की इस समझौते से मजदूरों का वेतन कुछ अधिकारियों से अधिक हो गया है जो गलत है इसलिए इस समझौते को रद्द किया जाए और इन मजदूरों को पूराना वेतन दिया जाय। इस संबंध में अधिकारियों के आवेदन पर उच्च न्यायालय, जबलपुर ने कोयला मंत्रालय को इस समस्या का समाधान 60 दिनों के अंदर करने का आदेश दिया था परंतु कोयला मंत्रालय इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं पाया है। इसलिए पांचो केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने कोल इंडिया प्रबंधन और कोयला मंत्रालय से मांग की है कि देश के कोयला मजदूरों का सितंबर 2023 का वेतन नए वेतन समझौते के अनुसार अक्टूबर 2023 में समय पर भुगतान किया जाए अगर इस वेतन में किसी प्रकार का कटौती होता है तो देश के कोयला मजदूर 12, 13, 14 अक्टूबर 2023 को तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी कोल इंडिया प्रबंधन और कोयला मंत्रालय पर होगी।

## एक नजर

### बड़ा बाजार दुर्गापूजा महासमिति की बैठक



हजारीबाग(आवाज)। मां दुर्गे का पावन पर्व महज 10 दिनों में नवरात्र के साथ प्रारंभ हो जाएगा 15 अक्टूबर को नवरात्र के एकम के साथ कलश स्थापना पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गे का भव्य पूजा प्रारंभ हो जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है इसी को लेकर हजारीबाग शहर का सबसे चर्चित महासमिति में से एक बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा पांचवी बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में उदय शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत माता रानी के जयकारों के साथ किया गया। सभी ने एक स्वर से जय माता दी का जयकारा लगाया। इसके बाद बैठक विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया, पूजा की दृष्टिकोण से हर एक बिंदु पर विशेष वातार्लाप की गई। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन 20 अक्टूबर दिन शुक्रवार पष्ठी तिथि को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। जिसमें करीब 500 से भी अधिक गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों के बीच कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया जाएगा साथ ही सभी को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। दरिद्र नारायण सेवा कार्यक्रम से पूर्व बड़ा बाजार चौक के दो मुख्य स्थान पर कूपन का वितरण किया जाएगा। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 अक्टूबर दिन शनिवार को महासप्तमी के दिन प्रातः काल में भव्य डोली यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ा बाजार क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु गण शामिल होते हैं।

### श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 'समग्र शिक्षा' कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान माला



हजारीबाग(आवाज)। श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 'समग्र शिक्षा' कार्यक्रम के अन्तर्गत सात दिवसीय व्याख्यान माला की शुरूआत की गई जिसमें आज के मुख्य वक्ता डॉ सुबोध सिंह ह्यशिवगीतह्न, विभावि, थे, जिनका स्वागत महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ परीक्षित लायक एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापिका डॉ अपोलिना बाखला ने पुष्प गुच्छ से किया । कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गई । इसके बाद जीरेन, शिखा, अर्चना, प्रज्ञा, निशा ने एक मधुर स्वागत प्रस्तुत किया । आज के मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ शिवगीत ने समग्र शिक्षा में मूल्य शिक्षा की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा कि भारत एक सहिष्णु देश है, जिसके नसों में मूल्य आधारित शिक्षा बसी हुई है । स्वयं का हित सोचने वाला शव है और दूसरों का हित सोचने वाला शिव है । भारत ही एक ऐसा देश हैं जहाँ विभिन्न धर्म, जाति, रंग के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ रहते हैं, यह यहाँ की संस्कृति एवं मूल्यों के कारण ही है । मूल्य आधारित शिक्षा की शुरूआत घर से होती है । धर्म का अर्थ मूल्य है । किसी की भावना का कद्र करना मूल्य है । कर्तव्यों का पालन करना ही धर्म है । हमारे देश की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था गुरूकुल परंपरा थी, पर विदेशी ताकतों ने हमारी शिक्षा व्यवस्था बदल दी जिसके कारण हमारी शिक्षा व्यवस्था एवं मूल्य का ह्रास होता जा रहा है । आज बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ हमारे घर में घुसकर हमारी परंपरा और मूल्यों को समाप्त कर रही है, हमें इसे समझने की जरूरत है । कार्यक्रम का संचालन रूचिका एवं सोफिया ने किया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ रूपा रानी ने दिया ।

# झारखंड शिक्षा परियोजना ने किया कला उत्सव 2023 का आयोजन

■ कई प्रतियोगिताओं में किया प्रदर्शन



हजारीबाग(आवाज)। जिले के छात्र छात्राओं को बेहतरीन मंच एवं उनके प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग द्वारा जिला स्तरीय कला उत्सव 2023-24 का आयोजन समाहरणायलय परिसर में में सफलता पूर्वक किया गया। हजारीबाग के लगभग सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से इस कला उत्सव का उद्घाटन किया गया। आज के इस उत्सव में गायन,वादन,नृत्य,एकल अभिनय,दृश्य कला, पेंटिग के साथ स्थानीय पारंपरिक खिलौने एवं खेल से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां इस प्रतियोगिता में अनिल पृथ्वी, तोड़ाबल,कुमार केशव,सुनील कुमार सोनी,माधुरी पुरषोत्तम,सतेंद्र मिश्रा,अमित कुमार गुप्ता,समीर राजपूत,संजय कुमार बतौर निर्णायक शामिल थे। वहीं सहयोगी के तौर पर शुभम एवम पवन कुमार ने उत्कृष्ट भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला शिक्षक अधिक्षक संतोष गुप्ता,जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण, एडीपीओ सुनिला लकड़ा एवं कला उत्सव के जिला नोडल पदाधिकारी संजय तिवारी मौजूद थे।

### कमवि बरकट्ठा संकुल में विभिन्न प्रतिवेदन को लेकर समीक्षा बैठक



बरकट्ठा(आवाज)। प्रखंड क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में मंगलवार को विभिन्न विभागीय प्रतिवेदन को लेकर संकुलाधीन विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संकुल संचालक महेश प्रसाद चौधरी ने की। विदित हो कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार के आदेशानुसार विद्यालयों से विभिन्न प्रकार के प्रतिवेदन की मांग की गई थी। वहीं बैठक में प्रधानाध्यापकों ने माह सितंबर के प्रयास, हाउस का गठन, हाउस कप्तान ,हाउस लीडर ,हाउस समन्वयक के नाम,माह अगस्त से माह सितंबर में उपस्थित होने में तुलनात्मक समीक्षा,फॉलिक एसिड टेबलेट का वितरण ,एसएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अग्रिम शेड्यूल, एसडीएमआईएस का विद्यालय वार प्रोग्रेशन और फ्रिज, ई कल्याण पोर्टल में प्री मैट्रिक छात्रों का रजिस्ट्रेशन और वेरिफिकेशन, सामान्य जाति छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2023- 24, निःशुल्क बैग, नोटबुक, पाठ्य पुस्तक तथा ज्ञानसेतु पुस्तक वितरण का प्रतिवेदन समेत अन्य प्रतिवेदन को प्रधानाध्यापकों द्वारा संकुल स्तरीय बैठक में समर्पित की गई। वहीं संकुल साधन सेवी रामकृष्ण पांडेय ने संकुलाधीन विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से तमाम प्रतिवेदन को प्राप्त किया तथा समेकित कर प्रखंड संसाधन केंद्र को उपलब्ध कराया। मौके पर संचालक महेश प्रसाद चौधरी, प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव, राजेश कुमार शर्मा, उमेश राम, जय लाल प्रसाद ,सुधीर कुमार मिश्रा, बाबूराम मांझी, मुंशी महतो,बालेश्वर साव, राजू साव, समेत संकुलाधीन विद्यालय के तमाम प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# आधा दर्जन प्रखंडों में नये बीडीओ का पदस्थापन

हजारीबाग(आवाज)। झारखंड सरकार ने जिले में करीब आधा दर्जन प्रखंडों में नये प्रखंड विकास पदाधिकारियों की तैनाती कर दी है। जारी अधिसूचनाके मुताबिक सरायकेला-खरसावां में तैनात मृत्युंजय कुमार को पदमा का प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया है। पदमा के बीडीओ मनीष कुमार को जिले में ही दारू प्रखंड का बीडीओ बनाकर भेजा गया है। पलामू नौडीहा के बीडीओ जितेंद्र मंडल बड़कागांव के बीडीओ, गोविंदपुर, धनबाद के बीडीओ संतोष कुमार को इचाक, सेवा प्राप्त अमित कुमार को केरेडारी, सुश्री एकता वर्मा को डुमरी, गुमला से कटकमदाग व सेवा प्राप्त खुशबू कुमारी को टाटीझरिया का बीडीओ बनाया गया है।

### केंद्र सरकार से देशभर में जातीय जनगणना कराने की मांग



हजारीबाग(आवाज)। बिहार में हुई जातीय गणना के परिणाम का राष्ट्रीय ओबीसी के जिला अध्यक्ष जितेश्वर प्र मेहता, महिला मोर्चा प्रदेशअध्यक्षा प्रियंका कुमारी एवं प्रदेश सचिव अजय कु मेहता ने संयुक्त रुप से स्वागत किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, राजद सुप्रीमो लालू यादव एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बधाई देते हुए कहा कि यह बिहार के लिए एतिहासिक फैसला है। इस फैसले पर हजारीबाग राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला कमिटी ने उम्मीद जताया है कि जनसंख्या अनुपात में सभी वर्गों को बिहार में भागीदारी सुनिश्चित होगी। जातीय गणना से बिहार के शासन और प्रशासन में बडा.परिवर्तन आएगा और राज्य में समतामूलक समाज का निर्माण होगी । केन्द्र सरकार को अब ज्यादा देर करने की जरूरत नही है। अगर वह जाति जनगणना नही करती है तो आने वाला समय लोकसभा चुनाव में सता से बाहर हो जाएगी । राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा केन्द्र सरकार से वर्षों से मांग करते आया है और पुनः मांग करता है कि देश में जातीय गणना कराई जाय । अगर केन्द्र सरकार जातीय गणना कराने मे देर करती है तो झारखंड सरकार को झारखंड में बिहार के तर्ज पर जाति गणना करवानी चाहिए ।

# अदाणी फॉउंडेशन के फुटबॉल टूर्नामेंट पर महावीर युवा क्लब ने जमाया कब्जा

■ उपविजेता बनी बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल की टीम



बड़कागांव (आवाज)। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने फुटबॉल टूर्नामेंट में महावीर युवा क्लब बड़कागांव की टीम ने प्लस टू हाई स्कूल को 0-4 गोल से हराकर फाइनल मुकाबला में पहुंचा। प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में 27 सितम्बर से शुरू हुआ। प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों के 176 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से 21 हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम को 15 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को सात हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर इनाम के रूप में दिया गया। इसके अलावा बेस्ट गोलकीपर के रूप में पवन कुमार को एक हजार का गिफ्ट हैम्पर, प्लेयर ऑफ द मैच के रूप में प्रकाश कुमार और मैन ऑफ द मैच के रूप में परमेश्वर कुमार को एक-एक हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर दिया गया। इससे पहले प्रतियोगिता के दौरान चार-चार टीमों ने क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इन आठ टीमों के बीच हुए मुकाबले में चार विजेता टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई, जिसके बाद फाइनल मुकाबले के लिए दो मैच खेले गए, जिसमें बड़कागांव महावीर युवा क्लब चार गोल से जीतकर फाइनल का विजेता बना। वहीं, बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल की टीम को उपविजेता का खिताब मिला। तीसरे नंबर पर हरली की पीटीसीएच और हारम के युवा क्लब के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें युवा क्लब हारम ने जीत दर्ज की।

### एक्सपोजर विजिट में गए प्रमुखों की टोली ने की समाजसेवी अन्ना हजारे से मुलाकात



टाटीझरिया(आवाज)। एक्सपोजर विजिट में प्रमुख की टोली पुणे गई हुई है। जहां वे प्रसिद्ध समाज सेवी अन्ना हजारे से मिले। उनसे राजनीति, सामाजिक और वैचारिकता के बारे में विस्तार से प्रमुखों ने सुना । टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने दूरभाष पर बताया कि श्री हजारे से मिलकर वे काफी प्रभावित हुए। कहा कि वे उम्र के इस दहलीज पर हैं, जहां लोग केवल धर्म की बाते करते हैं,धर्म ग्रंथो के प्रति रुचि लेते हैं, वहीं ये न केवल धर्म बल्कि सामाजिक, राजनीतिक, वैचारिक, सांसारिक बातों के गूढ़ रहस्यों की बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि लोग चुनाव लड़कर का, गांव का क्षेत्र का प्रतिनिधि करने को इच्छुक होते हैं। जब चुनाव जीत जाते हैं तो लोग क्षेत्र के मतदाताओं से किए हुए वायदे भूल जाते हैं, यह उनकी मजबूरी भी है, क्योंकि वायदे तो चुनाव जीतने के लिए होती है। असल में वे उस समय जो वायदे करते हैं, वह उनकी पहुंच से बाहर होती है। इसलिए कभी भी वायदे पूरे नहीं होते। दूसरी ओर भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि उसके खिलाफ आप लड़ते रह जाओगे और कुछ कर नहीं सकोगे। हां, सचमुच जनता की सेवा करना चाहते हो तो चुनाव लडे बिना सेवा करो, जैसा मैं कर रहा हूं। उन्होंने कहा की उनके पास विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आए और अपने दल में शामिल होने को कहा, लेकिन मैने मना कर दिया। उन्होंने क्षेत्र में काम करने के कई टिप्स दिया। उनके साथ हजारीबाग जिले से कटकमदाग प्रमुख विनीता कुमारी भी थी।

# जल जमाव से आवागमन में हो रही परेशानी

■ ग्रामीणों ने की सड़क किनारे नाली की मांग



केरेडारी(आवाज)। केरेडारी क्षेत्र में रुक रुक कर हो रही भारी बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है । घर से निकलना दुभर हो रहा है। इन सब के बीच सबसे ज्यादा परेशानी मवेशियों को हो रही है। उन्हे चारा पानी देने में दिक्कतें आ रही है। इधर लगातार हो रही वारिश के चलते कई जगहों की सड़कों पर जल जमाव हो जा रहा है। जल जमाव के कारण सड़क से पार होने में मुश्किलें खड़ी हो रही है। घर से हाट बाजार तक निकलना मुश्किल हो गया है। जिसका साफ नजारा कराली गांव के टोला बेला में पी.डब्लू.डी के मुख्य सड़क में भोला मियां के घर से लेकर लगभग 200 फीट अंदर तक बनी सड़क में दिखा। इसी स्थान के आस पास पेटो गांव के रकीब मिंया के घर के पास से प्रदीप साव के तक 100 फीट तक जल जमाव हो गया है जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। जल जमाव के कारण रास्ते में बने गड्ढे भी नजर नहीं आते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। गांव के लोगों ने बताया की बेला पेटो में पीपल चौक से लेकर तिवारी टोला तक बनी कच्ची सड़क कि स्तिथि भी काफी खराब है यहां तो हल्की बारिश होने के बाद कीचड़ हो जाता है। इस दौरान मुहल्ला तक मोटरसाइकिल ले जाने में आफत हो जाता है। ग्रामीणों द्वारा कराली पंचायत के मुखिया अशोक राम और पेटो पंचायत के मुखिया कौशल्या देवी के समक्ष सड़क की परेशानी से अवगत करा दिया गया है। फिलहाल दोनों पंचायत के प्रतिनिधि से जल जमाव से मुक्ति दिलाने की बात रखी गई है। सड़क के किनारे नाली का निर्माण कराने की मांग ग्रामीणों ने की है ताकि जल जमाव से लोगों को तत्काल राहत मिल सके।

### आरोग्यम ने केबी महिला महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन, 7 यूनिट्स रक्त जुटाए गए



हजारीबाग(आवाज)। शहर के मशहूर अस्पताल आरोग्यम ने केबी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस छह घंटे के कार्यक्रम के दौरान कुल 7 यूनिट्स रक्त संग्रह किया गया। ब्लड डोनेट करने वालों में श्रवण कुमार सहाय, डिंपल सिंह, अनुराधा, तन्नूश्री यादव आलिया रहमान, नंदिनी कुमारी, रिया कुमारी थी । इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जीवन बचाने के लिए रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना था। केबी महिला महाविद्यालय के छात्राओं ने इस नोबल कार्य में सक्रिय भाग लिया और समुदाय के कल्याण के प्रति अपनी संकल्पना का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शारदा शर्मा , ने शिविर के प्रतिभागियों को संबोधित किया और रक्तदान के फायदों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा करने का एक उच्च आदर्श है। यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समुदाय के सदस्यों के बीच एकता और जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करता है।

### पचरुखी तिलैया में 2 महीने से ट्रांसफॉर्मर खराब, विभाग मौन

बरकट्ठा(आवाज)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचरुखी तिलैया में विगत दो महीने से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीण को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुखिया रीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को दी। तत्पश्चात मुखिया ने आश्वाशन दिया कि आपलोग को बहुत जल्द ट्रांसफार्मर मिल जाएगा इसके लिए प्रयास जारी है। साथ ही ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मुखिया रीता देवी ने पत्रकारों से बात चीत में कहा कि बीते कुछ दिन पहले हाथियों का तांडव ने कई घरों को गिरा दिया। साथ ही कई लोग को घायल कर दिया था। जिसके बाद मुखिया ने संज्ञान लेते हुए घायल को निजी वाहन से अस्पताल लाकर इलाज करवाया। कहा कि बिजली रहती तो शायद हाथियों द्वारा इतने बड़े पैमाने पर नुकसान नहीं किया जाता।

# 70 बरस का इतिहास समेटे है नवाबगंज छठ तालाब का दुर्गोत्सव

■ 1954 से लगातार मां दुर्गे की की जा रही है पूजा-अर्चना

■ माता रानी की प्रतिमा की ऊंचाई 10 फीट की होगी



हजारीबाग(आवाज)। नवरात्र प्रारंभ होने में महज 13 दिन शेष है, ऐसे में शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न समिति के द्वारा तैयारियां अंतिम चरण पर है इसी बीच आज हम आपको नवाबगंज छठ तालाब दुर्गा पूजा समिति से वाकिफ कराने जा रहे हैं। समिति के द्वारा 1954 से मां दुर्गे की पूजा अर्चना भव्य के रूप से की जा रही है समिति इस वर्ष अपनी 70वीं वर्षगांठ बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। नवाबगंज छठ तालाब पूजा समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष विक्रमादित्य, राजेश प्रसाद राजू, अनिल प्रसाद, महासचिव कुंदन पांडे, पूजा प्रभारी एवं प्रसाद सुनील कुमार सिन्हा सहित तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य गण पूजा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि कौन से मंदिर परिसर क्षेत्र के आसपास सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा हेतु वॉलिंटियर एवं फायर संबंधित उपकरण लगाए जाएंगे साथ ही संबंधित थाना को सूचित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष माता रानी की प्रतिमा की ऊंचाई करीब 10 फीट होगी। मां दुर्गा की प्रतिमा का दीदार करने के लिए शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोग पहुंचते हैं, इसी दृष्टिकोण से प्रतिमा को भव्य एवं आकर्षक बनाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ मां दुर्गे की पूजा अर्चना की जाएगी, मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र को पूरे दुल्हन की तरह सजाया जाएगा विद्युत सज्जा हजारीबाग का ही है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि माता रानी का विसर्जन छठ तालाब में ही किया जाता है आसपास क्षेत्र के लोग विसर्जन के दौरान शामिल होते हैं। समिति के अध्यक्ष ने बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिनों का महाभोग का आयोजन किया जाएगा। सतमी, अष्टमी एवं नवमी को आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग पूजा को संपन्न करने में रहता है। समिति के सदस्यों ने बताया कि महासप्तमी,महाष्टमी एवं महानवमी को संध्या काल में माता रानी की विशेष महाआरती की जाएगी जिसमें आसपास क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु गण मंदिर परिसर पहुंचेंगे। समिति संरक्षक मंडली में समाज सेवी रघुनाथ प्रसाद, सुरेंद्र किशोर प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, सुभाष चंद्र सेठी, जितेंद्र नारायण झा, ब्रम्हदेव पाण्डेय और प्रमोद कुमार सिन्हा संरक्षक का दायित्व संभाल रहे हैं।

## संक्षिप्त खबर

### दोतल्ला पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन




**भुरकुंडा (आवाज)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में सोमवार को महात्मा गांधी एवं भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। ग्रामसभा की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से वन अधिकार समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात मनरेगा सहित अन्य विभागों के योजनाओं का चयन किया गया। मुखिया द्वारा जल-जंगल व जमीन और उनके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की सामूहिक शपथ भी उपस्थित लोगों को दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के दिवंगत निवासी कलाम अंसारी एवं ग्राम पंचायत हेसला के मुखिया की माता रामराजी देवी के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। ग्रामसभा में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, जल सहिया छुबि देवी, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, दया मुनि मुर्मू, रेणुका देवी, शकुंतला देवी, पुष्पा सिन्हा, अनीता देवी, बीना देवी, मनारा देवी, रंजू सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, मंजू देवी, राधा देवी, इशरत जहां, किरण सिंह, प्रेमी सलोनी तिर्की, इस्थेर लकड़ा, जामा देवी, सीमा देवी, झरियो देवी, बिरसा उरांव, करण सिंह, मोनू झा, भीम सिंह, सुनील देवी, कलावती देवी, ज्योति कुमारी, महेश मांझी, रामप्रवेश भुंइया, राजू नायक, जितेंद्र नोनिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### भाजपा भदानीनगर मंडल ने भुरकुंडा रेलवे स्टेशन में चलाया स्वच्छता अभियान



**भुरकुंडा(आवाज)।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भाजपा भदानीनगर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को भुरकुंडा रेलवे स्टेशन में भाजपाईयों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के संसद के प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक मौजूद थें। भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनुप ठाकुर के अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भुरकुंडा स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की गई। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान रखने की बात कही गई। स्वच्छता अभियान में सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, रामगढ़ जिला डीएमएफटी के संसद प्रतिनिधि सुमन कुमार सिंह, भदानीनगर मंडल महामंत्री सागर कुमार दांगी, भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष अमरेश कुमार सिंह, जुगल नायक, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र मुंडा, आशीष कुमार शर्मा, प्रिंस कुमार, पंचम महतो आदि भाजपाई शामिल थें।

### सौदा डी पंचायत में वनाधिकार समिति का हुआ गठन



**भुरकुंडा (आवाज)।** सौन्दा डी पंचायत भवन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर सोमवार को वनाधिकार समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा व संचालन पंचायत सचिव खुशबू रानी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। तत्पश्चात सरकारी दिशा-निर्देशनुसार पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। जिसमे पंचायत स्तरीय वनाधिकार समिति का गठन किया गया। साथ ही जिला खनन मद योजना को सर्वसमिति से पास किया गया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से भारत सरकार की नीति आयोग से प्रवीण कुमार एवं मिथुन भंडारी उपस्थित थें।

---

आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा कार्यक्रम का आयोजन

# कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षाप्रद नाटक किया गया प्रस्तुत

## महिलाओं के बीच बचत करने की प्रेरणा के साथ-साथ रोजगार से जोड़ने का भी अवसर प्राप्त हुआ



**बड़कागांव(आवाज)।** बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत भवन में प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बादम आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा कार्यक्रम का आयोजन मुखिया सुनीता देवी की अध्यक्षता में किया गया, जिसका संचालन उषा कुमारी ने की। कार्यक्रम में मुखिया सुनीता देवी, हरली पंचायत के मुखिया कविता देवी, पूर्व मुखिया दीपक दास, पूर्व मुखिया भीखन महतो सहित अन्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया गया। सीएलएफ अध्यक्ष शांति देवी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व को बताया गया। तत्पश्चात सीएलएफ लेखापाल संजू देवी ने वित्तीय एक वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत की। प्रस्तुत किए गए लेखा-जोखा में संजू देवी ने बताया कि विगत 1 वर्ष में यह संकुल लगभग 99 लाख रुपए का आय व्यय किया है जिसमें 10 लाख 56 हजार 998 रुपए की बचत हुई है। कोई भी सदस्य द्वारा इस लेखा-जोखा को कभी भी देखा जा सकता है। इसके बाद समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया गया ताकि महिलाओं में अंधविश्वास एवं कुरीतियों को मिटाया जा सके। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गांव-गांव में महिला मंडल का गठन कर महिलाओं को स्वालंबी बनाने का योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। महिलाओं के बीच बचत करने की प्रेरणा के साथ-साथ रोजगार से जोड़ने का भी अवसर प्राप्त हुआ है। ग्रामीण महाजनों से छुटकारा मिला है। महिलाएं सशक्त बन रही हैं। इनके पारिवारिक स्तर ऊंचा उठ रहा है। कार्यक्रम में बड़कागांव के उप प्रमुख वचन देव कुमार, बीपीएम प्रकाश कुमार, सीसी देवनारायण महतो, नंदलाल कुमार दास, बृजेश कुमार, अकाउंटेंट संतोष कुमार, आरबीआई राकेश कुमार, सीएलएफ अध्यक्ष शांति देवी, सचिव कंचन कुमारी, कोषाध्यक्ष पूजा रानी, पूर्व अध्यक्ष पूनम पांडे, आईपीआरपी सन्निका देवी, बड़कागांव संकुल अध्यक्ष पूनम कुमारी, पूर्व पीआरपी निरंजन कुमार, जीसीआरपी कुमारी गिनी वर्मा, संगीता कुमारी, सीता देवी, सोनी कुमारी, रेखा कुमारी, ललिता कुमारी, सेतु दीदी रिंकी कुमारी, ममता कुमारी, रीता कुमारी, रिंकी कुमारी, अंजनी देवी, सुषमा कुमारी, संगीता कुमारी, प्रेमा कुमारी, रीना कुमारी, गीता कुमारी सहित सभी पंचायत के ग्राम संगठन की सक्रिय दीदी, अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष उपस्थित थे।

# प्रतिमा अनावरण में शहीद भगत सिंह के भाई के पोते यादविंदर सिंह संधू होंगे शामिल



**बरही (आवाज)।** 7 अक्टूबर को चौपारण में शहीद भगत सिंह व शहीद चंद्र शेखर आजाद की प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि शहीद भगत सिंह के भाई के पोता यादविंदर सिंह संधू होंगे। इस कार्यक्रम की विशेष तैयारी को लेकर सभी प्रखंडों में बरही विधायक उमाशंकर अकेला कार्यकताओं के साथ बैठक कर रहे है। इसी के तहत मंगलवार को बरही प्रखंड टाउन हॉल में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक हुई। इस बैठक में बरही प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि शहीद भगत सिंह और उनके साथी देश की आजादी के लिए फांसी पर झूल गए। कहा कि जंग-ए-आजादी के दीवाने शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु, शहीद असफाकुल्लाह खान को अंग्रेजों द्वारा फांसी दे दी गई। इन्ही स्वतंत्रता सेनानियों की याद में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। जिसमें पूरे विधानसभा से 10000 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। बैठक में विधायक ने कहा कि अरबों रुपए का योजना बरही विधानसभा में चल रहा है, यह उन्होंने अपने प्रयास से सरकार से लाकर कर रहा हूं। उन्होंने बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बीजेपी सिर्फ झूठ बोल कर जनता को 9 वर्षों से ठगने का काम कर रही है। देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता को धर्म का अफीम देकर जनता के मुख्य समस्याओं से ध्यान भटका कर राजनीतिक स्वार्थ साध रहे हैं, इससे जनता को सावधान रहना चाहिए। कार्यकर्म में कांग्रेस के ज़िला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बरही अब्दुल मन्नान वारसी, विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, मो तौकीर रजा, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक मोर्चा रुस्तम अली, मोहम्मद रिजवान, मनोज रविदास, रघुवीर यादव, गुलाम मुस्तफा, अमित जैसवाल, बासुदेव यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलावती अपार्टमेंट में दीया के कारण लगी आग....



**हजारीबाग(आवाज)।** बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हुरहरू रोड स्थित कलावती अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 202 अनिल कुमार का है। मंगलवार को देर शाम अचानक इनके फ्लैट में आग लग गई। आग का कारण दीया बताया गया है। जिस वक्त फ्लैट में आग लगी घर की कोई भी सदस्य घर में मौजूद नहीं थे। घर के मुखिया अनिल कुमार का राशन का दुकान है वह अपने दुकान में थे वहीं अन्य सदस्य पूजा करने गए थे। इसी वक्त फ्लैट में आग लग गई, फ्लैट के अन्य सदस्य की मदद से परिवार जनों को सूचित किया गया इसके बाद अग्निशमन को सूचित किया गया, एक अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग में काबू पहुंचाई, किसी भी व्यक्ति को हानि नहीं पहुंची है। घर के मुख्य अनिल कुमार ने बताया कि प्रतिदिन इस स्थान पर दीया रखा करते थे, और मंगलवार को भी दीया इस स्थान पर रखा हुआ था अचानक हवा से दीया बगल में रखे वाशिंग मशीन में गिर गया इसके बाद आग लग गई। करीब 50,000 से ऊपर का सामान क्षतिग्रस्त हुआ है। मौके पर पहुंचे फायर स्टेशन के सदस्यों ने बताया कि फायर स्टेशन के नंबर 9304953423 पर संपर्क करने से तुरंत अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंच जाएगी।

# रक्तदान शिविर में 45 यूनिट ब्लड एकत्रित कर ब्लड बैंक में किया जमा





**रामगढ़(आवाज)।** पंचवटी अपार्टमेंट में 3 अक्टूबर को रोटरी रामगढ़ सिटी एवं पंचवटी फ्लैट आनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ,पंचवटी फ़्लैट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गोयल एवं डॉक्टरों के टीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में 45 यूनिट ब्लड एकत्रित कर ब्लड बैंक में जमा किया गया। यह शिविर रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के द्वारा संचालित प्राइम ब्लड बैंक के डॉक्टर आलोक प्रसाद एवं उनकी टीम के सहयोग से लगाया गया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन अनिल गोयल थे । मौके पर क्लब के अध्यक्ष रवि अग्रवाल कहा कि रक्तदान महादान है, यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है। अपने जीवन में सभी व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। शिविर में पंचवटी परिवार के महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में क्लब के सचिव दीपक अग्रवाल, रूपेश गुप्ता,विकास अग्रवाल,हरीश चौधरी, प्रकाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल,दीपक खंडेलवाल ,भरत गोयल, सूरज अग्रवाल, रोहित पंसारी ,वरुण बगड़िया पंचवटी अपार्टमेंट से दिवाकर राम, रवि रंजन, अरुण गोयल ,सुदीप सरकार ,महेंद्र मुंडा, सुखबीर सिंह, मोहन झा, जय शंकर राम ने सहयोग दिया।

# मांडू पुलिस ने मानव तस्करी को रोका



**मांडू (आवाज):** फेसबुक या संबंध लोगों के लिए ठगी सबब साबित होने लगा है ऐसा ही एक मामला चाईबासा जिला के गांव कुलून्दू सोनवा थाना क्षेत्र के जयप्रकाशबाकिरा नामक युवक के साथ हुआ और हैरान करने वाली बात यह है कि इस लड़के को शादी कराने का झांसा देकर दिल्ली बुलाया गया दूल्हा बनने की हसरत लेकर निकले इस युवक ने अपने घर की दो बकरियों को दो हजार रुपये में बेचडाला और जहां कहां से उधर कर दिल्ली रवानगी कर ली इसकी भनक इसकी माताजी पार्वती देवी को लगी तो माताजी ने समझदारी का परिचय देते हुए सुनवा थाना जिला चाईबासा से संपर्क किया और थाना को पूरी जानकारी दी सुनवा थाना ने तत्काल सूचना मांडू थाना को दी इसके बाद मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने अपने दल बल के साथ हाईवे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया इस दरमियान युवक को एक सवारी बस से मांडू पुलिस ने बरामद कर लिया और इसकी सूचना सोनुआ थाना को दे दी गई सोनू थाना को युवक की बरामद की सूचना मिलते ही सुनवा थाना के पदाधिकारी व युवक की मां मांडू थाना पहुंचकर युवक को लेकर गांव लौट गई बताते चले की इस युवक को फेसबुक में एक लड़की दिखाकर उससे शादी कराने की बात कही गई और उसे कोडरमा स्टेशन पहुंचने को कहा गया युवक से पूछे जाने पर कहा कि हमें एक लड़की की फोन आई और और हम कोडरमा स्टेशन पहुंचने का जुगाड़ लगा लिया लेकिन मांडू थाना के थाना प्रभारी ने सघन चेकिंग अभियान चला कर युवक को बरामद कर लिए जो की मांडू पुलिस के लिए यह भी एक बड़ी सफलता से काम नहीं है अगर युवक दिल्ली किसी तरह पहुंच जाता तो वह मानव तस्करी का शिकार हो जाता और वह फिर कभी अपने घर वापस नहीं आता।

# जनता दरबार में लोगों के समस्याओं से अवगत हुए डीसी

**चतरा (आवाज):** उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन माध्यम से जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याएं सुनी। वहीं उक्त मौके पर उपायुक्त के निदेर्शानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जिले के एक व्यक्ति ने बताया कि अभिलेखागार से पंजी 2 के लिए मेरे द्वारा आवेदन दिया गया है।लेकिन अभी तक सत्यापित कॉपी अप्राप्त है। इसे लेकर मौके पर उपस्थित अभिलेखागार के पदाधिकारी ने उपायुक्त को जानकारी दिया की अगर कोई भी व्यक्ति पंजी 2 के लिए आवेदन करते हैं तो उसे नियमानुसार पंजी 2 की कॉपी एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करा दी जाती है। वहीं दूसरे मामले में राशन कार्ड धारक लाभुक ने आवेदन के माध्यम से बताया कि हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पचायत अंतर्गत डीलर द्वारा 2 किलो ग्राम अनाज की कटौती प्रति व्यक्ति की जा रही है। इस मामले को उपायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कहा डीलर द्वारा इस तरह के रवैया को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

## एसपी राकेश रंजन जिले में अफीम की खेती पर अंकुश लगाने के लिए तैयार किया एक्शन

# अफीम से होने वाले दुष्परिणाम को लेकर किया

आवाज प्रतिनिधि :



**चतरा :** अफीम की खेती पर अंकुश लगाने हेतु चतरा एसपी राकेश रंजन की पूरी तरह गंभीर है ।एसपी की अध्यक्षता में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उत्तरी एवं दक्षिणी, सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस निरीक्षक, परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, चतरा, वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी / ओ०पी० प्रभारी के साथ अफीम की खेती पर पूर्णतः अंकुश लगाने के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक किया गया। उक्त बैठक में निर्देश दिया गया की अफीम की खेती से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक कर व्यक्तियों को जागरूक किया जाना है।

वही पूर्व के एनडीपीएस एक्ट के काण्डों में संलिप्त अभियुक्तों एवं वन विभाग के भूमि पर अतिक्रमण कर अफीम की खेती करने के संबंध में दर्ज मामलों की गॉववार सूची तैयार कर 47 एन०डी०पी०एस० एक्ट एवं द०प्र०स० की धारा 107 एवं 110 के तहत कार्रवाई की जानी है। पूर्व के वर्षों में अफीम की खेती किये जाने वाले स्थानों के जीआर को संधारित किया गया है, जिसका सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई किए जाए। सैटेलाईट इमेज एवं ड्रोन कैमरे के माध्यम से वर्तमान में अफीम की खेती हेतु वैसे स्थानों को जहाँ पर वन / जंगल झाड़ी की कटाई की गई है उन स्थानों को चिन्हित कर वन अधिनियम की धारा के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी , मुखिया, सरपंच, चौकीदार, वनरक्षी, बीज भण्डार दूकानदार, गणमान्य व्यक्तियों एवं अन्य ग्राम अधिकारी को 47 एन०डी०पी०एस० एक्ट के तहत नोटिस निर्गत करने तथा 47 एन०डी०पी०एस० एक्ट के संबंध में अवगत कराएं की जैसे ही आपकी जानकारी में यह कि किसी भूमि पर अफीम पोस्ता, कैनेबिस के पौधे या कोका के पौधे की अवैध खेती की गई है ।तो उसकी सूचना अविलम्ब संबंधित थाना प्रभारी / पुलिस पदाधिकारी को या धारा 42 में उल्लेखित किसी विभाग के किसी अधिकारी को देंगे और सरकार के प्रत्येक ऐसे अधिकारी, पंच, सरपंच और अन्य ग्राम अधिकारी जो इसकी सूचना नहीं देंगे वह दंड के भागी होंगे,बड़े तस्करों के विरूद्ध पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रस्ताव समर्पित करें, जिसमें उसके संपत्ति का भी सत्यापन कर विवरणी अंकित करें ताकि संपत्ति जप्ती की कार्रवाई की जा सकें।

---

### मूसलाधार बारिश में गिरा मिट्टी का घर



**गोमिया (आवाज) :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के मियाँबन्ध निवासी देवदीप कुमार दास का मिट्टी का खपरैल घर की दीवार एक साइड इस मूसलाधार बारिश के कारण गिरा ।इस मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है ।इस मूसलाधार बारिश के कारण लोगों मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि सोमवार को रात में लगभग2 10 : 20 मे घर का सभी सदस्य खाना खाने के बाद सभी लोग अपने -अपने बिस्तर में सोने के लिए चले गए।और संगीता देवी पति कोलेश्वर रविदास अपने रूम मे जगे हुए थे ।उसी समय मिट्टी का दीवार भरकने लगा तभी अपने सभी परिवार के सदस्यों के साथ घर से बाहर निकल गए।ओर देखते ही देखते मिट्टी का दीवार एक साइड गिरा।और सभी सदस्य बाल बाल बचे ।वही संगीता देवी ने बताया कि मेरा दो बेटा है देवदीप कुमार एवं निकी कुमार जो सादी विवाह का उम्र हो गया है घर नही रहने के कारण सादी विवाह नहीं कर पा रही हूं।अब जो घर था वह भी गिर गई है ओर खपरैल का छत भी गिरने का है कभी भी गिर सकता है ।यह मिट्टी खपरैल का घर ससुर ने बनाया था जो आज गिरा ।इस वारिश मे हमलोग कहा रहेंगे इस सरकार से प्रधानमंत्री आवास एवं अम्बेडकर आवास की गुहार लगाई है।

### मूसलाधार बारिश से धारासाही हुआ घर, दूसरे के घर में रहने को विवश




**कुंदा (आवाज):** लगातार रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश में मंगलवार को मांझीपारा गांव निवाशी चौठी भुईया का खपरैल घर धराशाही हो गया। चौठी भुइंया काफी गरीब परिवार से है ,घर गिर जाने के कारण वह फिलहाल गांव के संजय भारती के नवनिर्मित घर मे रहने को मजबूर है। भुक्तभोगी मजदूरी कर अपना परिवार को जीविकोपार्जन करते है। जानकारी देते हुए बताया की आर्थिंक स्थिती उतनी अच्छी नही है की वह खुद से अपना घर बना सकें।अभी तक आवास योजना का लाभ उन्हें नहीं मिला है। वही कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू ने क्षतिग्रस्त घर को निरीक्षण कर उन्हें जल्द ही आपदा राहत के तहत उचित मुआबजा दिलाने की बात कही है।

### गांधी व शास्त्री जी की जयंती पर जल, जंगल व जमीन और संसाधनों की रक्षा का लिया गया संकल्प



**भुरकुंडा (आवाज)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सोमवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के तसवीर पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने गांधी जी व शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जयंती सिर्फ उत्सव का दिन नहीं बल्कि चिंतन का भी दिन है। यह हमें उन सिद्धांतों की याद दिलाता है जिनके लिए गांधी जी खड़े थे। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के प्रति गांधीजी की अटूट प्रतिबद्धता ने दुनिया भर में मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए आंदोलनों को प्रेरित किया। मुखिया श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में अपने अपेक्षाकृत कम समय के बावजूद लाल बहादुर शास्त्री ने भारतीय राजनीति और समाज पर एक अमिट छाप छोड़ी, जो अपनी सादगी, ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थें। मुखिया द्वारा उपस्थित लोगों को जल, जंगल व जमीन और उनके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने का सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। ग्रामसभा में प्रवीण कुमार, मिथुन कुमार, संजीत राम, रोशन पासवान, विजय दुबे, लाली करमाली, अरविंद तिवारी, विजय पासवान, शिवकुमार दास, किरण तिवारी, प्रीति देवी सुनीता देवी, रूपा देवी, विमला देवी, पम्मी देवी, आशा देवी, मधुमिता दास, अर्पण दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

### चोरी की घटना से परेशान दुकानदार, टेलीकॉम वर्ल्ड मोबाइल दुकान में हजारों की चोरी





**भुरकुंडा (आवाज)।** भुरकुंडा में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है।आए दिन बेखौफ दुकानों के एस्बास्टर तोड़ चोरी की घटना का अंजाम दिया जा रहा है। और भुरकुंडा पुलिस मूक दर्शक बनी है । बीते रात जनता टॉकीज के समीप मोबाइल टेलीकॉम दुकान में चोरों ने चोरी के घटना को अंजाम दिया । और हजारों रुपए के सामान सहित 4200 रुपए नकद ले उड़े। भुक्तभोगी दुकानदार सागीर ने बताया कि सोमवार की देर शाम रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर गये।और मंगलवार की सुबह दुकान खोलने पर दुकान का एजबेस्टस उखड़ा हुआ पाया। जिसमे पाया की 20से 25 हजार के समान की चोरी हुई है। **इस मामले की सूचना** - भुरकुंडा पुलिस को देने पर पुलिस छानबीन में जुट गई। आसपास के सीसीटीवी के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मालूम हो की हाल के दिनों में कई दुकान-मकान में चोरी को अंजाम दिया गया है। बीते शुक्रवार बिरसा चौक स्थित नंदनी टेलीकॉम और इलेक्ट्रिकल्स में चोरी हुई थी। इससे पूर्व एक ही रात में एक साथ चार दुकानों को निशाना बनाया गया है। भुरकुंडा ओपी के ठीक सामने गया बेटल शॉप में दो बार चोरी हुई है। भुरकुंडा पुलिस चोरों को पकड़ने में फिलहाल पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। चोरी की घटनाओं पर भुरकुंडा पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। दुकानदारों में काफी रोष देखा जा रहा है। चर्चा है कि सीसीएल में लोहा और कबाड़ चुराने वाला गिरोह अब दुकानों को लगातार निशाना बना रहा है। भुरकुंडा में बढ़ती चोरी की घटना को रोकने में नाकाम पुलिस पर सवालिया निशान खड़े हो रहे है ।फिलहाल देखना लाजमी होगा की आखिर कब तक भुरकुंडा पुलिस चोरों को पकड़ने में कामयाब होती है।

## एशियन गेम्स : महिलाओं ने 5000 मीटर दौड़ और भाला फेंक में दिखाया दमखम

# पारुल चौधरी और अन्नू रानी ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी






**हांगझोउ।** पारुल चौधरी ने शानदार दमखम का परिचय देते हुए महिला 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अनु रानी सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिला भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष पर रही जिससे भारत मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धाओं में छह पदक जीतने में सफल रहा। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी अंतिम लैप में जापान की रिरिका हिरोनाका से पीछे चल रही थी लेकिन अंतिम 40 मीटर में उन्हें पछाड़कर 15 मिनट 14.75 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पारुल का मौजूदा एशियाई खेलों में यह दूसरा पदक है। उन्होंने सोमवार को महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। मेरठ की 31 साल की अनु ने अपने चौथे प्रयास में 62.92 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की नदीशा दिल्हान और चीन की हुइहुइ ल्यु ने क्रमशः 61.57 मीटर और 61.29 मीटर के प्रयास के साथ रजत और कांस्य पदक जीते। मोहम्मद अफजल ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में एक मिनट 48.43 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता। इसी स्पर्धा में कृष्ण कुमार डिस्क्वालीफाई हो गए। तेजस्विन शंकर ने पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में 7666 अंक के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ रजत पदक हासिल किया। इससे पहले वह 1500 मीटर फाइनल में चौथे स्थान पर रहे थे। भारत का एशियाई खेलों की पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में 1974 के बाद यह पहला पदक है। विजय सिंह चौहान एशियाई खेलों की इस स्पर्धा में 1974 में पदक जीतने वाले पिछले भारतीय थे। पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड भरतिंदर सिंह के नाम था जो 7658 अंक का था। प्रवीण चित्रावेल ने पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में 16.68 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। इसी स्पर्धा में एन अब्दुल्ला अबुबाकर 16.62 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीन के झू येमिंग (17.13 मीटर) और फेंग याओकिंग (16.93 मीटर) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। इससे पहले विथ्या रामराज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाने के बावजूद महिला 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने में सफल रही। पच्चीस साल की विथ्या ने 55.68 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। बहरीन की ओलुवाकेमी मुजिदात आदेकोया ने 54.45 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीन की जेदी मो ने 55.01 सेकेंड का सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विथ्या ने सोमवार को 55.52 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 1984 में बनाए पीटी उषा के 400 मीटर बाधा दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करके अपनी हीट में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। विथ्या भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम का भी हिस्सा थी जिसने सोमवार को श्रीलंका के लेन के उल्लंघन के कारण डिस्क्वालीफाई होने के बाद रजत पदक जीता।

### पुरुष 800 मीटर दौड़ में मो. अफजल को रजत




**हांगझोउ।** भारत के मोहम्मद अफजल ने पुरुषों के 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता है। उन्होंने 1:48:43 मिनट का समय लिया। आखिरी कुछ मीटर में सऊदी अरब के एसा अली ने उन पर लीड ले ली और वह स्वर्ण से चूक गए। भारत के कृष्ण कुमार पांचवें स्थान पर रहे।

### पुरुष डेकेथलॉन में तेजस्विन शंकर को रजत




**हांगझोउ।** भारत के तेजस्विन शंकर ने रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने डेकेथलॉन में यह कामयाबी हासिल की। इस स्पर्धा में 10 अलग-अलग खेल खेले जाते हैं। दो दिन तक यह मुकाबला चलता है। भारत ने इस स्पर्धा में 1974 के बाद कोई पदक जीता है। 1974 में विजय सिंह चौहान ने स्वर्ण और सुरेश बाबू ने कांस्य जीता था।

### लवलीना को ओलंपिक का टिकट, प्रीति और नरेंद्र ने जीते कांस्य पदक



**हांगझोउ।** विश्व चैम्पियन लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचकर ओलंपिक कोटा हासिल किया जबकि प्रीति पवार (54 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल मुकाबले में हारने के बाद कांस्य से संतोष करना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने सेमीफाइनल में एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता थाईलैंड की बेसन मानिकोन को सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में हराया। लंबे कद का पूरा फायदा उठाते हुए लवलीना ने शानदार मुक्के लगाये। पहले दौर में पिछड़ने के बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी ने आखिरी तीन मिनट में वापसी की कोशिश की लेकिन कामयाबी नही मिली। दूसरी ओर ओलंपिक कोटा हासिल कर चुकी प्रीति को मौजूदा फ्लायवेट चैम्पियन चीन की चांग युआन ने 5-0 से हराया। पहले तीन मिनट में प्रीति ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए घूंसे बरसाये लेकिन बाद में लय कायम नहीं रख सकी। चीनी खिलाड़ी ने जबर्दस्त आक्रामकता दिखाते हुए उसे कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में पांच में से चार जज ने चीनी खिलाड़ी के पक्ष में फैसला दिया। दूसरे दौर में प्रीति ने उसका डिफेंस तोड़ने की कोशिश की। प्रीति को सिर के पीछे से मारने पर युआन को चेतावनी भी मिली। उसने आखिरी तीन मिनट में रक्षात्मक खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की। नरेंद्र सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता कामशीबेक कुंकाबायेव से 0-5 से हार गए और इस तरह से ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूक गए। एक अजीबोगरीब घटनाक्रम में सचिन सिवाच अपना 57 किग्रा का क्वार्टर फाइनल मुकाबला ल्यू पिंग से तीन मिनट और सात सेकंड में 1-4 से हार गए। दोनों मुक्केबाजों के सिर टकराने के कारण चीन के खिलाड़ी के माथे पर घाव हो गया। पिंग ने पहला राउंड 4-1 से जीता था और जब यह स्पष्ट हो गया कि खून बहने के कारण वह मुकाबला आगे जारी नहीं रख सकते हैं तो जजों ने चीन के खिलाड़ी के पक्ष में फैसला सुना दिया।

## एशियन गेम्स 2023 पदक तालिका

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 161 | 90 | 46 | 297 |
| 2. | जापान | 33 | 47 | 50 | 130 |
| 3. | दक्षिण कोरिया | 32 | 42 | 65 | 139 |
| 4. | भारत | 15 | 26 | 28 | 69 |
| 5. | उज्बेकिस्तान | 14 | 15 | 21 | 50 |
| 6. | चीनी ताइप | 12 | 10 | 18 | 40 |
| 7. | थाईलैंड | 10 | 11 | 19 | 40 |
| 8. | उत्तर कोरिया | 07 | 10 | 06 | 23 |
| 9. | बहरीन | 07 | 01 | 04 | 12 |
| 10. | हांगकांग | 06 | 15 | 24 | 45 |

### कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी



**नौकायन में पुरुष टीम ने जीता कांस्य**

अर्जुन सिंह और सुनील सिंह ने पुरुषों के कैनो डबल 1000 फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने पुरुषों की कैनो डबल 1000 मीटर स्पर्धा में 3.53.329 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

**महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में विद्या रामराज को कांस्य**

विद्या रामराज ने 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत को एक और पदक दिला दिया है। उन्होंने 55.68 सेकंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहीं और कांस्य पदक अपने नाम किया। बहरीन की अदेकोया ने 54.45 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण जीता। यह एशियन गेम्स का नया रिकॉर्ड भी है। वहीं, चीन की जियादी मो ने 55.01 सेकंड का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया।

**पुरुष ट्रिपल जंप, प्रवीण चित्रावेल को कांस्य**

प्रवीण चित्रावेल ने पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने छठे प्रयास में 16.68 मीटर की छलांग लगाई और तीसरा स्थान हासिल करने में सफल रहे। भारत के ही अबूबकर 16.62 मीटर की छलांग के साथ चौथे स्थान पर रहे।

**संक्षिप्त खबर**

### डीसीए का रजिस्ट्रेशन अब 10 अक्टूबर तक

आवाज प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद क्रिकेट संघ ने टीमों व खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की तारीखें बढ़ा दी हैं। संघ के महासचिव उत्तम विश्वास ने बताया कि अब 10 अक्टूबर तक सत्र 2023-24 के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकेगा। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन कराने की अनुमति दी जाएगी। इसमें सीनियर डिवीजन, ए डिवीजन, महिला अंडर-19, स्कूल अंडर-19, अंडर-16, कोचिंग कैंप अंडर-14 की टीमें रजिस्ट्रेशन करा सकेंगी। रजिस्ट्रेशन होटल रैमसन में सुबह 11 बजे से सायं पांच बजे तक किया जाएगा।

# एशियन गेम्स : भारत ने नेपाल को 23 रनों से हराया

### यशस्वी जायसवाल के शतक के बाद स्पिनरों ने दिलाई जीत

एजेंसी




**हांगझोउ।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद रवि बिश्नोई की अगुवाई में स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने एशियाई खेलों की पुरुष टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां नेपाल को 23 रन से शिकस्त दी। जायसवाल ने 49 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़ 100 रन बनाये। भारत ने चार विकेट पर 202 रन बनाने के बाद नेपाल की पारी को नौ विकेट पर 179 रन पर रोक कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। जायसवाल ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (23 गेंद में 25 रन) के साथ 59 गेंद में 103 रन की शतकीय साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलायी। शिवम दुबे (19 गेंद में नाबाद 25) और रिंकू सिंह (15 गेंद में नाबाद 37) ने पांचवें विकेट के लिए 22 गेंद में 52 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। रिंकू ने दो चौके और चार छक्के जड़े जबकि दुबे ने दो चौके और एक छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करते समय नेपाल की टीम 13 ओवर में चार विकेट पर 120 रन बना कर अच्छी स्थिति में थी लेकिन बिश्नोई ने खतरनाक बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी (15 गेंद में 32 रन) और अर्शदीप ने संदीप जोरा (12 गेंद में 29 रन) को आउट कर मैच में भारत की वापसी करायी। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए महज 20 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर भारतीय खेमे में थोड़ी देर के लिए खलबली मचा दी थी। बड़े स्कोर वाले इस मैच में बिश्नोई और पदार्पण कर रहे साई किशोर ने नेपाल की रन गति पर अंकुश लगाकर मैच में उलटफेर होने से टीम को बचा लिया। बिश्नोई ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि पदार्पण कर रहे वामहस्त स्पिनर किशोर ने चार ओवर में महज 25 रन खर्च कर एक विकेट लिया। आवेश खान (चार ओवर में 32 रन पर तीन विकेट) और अर्शदीप सिंह (चार ओवर में 43 रन पर दो विकेट) ने भी विकेट चटकाये लेकिन नेपाल के बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। दुबे ने तीन ओवर में 37 रन लुटाये। तेज गेंदबाजों का यह प्रदर्शन कोच वीवीएस लक्ष्मण के लिए चिंता का सबब होगा क्योंकि बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसी प्रतिद्वंद्वी टीमें उन्हें और परेशान करेंगी।

**स्कोर बोर्ड**

| भारत 202/4 (20 ओवर) | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल के अविनाश बोहरा बो दीपेंद्र सिंह | 100 | 49 | 8 | 7 |
| रुतुराज गायकवाड़ के रोहित पौडेल बो दीपेंद्र सिंह | 25 | 23 | 4 | 0 |
| तिलक वर्मा बो सोमपाल कामी | 2 | 10 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा के और बो लामिछाने | 5 | 4 | 1 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 25 | 19 | 2 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 37 | 15 | 2 | 4 |

अतिरिक्त (बा2,लेबा1,वा5,नोबा0,पी0) 8 रन कुल 20 ओवर में 4 विकेट पर 202 रन, **विकेटों का पतन** : 1-103, 2-111, 3-119, 4-150, **गेंदबाजी :** सोमपाल कामी 4-0-38-1, करण केसी 2-0-23-0, दीपेंद्र सिंह 4-0-31-2, अविनाश बोहारा 4-0-53-0, लामिछाने 3-0-28-1, रोहित पौडेल 3-0-26-0

| नेपाल 179/9 (20 ओवर) | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| कुशल भुर्तेल के अवेश खान बो साई किशोर | 28 | 32 | 4 | 1 |
| आसिफ शेख के जितेश शर्मा बो आवेश खान | 10 | 6 | 1 | 1 |
| कुशल मल्ला के रिंकू सिंह बो रवि बिश्नोई | 29 | 22 | 2 | 2 |
| रोहित पौडेल पगबाधा बो रवि बिश्नोई | 3 | 5 | 0 | 0 |
| दीपेंद्र सिंह ऐरी के साई किशोर बो रवि बिश्नोई | 32 | 15 | 0 | 4 |
| संदीप जोरा के यशस्वी जायसवाल बो अर्शदीप सिंह | 29 | 12 | 1 | 3 |
| सोमपाल कामी के साई किशोर बो अवेश खान | 7 | 5 | 0 | 1 |
| गुलसन झा के यशस्वी जायसवाल बो अर्शदीप सिंह | 6 | 6 | 1 | 0 |
| करण केसी नाबाद | 18 | 13 | 1 | 2 |
| संदीप लामिछाने के साई किशोर बो अवेश खान | 5 | 4 | 1 | 0 |
| अविनाश बोहरा नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त (बा4,लेबा3,वा5,नोबा0,पी0) 12 रन कुल 20 ओवर में 9 विकेट पर 179 रन, **विकेटों का पतन** : 1-29, 2-62, 3-76, 4-77, 5-122, 6-140, 7-156, 8-156, 9-173, **गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 4-0-43-2, आवेश खान 4-0-32-3, रविश्रीनिवासन साई किशोर 4-0-25-1, रवि बिश्नोई 4-0-24-3, वाशिंगटन सुंदर 1-0-11-0, शिवम दुबे 3-0-37-0

### भारत का दूसरा अभ्यास मैच भी बारिश की भेंट चढ़ा



एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** भारत का नीदरलैंड के खिलाफ दूसरा विश्व कप अभ्यास मैच मंगलवार को यहां लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया। मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। पिछले हफ्ते गुवाहाटी में भारत के पहले अभ्यास मैच में भी एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। भारत इस तरह एकमात्र टीम है जो विश्व कप में अभ्यास मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी का अभ्यास करे बिना उतरेगी। भारत विश्व कप में रविवार को चेन्नई में अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

### योगासन प्रतियोगिता में नव संकल्प को मिले 7 स्वर्ण

आवाज प्रतिनिधि



**धनबाद।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तृतीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में नव संकल्प क्लब भूली ने 7 स्वर्ण के साथ चैंपियन बना है। वहीं उपविजेता धनबाद पब्लिक स्कूल बना है। ग्रुप डांस में नव संकल्प भूली प्रथम, स्पार्टन अकादमी द्वितीय एवं धनबाद पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। संघ के सचिव के कुणाल कुमार के अनुसार चयनित खिलाड़ी आगामी 6 अक्टूबर से जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिन खिलाड़ियों को पदक मिला है उनमें बालक 9 वर्ष से कम वर्ग में अपूर्वो चटर्जी, शिवांशु कुमार, शुभम दास, सैफान खान, वेदान्त के अलावे बालिका 9 वर्ष से कम आयु वर्ग में आराध्या आनन्द, निधि कुमारी, वेदिका कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, आरोही पंडित, आदया सिन्हा, अंशिका वर्मा, कौशिकी कौशल शामिल है जबकि बालक 9 से 14 वर्ष में वीर दत्ता, समर सिंह, आदर्श कुमार पाण्डेय, विकास कुमार, अंकित कुमार, नैतिक सिन्हा, हिमांशु राज के अलावे बालिका 9 से 14 आयु वर्ग में रितिका प्रजापति, लावण्या सिंह, निभा कुमारी, राधिका किस्कू, भूमि पाण्डेय, वैष्णवी रवानी, प्रिसा श्रीवास्तव, सफा अजहर, आदया मिश्रा, आहाना कुमारी, अहाना घोष, अनन्या घोष शामिल है।

## आईसीसी वर्ल्ड कप से पहले फैंस के लिए बुरी खबर

# ओपनिंग सेरेमनी का नहीं होगा आयोजन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। टूर्नामेंट का पहला मैच 05 अक्टूबर को न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले सभी टीमें वार्मअप मैच खेल रही हैं। वर्ल्ड कप से पहले ओपनिंग सेरेमनी को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जो फैंस को निराश कर सकता है। दरअसल माना जा रहा था कि वर्ल्ड कप के ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन 04 अक्टूबर को किया जाएगा। लेकिन अब नए अपडेट के मुताबिक इस बार ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन नहीं किया जाएगा।



**सेरेमनी को लेकर था ये प्लान**

वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले जिस ओपनिंग सेरेमनी की चर्चा की जा रही थी उसके अनुसार इस सेरेमनी में बॉलीवुड के कई स्टार परफॉर्म करने वाले थे। इस सेरेमनी को शाम 7 बजे शुरू किया जाना था। लेकिन वर्ल्ड कप शुरू होने अब कुछ ही घंटों का समय बचा है और ओपनिंग सेरेमनी को लेकर बीसीसीआई और आईसीसी द्वारा कोई अपडेट सामने नहीं आया है। ऐसे में फैंस इसको लेकर काफी निराश हैं। हालांकि 4 अक्टूबर को सभी टीमों के कप्तान अहमदाबाद में ट्रॉफी के साथ फोटो सेशन के लिए मौजूद होंगे।

**मुश्किलों से घिरा रहा है यह वर्ल्ड कप**

इस साल का वनडे वर्ल्ड कप शुरूआत से ही मुश्किलों से घिरा रहा है। सबसे पहले काफी देरी से शेड्यूल जारी करने और उसमें दोबारा बदलाव करने को लेकर फैंस ने पहले ही आईसीसी की आलोजना की थी। फैंस को आईसीसी की इन हरकतों के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। माना जा रहा है कि आईसीसी ओपनिंग सेरेमनी की जगह क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन कर सकती है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि भारत बनाम पाकिस्तान मैच से पहले भी कुछ खास प्लान किया जा रहा है।

## मार्केट सूचकांक

**भारतीय**

| | | |
|---|---|---|
| निफ्टी | 19,528.75 | −109.55 |
| सेंसेक्स | 65,512.10 | -316.30 |

**अमेरिका**

| | | |
|---|---|---|
| नैस्डेक | 13,307.77 | +88.45 |
| डाओ जोंस | 33,268.12 | -165.23 |

**यूरोप**

| | | |
|---|---|---|
| FTSE (BRITAIN) | 7,493.59 | -17.13 |
| CAC (FRANCE) | 7,009.62 | -58.54 |

**एशिया**

| | | |
|---|---|---|
| NIKKEI 225 (JAPAN) | 31,237.94 | -521.94 |
| शंघाई (CHINA) | 3,110.48 | +3.16 |

**कमोडिटी**

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति | 56,384.00 | -721.00 |
| चांदी प्रति किलो | 67,247.00 | -2,610.00 |
| अल्यूमीनियम प्रति किलो | 208.70 | -3.25 |
| तांबा प्रति किलो | 705.00 | -17.45 |
| लेड प्रति किलो | 186.85 | -1.15 |
| जिंक प्रति किलो | 224.85 | -7.40 |
| मेंथा तेल प्रति लीटर | 924.90 | -1.60 |

**मुद्रा**

| | | |
|---|---|---|
| डॉलर प्रति रुपये | 83.2063 | -0.1534 |
| पाउंड प्रति रुपये | 100.430 | -0.3571 |
| यूरो प्रति रुपये | 87.0941 | -0.2701 |

# पहली छमाही में भारतीय कंपनियों की वित्तीय सेहत हुई कमजोर



**सेकेंड हाफ को लेकर क्रिसिल ने लगाया ये अनुमान**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों का प्रदर्शन पहली छमाही में उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कॉरपोरेट जगत की वित्तीय सेहत चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में थोड़ी नरम हुई है और दूसरी छमाही में इसमें और गिरावट आने की आशंका है। देशभर की करीब 6,500 कंपनियों की रेटिंग करने वाली क्रिसिल रेटिंग्स ने यह अनुमान कंपनियों के कर्ज अनुपात यानी उनकी रेटिंग में सुधार (अपग्रेड) एवं गिरावट (डाउनग्रेड) को ध्यान में रखते हुए लगाया है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने साफ किया कि आगे भी कर्ज अनुपात एक से ऊपर ही बना रहेगा। इसका मतलब है कि कंपनियों की रेटिंग में सुधार की संख्या गिरावट से अधिक रहेगी।

***443 कंपनियों के रेटिंग अपग्रेड किए गए***

एजेंसी के मुताबिक, अप्रैल-सितंबर 2024 में 443 अपग्रेड किए गए जबकि डाउनग्रेड की संख्या 232 रही। इस तरह भारतीय कंपनी जगत का कर्ज अनुपात 1.91 रहा जो इससे पहले की छमाही में 2.19 था। क्रिसिल के प्रबंध निदेशक गुरप्रीत छटवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में कंपनियों की वित्तीय सेहत का नरम होना अपेक्षा के अनुरूप ही है।

***महंगाई, कच्चे तेल में उछाल का हो रहा असर***

सरकार के ढांचागत परियोजनाओं पर खर्च बढ़ाने से कॉरपोरेट जगत को सकारात्मक कर्ज अनुपात हासिल करने में मदद मिल रही है। हालांकि, छटवाल ने कहा कि महंगाई की ऊंची दर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और बारिश के असमान वितरण से भारतीय कॉरपोरेट जगत की वित्तीय सेहत के लिए चुनौती बरकरार है।

# देश में कोयला उत्पादन सितंबर में 16 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन पर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** देश में कोयला उत्पादन सितंबर महीने में 15.81 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 5.80 करोड़ टन था। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान कोयला उत्पादन 12.06 प्रतिशत बढ़कर 42.82 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 38.22 करोड़ टन था। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. का उत्पादन सितंबर महीने में बढ़कर 5.14 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 4.57 करोड़ टन था। कोयला आपूर्ति आलोच्य महीने में बढ़कर 7.03 करोड़ टन रही जो बीते वित्त वर्ष के इसी महीने में 6.11 करोड़ टन थी। मंत्रालय ने कहा कि कोयला क्षेत्र में अच्छी वृद्धि देखी गई। उत्पादन, आपूर्ति और स्टॉक उल्लेखनीय स्तर पहुंचा। बयान में कहा गया, इस असाधारण वृद्धि का श्रेय सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों को जाता है। इन कंपनियों ने इस उल्लेखनीय प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# वित्त मंत्रालय ने अनुदान की अनुपूरक मांगों के लिए व्यय प्रस्ताव मंगाए

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों से अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच के लिए व्यय प्रस्ताव मांगे हैं। मंत्रालय ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच को संसद के आगामी सत्र में ही रखे जाने का प्रस्ताव है। शीतकालीन सत्र नवंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। ऐसी मांगों के तहत शामिल किए जाने लायक मामलों में भारत की आकस्मिक निधि से जारी हो चुकी अग्रिम राशि से संबंधित मामले भी होंगे। इसके अलावा अदालती आदेश के तहत किए गए भुगतान भी इसका हिस्सा होंगे। मंत्रालय ने कहा कि विशेष रूप से शीतकालीन सत्र में अनुपूरक मांग को आगे बढ़ाने की उसकी सलाह से जुड़े मामले भी इस प्रस्ताव का हिस्सा होंगे। मंत्रालय ने कहा, अनुपूरक अनुदान पर निर्णय करते समय अनुदान नियंत्रण प्राधिकारी को प्रस्ताव के भीतर बचत पर जरूर ध्यान देना चाहिए ताकि निरर्थक या बढ़ी हुई पूरक मांगों को छांटा जा सके और पूरक अनुदान मिलने के बाद उसे लौटाने की स्थिति न आए। इस ज्ञापन के अनुसार, मंत्रालयों को अपनी बजट-पूर्व बैठकें पूरी होने की तारीख से सात दिन के भीतर अपने पूरक प्रस्ताव प्रस्तुत करने होंगे। संशोधित अनुमान (आरई) 2023-24 और बजट अनुमान 2024-25 को अंतिम रूप देने के लिए बजट-पूर्व बैठकें 10 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच होने वाली हैं। अगले साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनावों की संभावना को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश किए जाने की उम्मीद है।

सिर से पांव तक कर्ज में डूबी है वेदांता

# अनिल अग्रवाल को अब बेचना पड़ेगा अपना स्टील कारोबार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उद्योगपति अनिल अग्रवाल का वेदांता समूह इस समय भारी कर्ज के बोझ से लदा है, अगर आम आदमी की भाषा में समझें तो वेदांता ग्रुप सिर से पांव तक कर्ज में डूबा है. ऐसे में अब समूह अब अपने कुछ कारोबार बेचने को मजबूर है. हाल में एक इंटरव्यू के दौरान अनिल अग्रवाल ने बताया कि अगले साल तक वेदांता अपने स्टील कारोबार को पूरा बेच देगी.इतना ही नहीं वेदांता समूह अपने अलग-अलग बिजनेस के डीमर्जर का भी प्लान बना रहा है. ताकि अलग-अलग कारोबार की वैल्यू को अनलॉक किया जा सके. समूह इन कंपनियों को एक ह्यस्वतंत्र कंपनीह्न के तौर पर चलाने जा रहा है, जिससे एक का असर दूसरे पर ना पड़े. एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि स्टील कारोबार से जुड़े एसेट्स चालू वित्त वर्ष (मार्च 2024 तक) बिक जाएंगे. वेदांता समूह ने अपने स्टील, लौह अयस्क और संबंधित बिजनेस वैल्यूएशन और रिव्यू जून से ही स्टार्ट कर दिया है.इसके अलावा वेदांता ग्रुप कई कारोबार का डीमर्जर करने वाला है. कंपनी ने बताया कि अब जल्द ही वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता पावर, वेदांता स्टील एंड फेरस मेटल्स, वेदांता बेस मेटल्स और वेदांता लिमिटेड नाम से अलग-अलग कंपनियां बनेंगी. इस डीमर्जर को लेकर अनिल अग्रवाल का कहना है कि इन सभी कारोबार का अपना खुद का एक मार्केट, डिमांड और सप्लाई है।

# आयकर विभाग : 30.75 लाख से अधिक ऑडिट रिपोर्ट ई-फाइलिंग पोर्टल पर जमा की गईं

INCOME TAX DEPARTMENT

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टैक्स (कर) आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 30 सितंबर की तय समयसीमा तक 30.75 लाख से अधिक ऑडिट रिपोर्ट ई-फाइलिंग पोर्टल पर जमा की गईं। आयकर विभाग ने सोमवार को बताया कि इन ऑडिट रिपोर्ट में से 29.5 लाख कर ऑडिट रिपोर्ट आकलन वर्ष 2023-24 से संबंधित हैं। इनके अलावा कुछ रिपोर्ट फॉर्म 29बी, 29सी, 10सीसीबी से संबंधित हैं।विभाग के मुताबिक, करदाताओं की सुविधा के लिए विभाग ने कई अभियान चलाए। इस दौरान सघन पहुंच कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इनके तहत ई-मेल, एसएमएस, सोशल मीडिया के जरिये तय समय में ऑडिट रिपोर्ट जमा करने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मामले से जुड़े 55.4 लाख संदेश भी भेजे गए। विभाग के मुताबिक, आयकर विभाग की वेबसाइट पर करदाताओं की जागरूकता से संबंधित कई वीडियो अपलोड किए गए। प्रयास करदाताओं और कर पेशेवरों की तरफ से तय समय के भीतर ऑडिट रिपोर्ट जमा करने में मददगार रहे हैं।

# 1.76 लाख करोड़ रुपए की 126 साल पुरानी कंपनी गोदरेज ग्रुप का हो सकता है बंटवारा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** देश के दिग्गज कारोबारी घरानो की जब भी बात आती है तो अंबानी, टाटा, बिड़ला, गोदरेज के नाम गिने जाते हैं. अब खबर आ रही है कि 126 साल पुराने गोदरेज ग्रुप का बंटवारा हो सकता है. 1.76 लाख करोड़ के वैल्यू वाले इस घराने में बिजनेस बंटवारे की कवायद शुरू हो चुकी है. आखिर क्या है माजरा और कैसे इस दिग्गज घराने का होगा बंटवारा, आइए जानते हैं.कार्पोरेट्स का बंटवारा इसलिए भी खास होता है क्योंकि इसमें उस घराने के साथ-साथ कईयों का भविष्य भी जुड़ा होता है. और सबसे खास बात है कि दिग्गज कारोबारी घरानों के बंटवारे में कई पेंच होते हैं. अगर आपको मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी का बंटवारा याद हो तो आप इसे समझ सकते है. 1.76 लाख करोड़ का गोदरेज ग्रुपगोदरेज ग्रुप का जब भी नाम आता है तो सबसे पहले ताले पर दिमाग जाता है. दरअसल 1.76 लाख करोड़ की बन चुकी गोदरेज ग्रुप ने अपने सफर की शुरूआत ताले बेचकर की थी. भारत की सबसे पुरानी कंपनियों में शुमार इस ग्रुप की शुरूआत 5 दशक पहले हुई थी।

**ताले बेचकर हुई थी शुरूआत**

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जिस ग्रुप की वैल्यूएशन आज 1.76 लाख करोड़ की है. इसकी शुरूआत कभी ताले बेचने से हुई थी. अब इस ग्रुप ने अपना विस्तार इतना कर लिया है कि ये करीब करीब हर सेक्टर में अपना हाथ आजमा रही है. इस ग्रुप ने वित्तवर्ष 2023 के 42,172 करोड़ का भारी भरकम रेवेन्यु हासिल किया है. वहीं प्रॉफिट की बात करें तो इस दौरान कंपनी का लाभ 4000 करोड़ के पार रहा है।

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) | |
|---|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 331 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 331 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हार्ड कोकिंग कोल | 259.75 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 200 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 195 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 185.75 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

**कोक प्राइस**

| | ASH | CSR | Rate | *CFR India |
|---|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 381 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 366 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 356 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 351 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# पाकिस्तान में महंगाई से हाहाकार गैस सिलेंडर 3000 रुपये के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जहां एक ओर भारत में महंगाई के कम होने के कयास लगाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देश पाकिस्तान में महंगाई 31 फीसदी के पार चली गई है, जो कि भारत के मुकाबले करीब 5 गुना ज्यादा है. वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 3000 रुपये के पार चले गए हैं. वास्तव में पाकिस्तान ने बेलआउट पैकेज के तहत आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए सितंबर के महीने में फ्यूल की कीमतों में इजाफा किया था. जिसके बाद देश में महंगाई चार महीने के बाद पहली बार बढ़ी है. पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, कंज्यूमर कीमतें सितंबर में एक साल पहले की तुलना में 31.44 फीसदी बढ़ीं है. यह आंकड़ा ब्लूमबर्ग सर्वे में 30.95 फीसदी की वृद्धि और अगस्त में 27.4 फीसदी की वृद्धि के औसत अनुमान से काफी ज्यादा है. जानकरों की मानें तो इस महंगाई के आंकड़ें के बाद पाकिस्तान पॉलिसी मेकर्स 30 अक्टूबर को होने वाली मीटिंग में पॉलिसी रेट्स में इजाफा कर सकते हैं. ब्याज दरों के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंचने के बाद जून से लगातार तीन महीने महंगाई में कमी देखने को मिली थी. इस महीने, केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण महंगाई में और इजाफा होगा. अगले साल जून तक लाभ धीमा रहेगा. ब्लूमबर्ग ने बताया कि इस साल, मूल्य वृद्धि का औसत अनुमान 20 फीसदी से 22 फीसदी तक है. पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने ग्लोबल कीमतों में वृद्धि के कारण फ्यूल की लागत बढ़ा दी है और जुलाई में शुरू हुए बेलआउट प्रोग्राम को जारी रखने के लिए आईएमएफ की शर्तों के तहत गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की योजना बनाई है।

फ्यूचर रिटेल ऋणदाताओं ने खारिज किया प्रस्ताव

# एनसीएलटी ने 15 दिनों के लिए बढ़ाई दिवालियापन अवधि

एजेंसी




**नई दिल्ली।** फ्यूचर रिटेल लिमिटेड फिलहाल कॉर्पोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजर रही है। फ्यूचर रिटेल लिमिटेड के ऋणदाताओं ने स्पेस मंत्रा द्वारा प्रस्तुत बोली को खारिज कर दिया। स्पेस मंत्रा लेनदार समिति (सीओसी) की ई-वोटिंग प्रक्रिया में बहुमत हासिल करने में असफल रही। इस साल जुलाई में प्रस्ताव सीओसी के समक्ष पेश किया गया था।एनसीएलटी ने स्पेस मंत्रा के अनुरोध को स्वीकार किया

फ्यूचर रिटेल लिमिटेड एफआरएल ने सोमवार को कहा कि स्पेस मंत्रा द्वारा प्रस्तुत समाधान योजना को सीओसी ने पास नहीं किया है। अब दिवाला और दिवालियापन संहिता 2016 के तहत कार्रवाई की जाएगी। स्पेस मंत्रा ने करीब 550 करोड़ रुपये की पेशकश की थी, जो लिक्विडेशन वैल्यू के काफी करीब था। एफआरएल ने बताया कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने स्पेस मंत्रा के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सीआईआरपी को पूरा करने की समय सीमा 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया।

***पूर्व प्रमोटर ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया***

जानकारी के अनुसार, दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) 330 दिनों के भीतर सीआईआरपी को पूरा करने का आदेश देती है। इसमें मुकदमेबाजी का समय भी शामिल है। फ्यूचर रिटेल के पूर्व प्रमोटर किशोर बियानी ने कंपनी की फोरेंसिक ऑडिट प्रक्रिया के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## धनबाद कोक/ कोयला मंडी

**हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)**

हार्डकोक की कीमत में गिरावट

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 11,000 |
| सेमी | 13,000 |
| लो एश 30% | 15,000 |

**पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| 58-60% FC | 13,000 |
| 65% FC | 15,000 |
| 70% FC | 17,000 |

नोट :*कर अतिरिक्त

**प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1700 |
| रायगढ़ | 1550 |
| हल्दिया | 1200 |
| कोलकाता | 1100 |
| विशाखापतनम | 2000 |
| होसपेट | 3700 |
| नागपुर | 2500 |
| फरीदाबाद | 2000 |
| बटाला | 3300 |
| अहमदाबाद | 3000 |
| पटना | 1500 |
| राजकोट | 3400 |
| रुड़की | 2700 |
| कटक | 1400 |
| दिल्ली | 2500 |
| चेन्नई | 3400 |
| राउरकेला | 1200 |

# ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के सामने खालिस्तानियों ने किया उग्र प्रदर्शन



एजेंसी

**लंदन।** खालिस्तान समर्थकों ने सोमवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ब्रिटिश सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में भारत विरोधी तख्तियां लहराईं और नारे लगाए। उच्चायोग के सामने कुछ खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने ब्रिटिश सुरक्षा बलों की मौजूदगी में यह किया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भारतीय राजनयिक को गुरुद्वारे के अंदर दाखिल होने से रोका गया था।

### तिरंगे का किया अपमान !

खालिस्तानियों ने भारत के तिरंगे पर गोमूत्र फेंक दिया लेकिन इसी समय एक भारतीय युवक ने तिरंगे को उठाया और उसकी लाज बचा ली। लंदन में यह ताजा प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ है जब हाल ही में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भारतीय राजनयिक को गुरुद्वारे के अंदर दाखिल होने से रोका गया था। इस साल मार्च में भी भारतीय दूतावास पर इसी तरह से खालिस्तानियों ने प्रदर्शन किया था।

### ग्लासगो में हुई थी बड़ी घटना

लंदन में उच्चायोग में ब्रिटिश सुरक्षा बलों की भारी उपस्थिति रही है। कुछ दिन पहले ही यूके में भारतीय उच्चायुक्त, विक्रम दोरवाईस्वामी को खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों द्वारा ग्लासगो शहर में एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। इस घटना को भारतीय मिशन ने यूके सरकार को रिपोर्ट करने से पहले 'अपमानजनक' करार दिया था। शनिवार को जारी एक बयान में, लंदन में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि स्कॉटलैंड के बाहर से तीन लोगों ने शुक्रवार शाम को यात्रा को 'जानबूझकर बाधित' किया।

### क्या था इसका मकसद

लंदन में हुआ यह ताजा विरोध प्रदर्शन कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों की तरफ ध्यान आकर्षित करने के मकसद से आयोजित हुआ था। ट्रूडो ने वॉन्टेड खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया है। वाशिंगटन की अपनी हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ट्रूडो के आरोपों को खारिज कर दिया था।

# भारतीय सैनिकों को हटाएंगे मालदीव के नए राष्ट्रपति

## चीन समर्थक ने मो.मुइज्जू जीत के मौके पर दिखाए असली रंग



एजेंसी

**माले ।** चीन के समर्थक मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत के लिए सिरदर्द बनने वाले हैं। यह बात उन्होंने सोमवार को अपने जीत के मौके पर दिए गए भाषण से साफ कर दी। मुइज्जू ने देश से विदेशी सेनाओं को हटाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। ऐसे में आने वाले दिनों में उनका निशाना साफतौर पर भारतीय सेना होने वाली है। मुइज्जू ने इस बात पर जोर दिया है कि देशवासियों की इच्छा के विरुद्ध मालदीव में कोई भी विदेशी सैनिक नहीं रहेगा। उनकी मानें तो कार्यभार के पहले दिन से ही वह विदेशी सैनिकों को हटाने की कोशिशें शुरू कर देंगे।

### ऑफिस संभालते ही शुरू होगी प्रक्रिया

राष्ट्रपति चुनाव में अपनी जीत का ऐलान करने के लिए सोमवार रात मुइज्जू एक सोशल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे। यहां पर बोलते हुए उन्होंने मालदीव की आजादी तय करने की प्रतिज्ञा को दोहराया। उन्होंने कहा कि लोगों ने इसी प्रतिज्ञा की वजह से उन्हें वोट दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये कोशिशें उनके शपथ लेने के तुरंत बाद शुरू हो जाएंगी। इस संबंध में उन्होंने कानून के दायरे में रहकर मालदीव से विदेशी सैनिकों को हटाने के अपने इरादे की पुष्टि की। मुइज्जू ने कहा कि लोगों ने फैसला किया है कि वे विदेशी सैनिकों की उपस्थिति नहीं चाहते हैं।

## नाइजर में मचा तांडव, आतंकियों ने 29 सैनिकों को उतारा मौत के घाट

**नाइजर ।** नाइजर की स्थिति तनावपूर्ण है। यहां पश्चिमी नाइजर में संदिग्ध आतंकवादियों ने जोरदार हमला करके 29 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना के बाद नाइजर में तीन दिन का राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर दिया गया। नाइजर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार सौ से अधिक आतंकवादियों ने ब्लास्ट के उपकरणों और वाहनों के उपयोग से सैनिकों को निशाना बनाया और उन्हें मौत के घाट उतारा। इस आतंकी घटना में 2 सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए। मुठभेड़ के दौरान कई आतंकवादी भी मारे गए। नाइजर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह हमला माली के साथ देश की सीमा के समीप उपस्थित ताबाटोल के पास सैन्य अभियान के दौरान हुआ है। इस बॉर्डर के इलाके में नाइजर सैनिक गश्त लगाते हैं। इसका मकसद बॉर्डर एरिया में इस्लामिक स्टेट की ओर से आने वाले खतरे को नेस्तनाबूत करना है। नाइजर रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'आतंकवादियों के संचार को रोक दिया गया है, जिन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर किया गया था'। रक्षा मंत्रालय मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने बाहरी लोगों से मिले मदद का लाभ उठाया। जिहादी विद्रोह ने एक दशक से अधिक समय से अफ्रीका के साहेल क्षेत्र को प्रभावित किया है, जो 2015 में पड़ोसी नाइजर और बुर्किना फासो में फैलने से पहले 2012 में उत्तरी माली में फैल चुका था। नाइजर, माली और बुर्किना फासो के बीच तीन सीमाएं क्षेत्र नियमित रूप से इस्लामिक स्टेट समूह और अल-कायदा से जुड़े आतंकवादियों के हमलों का क्षेत्र रहा है। हिंसा ने तीनों देशों में सैन्य कब्जे को बढ़ावा दिया है, जिसमें नई घटना नाइजर से जुड़ी है, जब 26 जुलाई को तख्तापलट हुआ है।


## दो महीने में हजारों यूक्रेनी सैनिक कर चुके आत्मसमर्पण

**कीव।** रूस और यूक्रेन की जंग को डेढ़ साल से ज्यादा समय हो चुका है, लेकिन जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अब तो यूक्रेन भी पलटवार करने लगा है। नाटो देशों के संगठन के सहयोग से वह अब क्रेमलिन तक जाकर ड्रोन अटैक कर रहा है। हालांकि जंग की शुरूआत से ही रूस अपने आक्रामक तेवर बरकरार रखे हुए है। यूक्रेन की सेना इसी कारण रूसी आर्मी के सामने हथियार डाल रही है। पिछले दो से ढाई महीने में देखा जाए तो यूक्रेनी सैनिकों के सरेंडर करने की संख्या 10 हजार को पार कर चुकी है। रूसी सेना के अधिकारियों के अनुसार यूक्रेनी सेना से एकसाथ बड़ी संख्या में सैनिक आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

**क्या है सरेंडर करने का कोडवर्ड :** सरेंडर हो रहे कुछ मामलों में तो पूरी की पूरी कंपनी अपने हथियार और गोले-बारूद के साथ रूसी सेना के सामने आत्मसमर्पण कर रही है। इस बात की पुष्टि जपोरिजिया के गवर्नर येवगेनी बालियात्स्कीने भी की है। यूक्रेन की सेना से हो रहे सरेंडर में एक स्पेशल रेडियो फ्रीक्वेंसी का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। रूसी सेना के इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर विशेषज्ञों ने रेडियो फ्रीक्वेंसी 149.200 बनाया है। इस पर किसी भी वॉकी-टॉकी से संपर्क किया जा सकता है। रूसी सेना के सामने जिस भी यूक्रेनी सैनिकों को सरेंडर करना होता है वो अपने वॉकी-टॉकी से इस रेडियो फ्रीक्वेंसी पर कोडवर्ड 'वोल्गा' के साथ संपर्क करते हैं। उन सैनिकों को सेफ रूट दिया जाता है और उन्हें सुरक्षित हथियार डालने का मौका मिलता है।

# अमेरिका में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण 14 को

## देश के बाहर अब होगा आंबेडकर का सबसे ऊंचा स्मारक




एजेंसी

**वाशिंगटन :** भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा अब शान से अमेरिका के लोगों को प्रेरणा देगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के तर्ज पर अमेरिका में स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी का अनावरण होने वाला है, जो भारत के बाहर डॉ. बाबा साहब की सबसे बड़ी प्रतिमा होगी। 14 अक्तूबर को मूर्ति का लोकार्पण किया जाएगा। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रसिद्ध कलाकार और मूर्तिकार राम सुतार ने बाबा साहब की मूर्ति को बनाया है, जिसे स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी नाम से जाना जाएगा। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य के एकोकीक शहर में 13 एकड़ भूमि पर डॉ. आंबेडकर की 19 फीट की मूर्ति स्थापित की जाएगी। आयोजकों को उम्मीद है कि मूर्ति के लोकार्पण के दौरान भारत और अमेरिका सहित दुनिया भर से अंबेडकरवादी लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंचेंगे। स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी बाबा साहब के संदेशों और शिक्षाओं को विश्व भर में प्रदर्शित करने का काम करेगा।

## आर्मेनिया की संसद ने आईसीसी में शामिल होने के लिए किया मतदान

एजेंसी

**येरवान ।** आर्मेनिया की संसद ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) में शामिल होने के लिए मतदान किया है। यह एक ऐसा कदम है जिससे उसके अपने पुराने सहयोगी रूस के साथ संबंध और तनावपूर्ण हो सकते हैं। दरअसल आईसीसी ने यूक्रेन में युद्ध अपराध की कथित घटनाओं के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। हालांकि, आर्मेनियाई अधिकारियों ने तर्क दिया है कि इस कदम का रूस से कोई लेना-देना नहीं है और यह कदम देश के खिलाफ 'अजरबैजान की आक्रामकता' से प्रेरित है। सांसदों ने 60-22 के मतदान से रोम संविधि (नियम या कानून) की पुष्टि करने के लिए मतदान किया। अब आर्मेनिया के राष्ट्रपति को साठ दिनों के भीतर इस फैसले पर हस्ताक्षर करने होंगे। मॉस्को ने पिछले महीने येरवान के आईसीसी में शामिल होने के प्रयास को 'अमैत्रीपूर्ण कदम' कहा था। इसको लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने आर्मेनिया के राजदूत को तलब किया था। जिन देशों ने आईसीसी बनाने वाले रोम संविधि पर हस्ताक्षर किए हैं, वे पुतिन को गिरफ्तार करने के लिए बाध्य हैं, अगर वह उनकी धरती पर पैर रखते हैं।। आईसीसी ने यूक्रेन से बच्चों के निर्वासन से संबंधित युद्ध अपराधों के लिए पुतिन को दोषी ठहराया गया था। हाल के वर्षों में रूस के साथ आर्मेनिया के संबंधों में काफी गिरावट आई है। 2020 में मॉस्को ने एक समझौते की मध्यस्थता की थी, जिसने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच छह सप्ताह के युद्ध को समाप्त कर दिया था। इसके तहत येरवान ने नागोरनो - काराबाख और उसके आसपास के इलाके के बड़े हिस्से को बाकू को सौंप दिया। बाकू आर्मेनियाई आबादी के साथ अजरबैजान का एक हिस्सा है। रूस ने तब अशांत क्षेत्र में लगभग 2,000 शांति सैनिक भेजे थे।

# बैंकॉक के शॉपिंग मॉल में गोलीबारी से तीन लोगों की मौत



एजेंसी

**बैंकॉक।** राजधानी बैंकॉक में मंगलवार को एक बड़े शॉपिंग मॉल में गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने बताया कि शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मध्य बैंकॉक के मॉल के अंदर गोलियां चलने की खबर मिलने के बाद वहां पहुंची। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में बच्चों सहित लोग सियाम पैरागॉन मॉल के दरवाजों से बाहर भागते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, इन वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।स्थानीय प्रसारक 'चैनल-3' ने बताया कि मॉल के एक बाथरूम से अंदर गोलियों जैसी आवाजें सुनाई दीं। थाईलैंड की प्रधानमंत्री सरेथा थाविसिन ने कहा कि वह घटना के विवरण का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में एक 14 वर्षीय संदिग्ध शूटर को गिरफ्तार किया गया है। महानगर पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा, एक 14 वर्षीय संदिग्ध बंदूकधारी को गिरफ्तार किया गया है। सियाम पैरागॉन मॉल में हुई घटना के संबंध में उससे पूछताछ की जा रही है। आपातकालीन सेवाओं ने एक तस्वीर साझा की है।

# ट्रंप की मुश्किलें बढ़ीं, धोखाधड़ी को लेकर कोर्ट में हुए पेश



एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका केपूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में पेश हुए, जहां उन्हों ट्रंप संगठन के माध्यम से की गई कथित धोखाधड़ी के लिए मुकदमे का सामना करना पड़ेगा।समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा लाए गए मामले में ट्रम्प पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। अटॉर्नी जनरल का कहना है कि ट्रम्प, उनके बेटों और उनके पारिवारिक व्यवसाय ने उनकी संपत्ति को दो बिलियन डॉलर से अधिक बढ़ा दिया, ताकि वे बैंकों से अनुकूल शर्तों पर लाभ हासिल कर सकें। जज एंगोरोन ने पिछले हफ्ते फैसला सुनाया कि ट्रम्प और सह-प्रतिवादी सिविल मामले में धोखाधड़ी के लिए उत्तरदायी हैं। सोमवार को अदालत से बाहर निकलते ट्रंप ने कहा, चुनाव को देखते हुए यह उनके खिलाफ साजिश है। यह पूरी तरह से अवैध है। न्यूयॉर्क कोर्ट हाउस में ट्रम्प की आखिरी उपस्थिति अप्रैल में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त धन भुगतान से संबंधित आपराधिक आरोपों पर उनके आरोप के लिए हुई थी। जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप करने के मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और 17 अन्य लोगों के साथ एक जमानतदार को भी शुक्रवार को खराब आचरण के आरोपों का दोषी ठहराया गया।

# न्यूयॉर्क में प्रवासी संकट चरम पर ! होटल हाउसफुल, मेयर ने कहा- अब जगह नहीं



एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में प्रवासियों को लेकर संकट बड़ा हो गया है. कहा जा रहा है न्यूयार्क के ज्यादातर होटल में प्रवासियों के रहने कि सरकारी व्यवस्था से वहां के सभी होटल भर चुके हैं. यहां तक की न्यूयार्क के मेयर भी हाथ खड़ी कर चुकी हैं. वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स की सीईओ एलन मस्क से लेकर बहुत से लोग जो बाइडन सरकार की इस पॉलिसी का विरोध कर रहे हैं। दरअसल न्यूयॉर्क भारी प्रवासी संकट का सामना कर रहा है. दुनिया भर से प्रवासी न्यूयॉर्क शहर पहुंच गए हैं. वहीं शहर का यह कानूनी दायित्व है कि प्रवासियों को जरुरी चीजें मुहैया कराए. लेकिन अब संख्या हद से ज्यादा होने के कारण न्यूयॉर्क शहर की स्थिति और भी खराब हो गई है. बता दें कि बीते पिछले महीने 28 सितंबर को एलन मस्क टेक्सास-मेक्सिको बॉर्डर पर गए थे. यह वो जगह है जहां से वर्तमान में काफी संख्या में प्रवासी आ रहे हैं। बता दें कि अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले न्यूयॉर्क शहर में प्रवासियों के रहने के लिए कोई जगह नहीं है. वहीं अब डेमोक्रेटिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन की आलोचना भी हो रही है. बताया जा रहा है कि न्यूयॉर्क में आवास संकट बढ़ गया है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने प्रवासियों के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव किया है. होचुल ने प्रवासियों को चेतावनी दी कि उन्हें अब न्यूयॉर्क शहर के होटल के कमरों में जगह नहीं मिलेगी. हालांकि दिसंबर 2021 के एक बयान में उन्होंने प्रवासियों की खुली बांहों से स्वागत किया था। **प्रवासियों का विरोध :** प्रवासियों की बढ़ती संख्या से जो संकट न्यूयॉर्क में पैदा हुआ है, उसको लेकर विवाद भी शुरू हो गया है. अगस्त में इसको लेकर प्रदर्शन भी किए गए थे. प्रदर्शनकारी प्रवासियों को आश्रय स्थल में प्रवेश करने से रोकने की हद तक भी गए थे।






वर्ष 5 अंक 296 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक-मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं आवाज प्रकाशन प्रा.लि. गुरु गोविंद सिंह रोड, नगरपालिका मार्केट, नजदीक प्रधान कैफिटेरिया जिला हजारीबाग से प्रकाशित। संपादक- नवीन कुमार सिन्हा*, सम्पादकीय 9570613333 विज्ञापन - 9570613333 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awaz1947@gmail.com RNI No. JHAHIN/2018/76997